www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 9 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 29 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

झारखंड में जिस तरह नोटों का झरना बह रहा है। उसे देखते हुए इस राज्य का नाम भ्रष्टाचारखंड़ रख देना चाहिए। एक सांसद के यहां नोटों का जखीरा बरामद होने की घटना की स्याही अभी सूख भी नहीं पाई थी कि वहां के एक मंत्री के यहां भी पेड़ से पत्तियों की तरह नोट झड़ने की बात सामने आ गई। और तो और मंत्री के पीएस का नौकर भी करोड़ों का आसामी निकला। वहां के मुख्यमंत्री पहले ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। मतलब ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का परनाला बह रहा है। जिसमें सब डुबकी लगा रहे हैं।

मुद्दाविहिन हुई कांग्रेस, संविधान और आरक्षण पर फैला रही भ्रम : साय

■ कांग्रेस नेताओं के चुनावी अभियान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस नेताओं के चुनावी अभियान पर बुधवार को निशाना साधते हुए कहा है कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है।

सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का पूरा चुनाव अभियान 'विकसित भारत' के विजन को लेकर है, वहीं मुद्दा विहीन कांग्रेस विशेष कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, महंत जी जैसे नेताओं ने सिर्फ झूठ और बदजुबानी को ही अपना ध्येय बना लिया है। इन लोगों ने संविधान और आरक्षण पर लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश की, लगातार फर्जी वीडियो वायरल किया, यहां तक कि 'मोदी की

गारंटी' के तहत हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बंद होने की झूठी अफवाहें भी ये फैलाते रहे।

आदिवासियों पर टिप्पणी करने से बाज नहीं आए

साय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के नफरत का यह हाल रहा कि वे आदिवासियों के खान-पान तक का उपहास करने जैसी नस्लीय टिप्पणी तक करने से बाज नहीं आए। संतोष की बात यह है कि जितना ये कीचड़ फैलाते गये, कमल उतना ही खिलता गया। प्रदेश की जनता-जनार्दन हर ऐसे कृत्य का जवाब देती रही।

तीन चरणों के मतदान से तीन बातें स्पष्ट

उन्होंने दावा किया, देश में सात में से तीन चरणों में हुए मतदान से तीन बात पूरी तरह स्पष्ट है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी अंतर से विजयी होंगे। भरोसे के संकट से पहले से ही जूझ रही कांग्रेस की विश्वसनीयता शून्य हो जाएगी। जय लोकतंत्र! अबकी बार 400 पार। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। चुनाव के नतीजे चार जून को जारी होंगे।

हाईस्कूल व हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ मई को अपराह्न 12.30 बजे मण्डल के सभागृह में परिणाम घोषित किये जायेंगे। परीक्षा परिणाम मण्डल की तीनों वेबसाइट पर जारी किया जायेगा।

तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे का मामला लटका

शिमला, (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे का मामला लटक गया है। प्रदेश उच्च न्यायालय इस मामले में अपना अंतिम फैसला नहीं सुना पाया है। न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ की इस मामले पर अलग-अलग राय है, जिसके बाद मामले को तीसरे जज को सौंपने की सिफारिश की गई है। अब न्यायालय का तीसरा जज मामले की सुनवाई कर अंतिम फैसला सुनाएगा। उच्च न्यायालय ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए बीते 30 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया। तभी से निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे पर न्यायालय के फैसले का इंतजार किया जा रहा था।

तेलंगाना की रैली में पीएम मोदी का राहुल गांधी पर हमला

अंबानी-अदाणी से कितना माल उठाया कि उनके खिलाफ बोलना बंद कर दिया

करीमनगर (ए.)। पीएम मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा,÷आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले 5 साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू कर देते हैं, जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडेड हो गया तब से उन्होंने एक नई माला जपनी शुरू की। 5 साल से एक ही माला जपते थे, पांच उद्योगपति। फिर धीरे-धीरे कहने लगे अंबानी, अदाणी। लेकिन जब से

चुनाव घोषित हुआ, इन्होंने अंबानी-अदाणी को गाली देना बंद कर दिया।

अदाणी से कितना माल उठाया: मैं आज तेलंगाना की धरती से पूछना चाहता हूं कि जरा ये शहजादे ये बताने की कोशिश करें कि इस चुनाव में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गठबंधन का तीसरा फ्यूज़ उड़ गया

इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा, कल देश में तीसरे चरण का चुनाव पूरा हो गया है। तीसरे फेज़ में कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज़ उड़ गया है। अभी 4 चरण का चुनाव बाकी है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा और एनडीए तेजी से विजय रथ को आगे ले जा रही है। यहां आपने भाजपा सांसद की जीत पहले ही सुनिश्चित कर दी है। कांग्रेस की हार यहां इतनी पक्की है कि बहुत मुश्किल से वो किसी को चुनाव लड़ने के लिए मना पाई, बीआरएस का यहां कोई अता-पता ही नहीं है। मैंने बहुत साल तक गुजरात में काम किया।

कांग्रेस ही देश की सबसे बड़ी समस्या

सारे चुनाव मैं वहां जीत जाता था, लेकिन गुजरात में भी अगर मोदी को सुबह 10 बजे बड़ी रैली करनी है तो मैं कभी नहीं कर पाता था और इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति हमारे प्रति आपके प्यार और समर्थन का प्रमाण है। तेलंगाना और हमारा पूरा देश संभावनाओं से भरा हुआ है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, कृषि और कपड़ा क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कसा तंज

तीन चरण की हार से बौखलाए मोदी दे रहे हैं उल्टे-सीधे बयान: कांग्रेस

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अडानी अंबानी का नाम लेना बंद करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोप को गलत बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि श्री गांधी लगातार इन उद्योगपतियों का नाम ले रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री तीन चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखकर बौखला गए हैं इसलिए उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने तंज करते हुए कहा वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा।

तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल ने लिए 103 बार अडानी का नाम: पवन खेड़ा

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा तीन चरणों के चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी इतने बौखला गए कि अडानी-अंबानी के खिलाफबोलने लगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी जी अडानी-अंबानी का नाम नहीं लेते। सच्चाई ये है कि अप्रैल से अब तक राहुल गांधी जी 103 बार अडानी और 30 बार अंबानी का नाम ले चुके हैं।

मोदी सरकार ने दी सिर्फ महंगाई और बेरोजगारी: प्रियंका

रायबरेली, (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल में देश को महंगाई और बेरोजगारी के सिवा कुछ और नहीं दिया। अपने भाई और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के पक्ष में बुधवार को जनसंपर्क करने यहां पहुंची वाड्रा ने बछरांवा और थुलवासा में जनसभा की।

डीएसपी के गनर ने खुद को गोली मारी

मुरैना, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुरैना में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के गनर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गनर विक्रम परमार का शव पुलिस ने आज उनके सिविल लाइंस पुलिस थाना स्थित सरकारी आवास से बरामद किया है। पुलिस के अनुसार घटना कल देर रात की बताई गई हैं। मृतक बिक्रम परमार काफी दिनों से तनाव में थे। उनका परिवार ग्वालियर के विजयनगर गदाई पूरा में रहता है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच रक्षा सहयोग पर हुई बातचीत

नई दिल्ली। भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी ने सुरक्षा और रक्षा पर यूरोपीय बाहरी कार्रवाई सेवा के सुरक्षा और रक्षा नीति निदेशक जोआनके बालफोर्ट के साथ यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक सुरक्षा और रक्षा सहयोग के रास्ते पर चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच यूरोप में अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान यूक्रेन के खिलाफ रूस द्वारा किए जा रहे युद्ध के साथ दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व के हालातों पर चर्चा की।

रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा : रक्षा अधिकारियों के अनुसार, दोनों ने इंडो-पैसिफिक में अधिक सहयोग, भारत-ईयू के बीच बेहतर तालमेल के रास्ते और रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा की। यूरोपीय संघ ने यूरोपीय रक्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रत्याशियों का भविष्य स्ट्रांग रूम में सील



लोकसभा निर्वाचन 2024 सात मई को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक होने के बाद ईव्हीएम एवं व्हीव्ही-पैट मतगणना दिवस तक स्ट्रांग रूम में सील हो गई है। जहां केन्द्रीय सशस्त्र बलों की चौबीसों घंटे निगरानी रहेगी। यह तस्वीर लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 07 में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में बने स्ट्रांग रूम की है।

छत्तीसगढ़ के तीसरे चरण में 71.98 प्रतिशत वोटिंग

■ सबसे अधिक सरगुजा में 79.89 व सबसे कम बिलासपुर में 64.77%

रायपुर, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 71.98 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य चुनाव कार्यालय के मुताबिक राज्य में तीसरे और अंतिम चरण में सात लोकसभा सीटों रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग, जांजगीर-चांपा और सरगुजा के लिए मतदान हुआ।

सबसे ज्यादा सरगुजा संसदीय क्षेत्र में 79.89 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि सबसे कम बिलासपुर में 64.77 फीसदी मतदान हुआ। वहीं रायगढ़ में 78.85 प्रतिशत, जांजगीर में 67.56 प्रतिशत, दुर्ग में 73.68 फीसदी, कोरबा में 75.63 प्रतिशत और रायपुर में 66.82 फीसदी मतदान हुआ। इसके साथ ही राज्य के सभी 11 संसदीय सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनाव परिणाम चार जून को घोषित किया जाएगा।

पीसी नाम	मतदान %
सरगुज	79.89%
रायगढ़	78.85%
जांजगीर-चांपा	67.5%6
कोरबा	75.63%
बिलासपुर	64.77%
दुर्ग	73.68%
रायपुर	66.82%

एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन मंगाई वापस

टीके की सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल

लंदन(ए)। दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध

एक रिपोर्ट के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन 16 मई तक रहेंगे जेल में

भिलाई/नवप्रदेश। शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को 16 मई तक जेल भेजा गया है। पप्पू ढिल्लन और विजय भाटिया के घर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीमों ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह 4-5 गाड़ियों में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीमें घर की तलाशी लेने पहुंची थी। चर्चित शराब घोटाला मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह उर्फ पप्पू ढिल्लन के घर पर ईओडब्ल्यू की छापे की कार्यवाही जारी है। ईओडब्ल्यू के एक दर्जन से अधिक अधिकारी त्रिलोक सिंह पप्पू ढिल्लन के निवास नेहरू नगर में पहुंचे और कस्टडी में लेकर उनके घर पर आए हुए हैं। पिछले दिनों ईओडब्ल्यू ने जब घर पर छापा मारा था।

एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीमें घर की तलाशी लेने पहुंची

सैम पित्रोदा के बयान से चढ़ा सियासी पारा, इस्तीफा भी

■ पार्टियों ने कहा विदेशी मूल का कांग्रेस नेतृत्व, भारतीयों को विदेशी मूल का साबित करना चाहता है

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा द्वारा भारत के लोगों पर नस्लीय टिप्पणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिर जाने को देश की विविधता एवं एकता के लिए खतरा बताये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया जताई और कहा कि कांग्रेस जब से विदेशी मूल के नेतृत्व के हाथों गयी है, तब से वह भारत की हर बात विदेशी मूल की साबित करने में लगी है। इस बयान के बाद सेम पित्रोदा ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उस्ताद सैम पर कांग्रेस करती है भरोसा

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी के उस्ताद सैम पित्रोदा ने भारत को लेकर कांग्रेस के उस विचार पर रोशनी डाली है, जिस पर श्रीमती सोनिया गांधी और शागिर्द राहुल गांधी जैसे कांग्रेस के बड़े नेता भरोसा करते हैं। उनके बयान को कांग्रेस का बयान माना जा रहा है क्योंकि गांधी परिवार ने अभी तक उसका खंडन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने भारत की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता पर अपने सहयोगी संगठन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा की आपत्तिजनक टिप्पणी से स्वयं को अलग कर लिया है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि कांग्रेस स्वयं को श्री पित्रोदा की टिप्पणी से अलग करती है। उन्होंने कहा, सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

गरमा-गरम

नाराजगी... 'बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे नहीं बैठ सकते' जरूरी कदम उठाने आदेश दे सरकार

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली/ देहरादून। उत्तराखंड के जंगलों में आग को रोकने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते। सरकार को कारगर रूप से कुछ करना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इन पर शीघ्र लगाम लगाने के लिए सरकार को आदेश देने की गुहार लगाई।

वकील ने कहा कि दो साल पहले भी एनजीटी में याचिका लगाई थी। अब तक सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मुझे यहां आना पड़ा। ये मामला अखिल भारतीय है। उत्तराखंड इससे अधिक पीड़ित है। सरकार की ओर से दावाग्नि की घटनाओं और उसे काबू करने के उपायों की तफसील बताई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छह महीने में खाक हुआ 1,145 हेक्टेयर जंगल

उत्तराखंड में नवंबर से लेकर अब तक 9 सौ से ज्यादा आग लगने की घटनाएं हो चुकीं। इस बार मामला ज्यादा गंभीर है क्योंकि पिछले साल से लगी आग बुझने का नाम ही नहीं ले रही। आंकड़ों के अनुसार पिछले छह महीनों में वाइल्डफायर की वजह से 1,145 हेक्टेयर जंगल खाक हो चुका। आग अब शहर पर भी असर डाल रही है। धुएं से दिखाई देना कम हो चुका। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पेड़ों की बलि के पक्ष में नहीं हाईकोर्ट, सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल, (वार्ता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश शिफ्ट करने की मंशा जाहिर की है। इसके लिये सरकार को 21 मई तक अपना मंतव्य देने को कहा है। उच्च न्यायालय के इस फैसले का हाईकोर्ट बार ने विरोध शुरू कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में बुधवार को ऋषिकेश स्थित इंडियन ड्रग्स एंड फार्स्मास्यूटिकल लिमिटेड (आईडीपीएल) मामले में सुनवाई हुई।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु वीडियो

कन्फ्रेंसिंग से अदालत में पेश हुए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि सरकार की ओर से नैनीताल जिले के गौलापार में हाईकोर्ट शिफ्ट करने के लिये 20 हेक्टेअर भूमि उपलब्ध करायी गयी है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीसरे फेज में वोटिंग बढ़ने से गदगद भाजपा, पीएम और तेज करेंगे प्रचार

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव में पहले दो चरणों के मुकाबले तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ने से आने वाले चरणों के लिए ज्यादा मतदान की उम्मीदें बंधी हैं। भाजपा ने भी इस चरण के मतदान को अपने लिए बेहतर माना है और अगले दो दिन में वह अपनी बूथ स्तरीय रिपोर्ट की भी समीक्षा कर लेगी। इसके बाद आने वाले बाकी चार चरणों की रणनीति पर काम किया जाएगा। हालांकि भाजपा नेताओं का दावा है कि अभी तक उसकी रणनीति के अनुसार ही चुनाव आगे बढ़ रहा है।

आपको बता दें कि 93 लोकसभा सीटों के लिए तीसरे चरण के लिए हुई वोटिंग में मतदान 64.5त्न तक पहुंच गया। 2019 में यह 66त्न था। पहले दो चरणों की तरह, तीसरे दौर में भी 2019 की तुलना में कम मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया, लेकिन अंतर काफी कम हो गया है। चुनाव आयोग के वोटर ऐप पर रात 11.45 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस चरण में असम में 81.7त्न के साथ सबसे अधिक मतदान हुआ। सबसे कम उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान हुआ, जहां 2019 में 60त्न के मुकाबले 57.3त्न मतदान हुआ। बिहार में 58.2त्न और गुजरात में 59.2त्न वोटिंग हुई है।

भाजपा इस बार लगातार तीसरी बार सत्ता की दावेदार ही नहीं है, बल्कि उसका लक्ष्य भी बड़ा है। ऐसे में मतदान का प्रतिशत और हर बूथ पर उसके अपने समर्थन में पड़ने वाले और विरोध में जाने वाले वोट काफी अहम है। पार्टी के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि अभी तक सब कुछ रणनीति के मुताबिक ही हो रहा है। पहले दो चरणों में कम मतदान से भी पार्टी को कोई नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि उसका प्रदर्शन पहले से बेहतर होगा। तीसरे चरण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने समर्थकों को मतदान केंद्रों तक लाने में और ज्यादा मेहनत की है।



आगे और सघन होगा भाजपा का चुनाव अभियान

अब जबकि आधी से ज्यादा सीटों के लिए मतदान हो चुका है और भाजपा के कई बड़े नेताओं के चुनाव भी हो चुके हैं, ऐसे में उसका आगामी चुनाव अभियान और सघन होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता शहरी क्षेत्रों में ज्यादा रोड शो करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभाओं के जरिए जनता तक पहुंच को व्यापक करेंगे। रैलियां बढ़ेंगी और जनसंपर्क भी तेज होगा।

पिछले चुनाव की तुलना में दो गुनी सभा करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट वाराणसी में सबसे आखिरी चरण में मतदान होना है। ऐसे में मोदी भी नामांकन के अलावा कुछ दिन अपने क्षेत्र में रहेंगे। लेकिन तब तक वह देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपना अधिकांश चुनाव अभियान पूरा कर चुके होंगे। इस बार प्रधानमंत्री की पिछले चुनाव की तुलना में दो गुनी सभाएं होने की संभावना है। पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी धुआंधार प्रचार करेंगे।

कांग्रेस ने बदला प्लान, खड़गे प्रियंका संभालेंगे प्रचार की कमान

राहुल रायबरेली में देंगे ध्यान

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में पिछले दो चरणों में शेष 24 सीटों में से कांग्रेस केवल छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए राहुल गांधी के महाराष्ट्र में प्रचार करने की संभावना नहीं के बरारबर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए रैलियां करेंगी। 13 मई को होने वाले चौथे चरण में कांग्रेस पुणे, जालना और नंदुरबार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राहुल गांधी पहले ही पुणे में एक रैली कर चुके हैं। प्रियंका गांधी 10 मई को नंदुरबार में प्रचार करेंगी।

पांचवें चरण में पार्टी उत्तर महाराष्ट्र की धुले और मुंबई की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यहां प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे 15 मई को एक 0रैली कर सकते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, ÷राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां 20 मई को चुनाव होगा। वह वहां और देश के अन्य हिस्सों में भी प्रचार करेंगे। हमारे यहां कई नेता प्रचार कर रहे हैं, जिनमें खरगे और प्रियंका भी शामिल हैं।''

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई को नासिक, भिवंडी और मुंबई में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। 17 मई को वह मुंबई में एक रोड शो भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के भी 12 मई को एक रैली करने की संभावना है।

महाराष्ट्र में लगातार दौरे को लेकर पीएम पर निशाना साधते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, ÷हम नरेंद्र मोदी का दक्षिण मुंबई के पेडर रोड पर और अमित शाह का बोरीवली में डेरा जमाने के लिए स्वागत करते हैं। वे दोनों जितनी बार महाराष्ट्र आ रहे हैं, उन्हें अब यहीं घर मिल जाना चाहिए।'

अमेठी और रायबरेली के हर गांव तक सीधी पहुंच में जुटीं प्रियंका गांधी

अमेठी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी हैं। रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के हर गांव तक पहुंचने की कोशिश है। इसके लिए सोमवार को आठ ब्लॉक के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उनसे चुनावी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्हें पूरे मनोयोग से चुनावी मैदान में डटे रहने का मंत्र दिया। रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट के चुनावी प्रबंधन को संभाल रहीं प्रियंका गांधी भुएमऊ गेस्ट हाउस में डेरा डाले हुई हैं। लोकसभा क्षेत्र के हर गांव तक सीधी पहुंच के लिए दिनभर व्यस्त रहीं। शाम के समय राही, अमावां, हरचंदपुर, जगतपुर, ऊंचाहार, खीरों, सतावं समेत आठ ब्लॉक के कार्यकर्ताओं को गेस्ट हाउस बुलाया गया। हर ब्लॉक के 50 लोग पहुंचे और उनसे सीधे संवाद किया। हर गांव के व्यक्ति से सीधा संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा है। प्रियंका ने कार्यकर्ताओं से चुनावी जानकारी ली। उनके क्षेत्र में संगठन किस तरह से काम कर रहा है, यह भी जाना।

राउत ने कहा, कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितनी बार यहां आते हैं और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। उद्धव ठाकरे और विपक्षी एमवीए हमारे सभी उम्मीदवारों को इस चुनाव में जीत दिलाने के लिए पर्याप्त हैं।

भाजपा का तेलंगाना विधान परिषद का उम्मीदवार

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना विधानपरिषद के उप चुनाव में वारंगल -खम्मम -नालगोंडा स्नातक सीट पर श्री गुज्जुला प्रेमेंदर रेड्डी को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी की आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

हरदोई में जनसभा करेंगी मायावती

हरदोई। पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती बुधवार को हरदोई में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। यह जानकारी पार्टी कार्यालय द्वारा दी गई है।

मायावती माधोगंज टाउन स्थित नरपति सिंह इंटर कॉलेज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा यूपी में अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। उसने इस बार किसी भी दल से समझौता नहीं किया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने हरदोई लोकसभा सीट से भीमराव अम्बेडकर को चुनावी मैदान में उतारा है। बता दें कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर बसपा अकेले ही चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद ताबड़तोड़ रैलियां भी कर रहे हैं। बसपा ने यूपी की अधिकतर सीटों पर अपने प्रत्याशी भी मैदान में उतार दिए हैं। बसपा ने अपने पिछले चुनाव में जीते प्रत्याशियों में से किसी एक प्रत्याशी को भी टिकट नहीं दिया है। बसपा ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बसपा ने पिछला चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था, हालांकि अब पार्टी अकेले ही चुनावी मैदान में है।

गुजरात में भरूच के 3 गांवों ने नहीं डाला वोट

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात के 3 गांवों के करीब एक हजार मतदाताओं ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया। यही नहीं कई अन्य गांवों के लोग सरकार से अपनी अधूरी मांगों के कारण मतदान से आंशिक रूप से दूर रहे। गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भरूच जिले के केसर गांव, सूरत जिले के सनधारा और बनासकांठा जिले के भाखरी गांव के मतदाताओं ने वोटिंग का पूरी तरह बहिष्कार किया। वहीं जूनागढ़ जिले के भटगाम गांव और महिसागर जिले के बोडोली और कुंजारा गांवों के वोटर ने इसका आंशिक रूप से बहिष्कार किया।

सनधारा गांव बारडोली लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है और यहां 320 मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 320 मतदाताओं में से किसी ने भी कुछ लंबित मुद्दों पर अपना वोट नहीं डाला, जबकि स्थानीय चुनाव प्रशासन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बाहर आने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मनाने की कोशिश की।

पाटन संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भाखरी गांव के लगभग 300 मतदाताओं ने भी अपनी ग्राम पंचायत के विभाजन के विरोध में सामूहिक रूप से मतदान का बहिष्कार करने का फैसला किया। समझाने के बावजूद वे अपने मताधिकार का प्रयोग न करने के अपने फैसले पर कायम रहे। भाजपा के उम्मीदवार भरतसिंह डाभी भी गांव में पहुंचे और उनसे मतदान प्रक्रिया में शामिल होने का अनुरोध किया, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।

बड़ा हिंट : कांग्रेस में पार्टी का विलय कर सकते हैं शरद पवार

मुंबई (ए.)। शरद पवार ने लोकसभा चुनाव 2024 के बाद की राजनीतिक तस्वीर को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के बाद कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के करीब आएंगे। इसके अलावा कुछ दल तो कांग्रेस में विलय भी कर सकते हैं। विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं में से एक शरद पवार ने कहा कि अगले कुछ सालों में कई दल कांग्रेस के करीब आएंगे। यही नहीं इनमें से कुछ तो कांग्रेस में विलय के विकल्प पर भी विचार कर सकते हैं। यदि उन्हें लगा कि उनके दल के लिए यह बेहतर होगा। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में शरद पवार ने इसके साथ ही एक हिंट भी दे दिया। उनसे जब पूछा गया कि क्या यह बात उनकी अपनी पार्टी एनसीपी-शरद चंद्र पवार पर भी लागू होती है। इस पर पवार ने कहा, 'मैं कांग्रेस और अपनी पार्टी में कोई अंतर नहीं देखता। वैचारिक रूप से हम गांधी और नेहरू की लाइन को ही मानते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अभी से कुछ नहीं कह रहा हूं। बिना अपने साथियों से बात के कुछ नहीं कहना चाहिए। वैचारिक रूप से हम कांग्रेस के करीब हैं। आगे की रणनीति या कदम पर कोई भी फैसला सामूहिक रूप से ही होगा।

यूपी और महाराष्ट्र में भाजपा को बड़े नुकसान की भविष्यवाणी

इस दौरान शरद पवार ने एक बड़ी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र और यूपी जैसे राज्यों में सत्ता पक्ष के खिलाफ अंडरकरंट है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे दल हैं, जो नरेंद्र मोदी को पसंद नहीं करते हैं। ये लोग साथ आ सकते हैं। पवार ने कहा कि देश का मूड अब मोदी के खिलाफ हो रहा है। यह चुनाव 2014 और 2019 से अलग है। अब एक बड़ी आबादी उन लोगों की है, जो पहली बार वोट देने जा रहे हैं। ये लोग सरकार को कम पसंद कर रहे हैं। इसकी वजह रोजगार भी है। उन्होंने 1977 का उदाहरण देते हुए कहा कि तब मोरारजी देसाई की लोकप्रियता आज के राहुल गांधी जितनी तो नहीं थी, लेकिन सरकार बदल गई थी।

हरियाणा में भाजपा सरकार के आगे खतरा!

■ **दुष्यंत का विपक्ष को समर्थन, फ्लोर टेस्ट की मांग**

चंडीगढ़ (ए.)। हरियाणा में भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया है। इन विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन दे दिया है। विधायक सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलेन और धर्मपाल गोंदर ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान भी मौजूद थे। इन लोगों के समर्थन वापस लेने के बाद से ही विपक्ष उत्साहित है और फ्लोर टेस्ट की मांग कर रहा है। इसकी वजह यह है कि 90 सदस्यों वाली हरियाणा विधानसभा में भाजपा के पास 40 ही विधायक हैं। नायब सिंह सैनी सरकार को दो निर्दलीय विधायकों नयनपाल रावत और राकेश दौलताबाद का समर्थन हासिल है। इसके अलावा गोपाल कांडा भी भाजपा के साथ हैं। राज्य के दो विधायक इस्तीफा दे चुके हैं। इससे सदन की संख्या 88 ही है और बहुमत साबित करने के लिए 45 के समर्थन की जरूरत है।

आशुतोष ने पर्चा भरा अरुण कुमार भी लाइन में

■ **जहानाबाद में जेडीयू का खेल बिगाड़ेंगे भूमिहार नेता?**

जहानाबाद (ए)। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो गई है। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन के पहले दिन राष्ट्रीय जन- जन पार्टी के आशुतोष कुमार सहित पांच प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। जिला निर्वाची पदाधिकारी के मुताबिक आशुतोष कुमार के अलावा मिंता देवी, संजय यादव, उमाशंकर वर्मा एवं मंजय कुमार ने का पर्चा दाखिल किया।

जहानाबाद की सीट की चर्चा इस लिए भी तेज हो गई है। क्योंकि इस एक सीट पर भूमिहार जाति के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। वैसे बिहार में ज्यादातर सीटों पर एनडीए बनाम महागठबंधन की लड़ाई है। लेकिन जहानाबाद की सीट पर मुकाबला चौतरफा है। आशुतोष कुमाार के चुनावी मैदान में आने से लड़ाई और दिलचस्प हो गई है।

चौथे चरण की सभी पांच सीट पर राजग का कब्जा

■ **तीन सीट पर इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी देंगे चुनौती**

पटना, (वार्ता)। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण की सभी पांच सीट मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु), दरभंगा और उजियारपुर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का कब्जा है वहीं तीन सीट मुंगेर, बेगूसराय और दरंभगा सीट पर इंडिया गठबंधन के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राजग के सांसदों को चुनौती देंगे।

बिहार लोकसभा चुनाव में चौथे चरण का मतदान 13 मई को मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु), दरभंगा और उजियारपुर में होने जा रहा है। इनमें से मुंगेर, बेगूसराय, और दरभंगा सीट पर इंडिया गठबंधन के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राजग के सांसदों को चुनौती देंगे। चौथे चरण में पांच दिग्गज राजनेताओं की साख भी दाव पर है। इसमें बेगूसराय से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उजियारपुर से केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, मुंगेर से जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, दरभंगा से पूर्व मंत्री ललित यादव एवं उजियारपुर से पूर्व सांसद आलोक मेहता की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

संविधान के रक्षकों और भक्षकों का युद्ध है लोकसभा चुनाव : अखिलेश

■ **चुनावी जनसभा में सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव गरजे**

शाहजहांपुर, (वार्ता)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव संविधान मंथन का चुनाव है जिसमें एक तरफ संविधान की रक्षक इंडिया समूह है तो दूसरी ओर संविधान के भक्षक की भूमिका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग हैं। यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा ÷ जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं हम उन्हें बदल देंगे एक तरफ संविधान के रक्षक हैं तो दूसरी तरफ संविधान के भक्षक , आप सभी लोगों को संविधान बचाना है।

उन्होने दावा किया कि तीन चरण मे समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता ने समर्थन देकर सबसे ज्यादा सीटों पर जीतने का फरमान सुना दी है। पहले चरण से जो हवा चली थी, उसने भारतीय जनता पार्टी को पलट दिया और जो झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर करके उनका सफाया करने का काम किया।

हिसाब-किताब करने का समयः सपा मुखिया ने कहा ÷अभी यहां पर कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री भी आकर जा चुके हैं। लखनऊ वाले और दिल्ली वालों ने मिलकर के जो झूठी बातें की हैं, जो झूठे आपके वादे किए हैं उनका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है और पिछले 10 साल का हिसाब किताब निकाले भारतीय जनता पार्टी के लोगों की हर बात झूठी निकलेगी।

हम किसानों को भरोसा दिला रहे हैं

यादव ने कहा कि जो लोग विश्व गुरु बनना चाहते हैं हम उन्हें कहना चाहते हैं कि जब तक हमारे किसानों की आय नहीं बढ़ेगी एमएसपी नहीं लगेगी तब तक ना हमारा किसान खुशहाल हो पाएगा, ना हमारा देश विकसित बन पाएगा। इसलिए हम अपने किसानों को भरोसा दिला कर जा रहे हैं समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ने तय किया है आने वाले समय में सरकार बनेगी और अपने किसानों को लागत की अच्छी कीमत भी देंगे उनकी आय बढ़ेगी और कानूनी अधिकार एसपी का देकर के उनके घर परिवार में खुशहाली लाने का काम करेंगे।

रोजगार है ना नौकरी

यादव ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने नौजवानों का भी भविष्य छीन लिया यहां नौजवान हमें दिखाई दे रहे हैं यह तमाम वह नौजवान हैं जो निराश हो गए सरकार से जब नौकरी के लिए इन्होंने परीक्षा का फॉर्म भरा, परीक्षा देने गए तो इनका पेपर लिख कर दिया सरकार ने उनके हाथ में ना रोजगार है ना नौकरी है और यह देश की पहली सरकार है न जाने कहां से लीक हो रहे पेपर लीकेज नहीं रोक पा रहे हैं ।

नीट परीक्षा में लापरवाही मामले को 2 दिन बीते.. नहीं हुई अब तक दोषियों पर कार्रवाई

■ **पीड़ित परीक्षार्थियों के हित में व्यापारी संघ अध्यक्ष राजू पटेल ने की पीएमओ कार्यालय सहित दिल्ली तक की शिकायत**

बालोद/नवप्रदेश। रविवार को बालोद के दो परीक्षा केंद्र आदर्श बालक और कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में हुए नीट एग्जाम की परीक्षा में घोर लापरवाही के मामले में अब तक शासन प्रशासन की ओर से कोई अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। दोषियों पर किसी तरह की कार्यवाही ना होते देख और परीक्षार्थियों के साथ हो रहे अहित को देखते हुए बालोद नगर के समाजसेवी और व्यापारी संघ के अध्यक्ष पार्षद राजू पटेल ने मामले की शिकायत अब दिल्ली तक कर दी है। उन्होंने राघव पटेल के जरिए मेल के माध्यम से पहले तो एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मेल करवा कर मामले की शिकायत की है और इसमें उच्च स्तर पर हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की गई है। सकारात्मक परिणाम न आने की स्थिति में पार्षद राजू पटेल ने कोर्ट जाने की बात भी कही है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इतनी बड़ी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में जिससे पूरे साल भर की मेहनत बर्बाद हो गई है। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण लिए जाने के बावजूद आखिर क्यों इस तरह की लापरवाही परीक्षा संचालकों द्वारा की गई यह चिंता का विषय है। दोषी तो अपना जवाब देकर निकल जाएंगे लेकिन साल भर की पढ़ाई का नुकसान जो परीक्षार्थियों का हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा? हमें यह भी ज्ञात हुआ है कि इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में बोनस अंक भी नहीं दिया जाता।

इधर कांग्रेसियों ने दी है चक्का जाम की चेतावनी

बता दे की युवा कांग्रेस के द्वारा मामलों को लेकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी गई है। उनके द्वारा दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम भी खत्म हो चुका है। जिस पर प्रशासन द्वारा युवा कांग्रेस को समझाइश देकर एक दिन का और समय मांगा गया है। कार्रवाई न होने की स्थिति उन्हें चक्का जाम की अनुमति दी जाएगी। तो दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी इस मुद्दे को लेकर मैदान में उतर आई है। और मामले में ठोस कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि छात्रों का कोई नुकसान ना हो।

परीक्षार्थियों के बीच कर दी गई भ्रम की स्थिति पैदा

इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने वाले समाजसेवी पार्षद राजू पटेल का कहना है कि जब परीक्षा हो रही थी उसी समय ही इस त्रुटि का पता चल गया था लेकिन मामले में जिम्मेदार लोगों ने इसकी रिपोर्ट ऊपर तक देने के बजाय अपने तक की सीमित रखा और लापरवाही को जारी रखा गया। परीक्षार्थी परीक्षा दिला ही रहे थे कि उन्हें अचानक दूसरा प्रश्न पेपर दे दिया गया और पहले जो प्रश्न पत्र दिया गया था उसे वापस ले लिया गया। दो-दो बैंक से प्रश्न पेपर एक साथ मंगा लिया गया और दोनों को हल करने के लिए बांट दिया गया । जबकि इस तरह की परीक्षा में पहले से जो परीक्षा दिला चुके परीक्षार्थी जो वहां बैठे थे उन्होंने इस बात का विरोध भी किया कि आखिर दो प्रश्न पेपर क्यों दिए जा रहे हैं तो संतोषजनक जवाब जिम्मेदार द्वारा नहीं दिया गया । ना कोई अतिरिक्त समय मिला। अगर वहीं पर ही इस त्रुटि को सुधार दिया जाता और तत्काल उच्च स्तर टीम को इसकी रिपोर्ट देकर मार्गदर्शन ले लिया जाता तो यह समस्या आगे नहीं बढ़ती। पूरी परीक्षा समाप्ति होने के बाद छात्रों का आक्रोश भड़क उठा। पालक भी नाराज हो गए हंगामा हुआ तब जाकर मामले का पर्दाफाश हुआ और अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परीक्षार्थियों के साथ बालोद के दोनों परीक्षा केंद्र बालक आदर्श स्कूल और कन्या आदर्श स्कूल में लापरवाही हुई है। इस मामले में हम चुप नहीं बैठेंगे। दिल्ली तक मामले की शिकायत हो चुकी है। अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने की दशा में आगे भी आंदोलन जारी रहेगा और न्याय की उम्मीद के साथ परीक्षार्थियों के साथ मिलकर मामले को कोर्ट तक भी ले जाएंगे।

इस तरह हुई है मेल पर मामले की शिकायत

एन टी ए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री को मेल के माध्यम से शिकायत हुई है। जिसमें राघव पटेल द्वारा कहा गया है कि सरकार में आयोजित ह्श्वश्वञ्ज त 2024 परीक्षाओं के संबंध में तत्काल चिंता के एक मामले को औपचारिक रूप से संबोधित करने के लिए लिख रहा हूं। आदर्श हायर सेकेंडरी. स्कूल, बालोद (परीक्षा केंद्र क्रमांक 170501) में परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कदाचार और अनियमितता बरती गई है। जिससे परीक्षार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परीक्षा दोपहर 2:00 बजे शुरू होने का निर्धारित समय था। हालाँकि, अलग-अलग ओएमआर शीट के साथ प्रश्न पत्रों के दो अलग-अलग सेटों के अप्रत्याशित वितरण के कारण कार्यवाही में काफी देरी हुई। इस शुरुआती भ्रम से परीक्षार्थियों में घबराहट और परेशानी की स्थिति पैदा हो गई, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा हॉल के भीतर अत्यधिक अशांति का माहौल बन गया। अफसोस की बात है कि, लगभग 3:00 बजे तक - निर्धारित परीक्षा अवधि में लगभग एक घंटा - तक व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी।

क्या था पूरा मामला

एनटीए नीट 2024 परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में आयोजित किया गया था। जिसमें प्रश्न पत्र वितरण के 1 घंटे बाद पुनः दूसरा प्रश्न पत्र वितरण किया गया। उक्त परीक्षा में प्रारंभ से लेकर अंत तक अनेकों त्रुटियां थीं। परीक्षा समय अवधि समाप्ति पश्चात परीक्षार्थी और पालकों के द्वारा विरोध करने पर संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया। इसमें सभी घटनाक्रम का उल्लेख है। इस घटना से समस्त विद्यार्थी और पालक मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। परीक्षार्थियों ने बताया कि उक्त परीक्षा 2 से 5:20 बजे तक आयोजित थी। परीक्षार्थी को पहला पेपर 1:55 बजे बांटी गई। प्रश्न पेपर सॉल्व करने के दौरान पर्यवेक्षक द्वारा 40 से 50 मिनट के बाद बताया गया कि पहला पेपर जिसे सॉल्व कर रहे थे उन्हें न बनाकर दूसरा पेपर दिया गया। उसे सॉल्व करने के लिए बोला गया और पहला पेपर को वापस ले लिया गया। एक्स्ट्रा समय दिए जाने की बात कही गई लेकिन बाद में समय नहीं दिया गया। परीक्षा सत्र में अंतिम समय में पेपर जमा करने हेतु दुर्व्यवहार किया गया। परिक्षार्थियों द्वारा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा बोनस अथवा पुनः परीक्षा की मांग की जा रही है।

नक्सल मूमेंट को पीछे धकेलने कबीरधाम जिले में स्थापित हुए 4 नए फारवर्ड कैम्प

■ **नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में अग्रसर छत्तीसगढ़ सरकार–विजय शर्मा**

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ कश्मीर की तर्ज पर टारगेट बेस्ड आपरेशन शुरू कर दिया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल प्रभावित इलाकों में घुसकर जवान नक्सलियों को टारगेट बना रहे हैं।

राज्य में डबल ईंजन वाली विष्णुदेव साय सरकार आने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा के दिशा निर्देश पर नक्सल क्षेत्र में खुफिया तंत्र को मजबूत कर दिया गया है । नक्सलियों की हर गतिविधियों पर सुरक्षा बलों ने पैनी नजर रखी है । गाँव मे सुरक्षा कैम्प खोलकर ग्रामीणों को विश्वाश में लिया जा रहा है । छत्तीसगढ़ में कवर्धा जिले को भी नक्सल प्रभावित जिला माना जाता है यहाँ भोरमदेव कवर्धा डिवीजन के सक्रियता बताई जाती है ।

स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार में गृह मंत्री विजय शर्मा का कवर्धा गृह ग्राम है । स्थानीय जन प्रतिनिधि होने के नाते कवर्धा की सुरक्षा को लेकर संजीदा विजय शर्मा ने पुलिस विभाग के साथ व्यापक समीक्षा कर मार्गदर्शन दिया । नक्सलियों को बैक फुट में धकेलने के लिए जिले में भी 6 नये फारवर्ड कैम्प प्रस्तावित किये गए । जिनमें चार कैम्प स्थापित हो चुके है । कुमान,बेंदा ,मारा डबरा और खिलाही कैम्प शामिल है ।

ऐसा माना जाता है नक्सली मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले कवर्धा जिले के जंगलो का उपयोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए करते है इन 4 नए फारवर्ड कैम्पो की स्थापना इसके मद्देनजर की गई है ताकि नक्सलियों के मूमेंट को जिले के जंगलो में रोका जा सके । ऐसा माना जा रहा है इन कैम्पो के स्थापना से नक्सली गितिविधियो में कमी होगी ।

इसके साथ ही नक्सली पकडने या मारने में मदद करने के लिए लोगो को जागरूक और पारितोष देकर प्रोत्साहन देने की भी बात कही जा रही है ।

डबल इंजन की सरकार का नतीजा

इस पूरे विषय पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद से नक्सल मोर्चे पर काफी सकारात्मक चीजें दिख रही हैं। नक्सलियों के मांद में जाकर जवानों के कैंप खोले गए इससे नक्सलियों के हौसले पस्त होंगे । उन्होंने यह भी कहा कभी भी बुलेट के नोक पर विकास संभव नही है । क्षेत्र में विकास के लिए लोकतंत्र ही सशक्त माध्यम है । उन्होंने कहा हम लगातार यह कह भी रहे है नक्सली जब चाहे सरकार बातचीत के लिए तैयार है । उन्हें हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटना चाहिए । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राज्य में सरकार गठन के बाद संकेत दिए है नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे है । हाल ही में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने के बाद लोगो मे एक उम्मीद जगी है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा ।

तीन चरणों के बाद तय देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है–दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद तस्वीर बहुत हद तक साफहो गयी। 400 का नारा देने वाली भाजपा 150 नहीं पहुंच रही है। आधे से ज्यादा सीटों पर चुनाव हो गया है।

भाजपा इन सीटों पर बुरी तरह पिछड़ चुकी है। देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। तीन चरणों के मतदान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रुख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछ्ली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया।लेकिन तीसरे चरण क़े मतदान क़े बाद साफहो गया भाजपा क़े बहकावे मे जनता नहीं आयी। इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके। लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव के प्रचार को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ किया। हमने अपने न्याय पत्र को जनता के सामने रखा है। यही कारण है कि देश भर में जनता बदलाव के लिये मतदान कर रही है।तीन चरणों में यह साबित हुआ। किसान, मजदूर, महिलाएं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने लामबंद है। किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गये है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश में शेष चरणों में भी कांग्रेस के पक्ष में मतदान होगा। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार

आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर पैरेंट्स एसोसियेशन ने उठाए सवाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया, और हिन्दी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिन्दी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसियेशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नितिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

मनरेगा श्रमिकों को मिला 7 लाख 85 हजार मानव दिवस का रोजगार

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विभन्न रोजगार मुलक कार्य संचालित किये जा रहे है। इन कार्यों से जिले के 52 हजार 2 सौ 88 श्रमिकों को सीधे लाभ मिला रहा है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें योजना अतर्गत कम से कम 100 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान, रोजगार के लिए पजीकृत आवेदक को 15 दिवस में कार्य देने, अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस के रोजगार के साथ ही ग्राम में जनोपयोगी एवं उत्पादकता बढ़ाने वाले संपत्तियों के सृजन का अवसर दिये जाने की जानकारी श्रमिकों को दी गई।

तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, सिंचाई नहर नाली निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य भूमि सुधार, डबरी निर्माण कार्य, व्यक्तिगत कुंआ निर्माण कार्य, पुराने जलाशय नाला सफाई एवं पुनरूद्धार कार्य, तालाब गहरीकरण एवं पचरी पीचिंग कार्य, तालाब में इनलेट आउटलेट निर्माण कार्य, जल निकासी कच्ची नाली निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य नाडेप टंकी निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य सोकपिट निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य बकरी शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक कम्पोस्ट निर्माण कार्य, सामुदायिक नाडेप टैंक निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट तरल प्रबंधन कार्य, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिन मजदूरी कार्य कराये जा रहे हैं

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग ने रखी विदाई समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग के बी.ए. एवं एम.ए. के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह (फेयरवेल) का आयोजन किया गया। इस समारोह में कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यर्थियों ने अपनी पुरानी यादें ताजा की और अपने अनुभव बांटकर इसे अपने जीवन का सबसे यादगार क्षण बताया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी एवं अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विदाई समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवन के साथ किया गया। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, कुलपति प्रो.के.पी. यादव, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने इस समारोह की सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. सुनीता तिवारी, प्रियंका गोस्वामी सहित अनेक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। यह जानकारी मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने दी।

आटो ड्राइवर ने सवारी के पैसे चुराकर रास्ते में उतारा

रायपुर/नवप्रदेश। विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जानुल खान पिता जमील खान उम्र 32 साल निवासी देव बलौदा गौस्थल के पास थाना भिलाई 03 जिला दुर्ग छ0ग0 का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06.05.24 को प्रार्थी एंव उसकी पत्नि गोल बाजार मनीहारी का समान लेने को गये थे शारदा चौक से कुम्हारी जाने के लिये एक आटो में बैठे जिसमे आटो को आरोपी प्रवेश पाण्डेय चला रहा था एवं सवारी सीट में उसका साथी बैठा हुआ था बीच रास्ते में आरोपी आटो चालक प्रवेश पाण्डेय द्वारा आटो को खराब हो जाने की बात कहकर सीट में बैठे बैठे पैर से सीट में लगी पटटी को धक्का देने की बात कहने लगा एंव इसी दरमियान उसका अन्य एक साथी प्रार्थी में पेंट के जेब मे रखे 45000/- रूपये नगदी को चोरी कर लिया एंव राजीव होटल के पास पहुंचते ही आटो खराब हो गई है कहते हुये प्रार्थी एंव उसकी पत्नि को समान के सहित उतार दिया और वहां से भाग गये तब प्रार्थी को शंका होने पर की मेरे जेब के पैसे आटो चालक एंव उसके साथी द्वारा चोरी कर लिये गये तुरंत डायल 112 में सुचना दिया गया एंव थाना पहुंच कर सुचना दिया गया सुचना पर थाना प्रभारी आमानाका द्वारा उक्त घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देशानुसार थाना टीम गठित कर आटो चालक प्रवेश पाण्डेय को उसके आटो क्रमाक छ्त्त-04-ञ्ज-7905 के सहित पकडा गया एंव उसके कब्जे से 42000/- रूपये नगदी जप्त किया गया है जिसमे आरोपी प्रवेश पाण्डेय से पुछताछ किया गया जो और भी इस तरह कई बार छोटे छोटे रकम की जुर्म कारित करना स्वीकार किया है आरोपी के खिलाफ थाना आमानाका में अपराध क्रमाक 211/24 धारा 379,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है प्रकरण के अन्य एक आरोपी की पतासाजी जारी है

गिरफ्तार आरोपी–

प्रवेश पाण्डेय उर्फप्रवीण पिता राम पाण्डेय उम्र 29 साल निवासी हाउंसीबोर्ड कालोनी पीली पानी टंकी, शिव मंदिर के पास मकान नबंर 1504, मिलाई थाना जामुल जिला दुर्ग।

शराब कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री कर्ण कुमार उके के पर्यवेक्षण में निजात अभियान के तहत अवैध नसा के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना गोबरा नवापारा में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई! मुखबिर से सूचना मिली कि पहलाद कोसरे सतनामी पारा द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर रेड कार्रवाई मुखबिर के बताएं स्थान सतनामी पारा नवापारा में पहुंचकर प्रहलाद कोसरे पिता जंतु कोसरे उम्र 20 साल साकिन सतनामी पारा नवापारा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर अवैध रूप से शराब बिक्री करते कब्जे से 10 पौवा शोले देसी मदिरा मसाला कीमती करीबन 1100 बिक्री रकम 360 रुपए रखे पाया गया जिसे जपती कर आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत किया गया।

16 किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

■ **आरोपी ओडिशा का रहने वाला है**

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में दिनांक 07.05.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारोटिक्स टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन नम्बर 07, गुढ़ियारी पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा कहीं जाने के फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक उरला मणिशंकर चंद्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बृन्दावन नूरनाका निवासी रायगढ़ा, उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा बृन्दाबन नूरनाका को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 किलो 441 ग्राम, नगदी 1,000? तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 2,63,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में अपराध क्रमांक 370/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार आरोपी- बृन्दाबन नूरनाका पिता बुदरू नूरनाका निवासी मुनीगुड़ा, रायगढ़ा, उड़ीसा।कार्यवाही में निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, प्र.आर. संतोष दुबे, आर. मुनीर रजा, घनश्याम साहू, रवि तिवारी, कलेश्वर कश्यप, पुरूषोत्तम सिन्हा तथा थाना गुढ़ियारी से सउनि प्रफुल्ल परीछा की महत्वपूर्ण भूमिंका रही।

सुविचार

खुशी मनाने के लिए किसी मुहूर्त की जरूरत नहीं पड़ती क्योंकि खुशी के पल खुद में शुभ मुहूर्त होते हैं। - अज्ञात

तीसरे चरण में भी औसत मतदान

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हो गया। तीसरे चरण में भी 61.57 प्रतिशत औसत मतदान हुआ। सबसे अधिक 74 प्रतिशत मतदान असम में हुआ वहीं सबसे कम 54 प्रतिशत मतदान महाराष्ट्र में हुआ। छत्तीसगढ़ में भी 66 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ। इस भीषण गर्मी में औसत मतदान होना भी संतोष का विषय है। चुनाव आयोग और राजनीतिक पार्टियों की अपील के बाद अब मतदाता गर्मी की परवाह न कर अपने घरों से निकलने लगे हैं। और मतदान केन्द्रों में कतार लगाने लगे हैं। जो भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। इस बार मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल और कुलर की भी व्यवस्था देखने को मिली । कई मतदान केन्द्रों को बहुत ही सुंदर ढ़ंग से सजाया भी गया था। मतदाताओं की सुविधाओं का ख्याल रखने के कारण भी लोगों में मतदान के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है जो अच्छी बात हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वय सेवी संगठनों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने भी अनुकरणीय पहल की थी। विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने मतदान करने वाले मतदाताओं को विभिन्न वस्तुओं में आकर्षक छूट दी थी। इसका भी मतदान पर असर पड़ा और मतदान का प्रतिशत थोड़ा ही सही लेकिन कुछ तो बढ़ा ही है। वैसे भी हमारे देश में लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 60 से 64 प्रतिशत तक ही होता रहा है। लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में 70 से 75 प्रतिशत तक और नगरीय निकाय व पंचायतों में 80 से 90 प्रतिशत तक मतदान होता है। जितना छोटा चुनाव होता है उतना ही ज्यादा मतदान होता है। और चुनाव जितना बड़ा होता है मतदान का प्रतिशत उतना ही कम होता है। शत प्रतिशत मतदान तो आज भी दिवा स्वप्न बना हुआ है। यह सपना उसी समय साकार हो पाएगा जब मतदान को अनिवार्य घोषित किया जाएगा। समय समय पर मतदान को अनिवार्य करने की मांग उठती रही है। किन्तु इस पर आज तक कारगर पहल नहीं की गई है। यदि हमें भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाना हैं तो शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदान को अनिवार्य घोषित करने की मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करना ही होगा। बहरहाल तीसरे चरण के मतदान के बाद एक बार फिर एनडीए और आईएनडीआईए के बीच इस मतदान को अपने पक्ष में बताने की होड़ लग गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बयान दिया है कि पहले चरण के मतदान में विपक्ष पस्त हुआ था दूसरे चरण में ध्वस्त हुआ और तीसरे चरण के मतदान के बाद विपक्ष को दिन में ही तारे नजर आने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर आईएनडीआईए के नेता यह दावा कर रहे हैं कि उन्हें मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिल रहा है और 400 पार का नारा लागने वाली भाजपा 150 सीटों पर सिमटने जा रही है। अब इसमें किसके दावे में कितना दम है यह तो चार जून को ही पता चलेगा जब ईवीएम का मुंह खुलेगा। अभी चार चरणों का मतदान होना बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि बचे हुए चार चरणों में मतदान का प्रतिशत और बढ़ेगा।

अब हरियाणा में भी संवैधानिक संकट की स्थिति

लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा शासित हरियाणा में अचानक तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस ले लेने के कारण वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गई है। इन तीनों निर्दलीय विधायकों ने सैनी सरकार पर अपनी उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए सरकार से समर्थन वापस ले लिया है और कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा कर दी हैं। कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। इधर भाजपा ने कांग्रेस पर साजिश करने का आरोप लगाया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बयान दिया है कि हरियाणा में कोई संवैधानिक संकट नहीं है। वक्त आने पर वे सदन में बहुमत साबित कर देंगे। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है। हमारे तरकस में कई तीर हैं। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व ही भाजपा नेतृत्व ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सीएम पद से हटाकर उन्हें लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया था। और उनके स्थान पर नायब सिंह सैनी को हरियाणा का नया मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय सैनी सरकार ने सदन में अपना बहुमत साबित करके दिखाया था इसलिए नियमानुसार छह माह तक सैनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। भले ही उनकी सरकार अल्पमत में क्यों न आ गई हो। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा में संवैधानिक संकट का हवाला देकर वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग कर रही है। पूर्व में खट्टर के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के साथ दुष्यंत चौटाला की पार्टी ने गठबंधन किया था अब वो भी भाजपा से नाता तोड़ चुके हैं। दुष्यंत चौटाला ने घोषणा की है कि वे अब भाजपा को समर्थन नहीं देंगे। उन्होंने भी हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाने की वकालत की है बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि हरियाणा की सैनी सरकार जो अब अल्पमत में आ गई है वह स्थिति से कैसे निपटती है।

प्रेरक प्रसंग

देश की उन्नति कथनी से नहीं, करनी से

बात उन दिनों की है, जब मध्य प्रांत की राजधानी नागपुर थी। अपनी कतिपय माँगों को लेकर हरिजनों ने हड़ताल कर दी। सड़क पर कूड़े के ढेर इकट्ठे हो गए। सार्वजनिक शौचालयों में सड़ाँध आने लगी। पंडित रविशंकर शक्ल अपने नगर की यह दयनीय स्थिति न देख सके। वे झाड़ू लेकर सफाई के लिए निकल पड़े। अकेला व्यक्ति भला क्या इतने बड़े नगर की सफाई करता। पर वह कथनी के द्वारा नहीं वरन् करनी के द्वारा यह बताना चाहते थे, कि आवश्यकता पड़ने पर हमें अपने छोटे से छोटे कार्य को करने में किसी प्रकार का संकोच न होना चाहिए।

पंडित जी को देखकर कुछ अन्य साथियों ने भी सहयोग देने का निश्चय किया। रास्ते में एक शौचालय आया, जिसमें कई दिन से मल सड़ रहा था। दुर्गंध के कारण वहाँ खड़ा होना कठिन था। पंडित जी सफाई करने के उद्देश्य से उस शौचालय में घुसे, तो उनके साथी नाक पर रूमाल रखकर अलग खड़े हो गए, पर पंडित जी ने बिना संकोच के उस शौचालय की सफाई की और मूक भाव से लोगों को यह बताया कि राष्ट्र निर्माण का कार्य कोरी बातों से नहीं होता, उसके लिए कुछ रचनात्मक कार्य भी करने होते हैं।

रमेश सर्राफ धमोरा

महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चावंड को अपनी राजधानी बनाकर राज्य में शांति व्यवस्था कायम की। महाराणा प्रताप कुशल शासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चावंड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरसा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधु हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नो में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

भारतीय इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी।

18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी। लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे।

इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया। हल्दी घाटी के युद्व के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था। इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरक्षित मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ।

आज का इतिहास

9 मई 1540 में 9 मई को ही उदयपुर, मेवाड़ में शिशोदिया राजवंश के राजा महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। 1653 में आज ही के दिन दुनिया के अजूबों में शुमार ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद पूरा हुआ था। 1689 में 9 मई को ही अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की थी। 1866 में आज ही के दिन स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म हुआ था। 1874 में बंबई में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्राम कार शुरू हुई थी। 1947 में आज ही के दिन वैश्विक वित्तीय संस्था विश्व बैंक ने अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया था। 1955 में 9 मई को ही पश्चिम जर्मनी नाटो का सदस्य बना और फ्रांस स्थित नाटो मुख्यालय में जर्मनी का ध्वज फहराया गया था। 1960 में आज ही के दिन अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने पहली गर्भनिरोधक गोली को मंजूरी दी थी। 2002 में आज ही के दिन कराची विस्फोट में पाकिस्तान के ही संगठन का हाथ होने के संकेत मिला था। 2004 में आज ही के दिन चेचेन्या में विस्फोट में वहां के राष्ट्रपति अखमद कादरोव का निधन हो गया था। 2008 में आज ही के दिन अमेरिका ने पाकिस्तान को 8.1 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने से इन्कार किया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज बहुत लोगों ने

आज बहुत लोगों ने कहा कुछ खर्चा पानी दो वोट करने जायेंगे किसी ने भी अपनी स्वेच्छा से अपनी वोट नहीं किया पढ़ लिख कर भी आज भी लोग खर्चा पानी के इंतजार में बैठे रहते हैं तब तो इस लिए लोग चुनाव के बाद अपने मतदाता की श्रद्धांजलि दे देते हैं ।क्या होगा लोकतंत्र का ? यह सोँच कर तकलीफहोती है

- लक्ष्मी नारायण लहरे

रचनात्मक बनिए जीत

रचनात्मक बनिए, जीत आपकी ही होगी जीतने वाले कोई अलग काम नहीं करते वे हर काम को अलग ढंग से करते है प्रत्येक सफल व्यक्ति में एक खूबी समान रूप से पाई जाती है और वह खूबी है ङ्क रचनात्मकता रचनात्मक बनिए, काम करने के तरीकों में बदलाव लाइए, खुद पर विश्वास कीजिए जीत आपकी ही होगी।

- सुर्यप्रकाश मिश्रा

खास पाती | केजरीवाल के शीशमहल पर मीडिया

केजरीवाल के शीशमहल पर मीडिया ने सवाल पूछा तो उसने पत्रकार भावना को जेल डाल दिया तेजस्वी और स्टालिन से मनीष कश्यप ने सवाल पूछा तो उसको स्टैलिन से मिलकर दो सरकारों ने जेल में डाल दिया अर्नब ने उद्धव से सवाल पूछा तो उद्धव ने अर्नब को जेल डाल दिया कंगना ने सवाल उठाया तो उसका घर तोड़ दिया कोग्रेस से अमन ने सवाल पूछा तो कोग्रेस ने पुलिस भेज दी रोहित रंजन ने सवाल पूछा तो उसके लिए पुलिस भेज दी और कमाल की बात है इन सब को लोकतंत्र बचाना है तो मोदी को हराकर सच तो ये है के यही सारे के सारे हिटलर हैं अगर इनके खिलाफ़कोई बोलेगा तो ये उसको जेल डालेंगे उसका घर तोड़ेंगे!

- अंबर दानी

एक क्षितिज ऐसा हो जिस पर, केवल

एक क्षितिज ऐसा हो जिस पर, केवल मेरा नाम लिखा हो... दो पग लेकिन पंथ अनेको, चलते रहना ही है जीवन, किंतु चयन से पूर्व पंथ पर, नाम सहित परिणाम लिखा हो अहह प्रेम का नेह सिंधु यह, गहराई जिसकी, अथाह है, किंतु प्रीति के प्रथम पृष्ठ पर, प्रेम का हर भुगतान लिखा हो सर, सरिता, सागर या अंबर, किंतु असत का तज आडंबर, हृदय की पावन दीपशिखा पर, ज्योतिकलश का नाम लिखा हो ।

- ममता अमर

फ़िज़ा को अमन के गुलों से सजायें

फ़िज़ा को अमन के गुलों से सजायें अमीरी - गरीबी की दूरी मिटायें न आसूं गिरे रोटियों के लिए अब चलो बढ के हम फर्ज अपना निभायें

- रवी पांडेय संयम

गजब के फोसले थे नज़दीकियों में

गजब के फासले थे नज़दीकियों में तब्दील हो गए, न हम चले न तुम चले फिर भी बेहद करीब हो गए, मोहब्बत थी या अदावत न हम समझ सके ना तुम, रफ्ता रफ्ता जिन्दगी में एक दूजे के शरीक हो गए, तस्व्वुर में बसी गेसुओं की खुशबू वो मरमरी बदन, बेकरार आंखों को था इंतजार की बेनज़ीर हो गए, नज़रों में तुम ही तुम रहे खामियों का वजूद ना रहा , जैसे बागबां को फूल संग कांटे भी अज़ीज़ हो गए, यूं तो इश्क में चैन-ओ-करार दिल को कभी ना रहा , ऐसा अफसाना हुआ नज़रों में सबकी तहरीर हो गए, जो लुत्फ़तेरी ख्वाहिश तेरे ख्यालों में डूबने का है, उजालों की छोड़िए हम अंधेरों के भी मुरीद हो गए, विजय अधूरे ख्वाबों में लिपटी रही कशिश जिंदगी की, हम उम्मीदों का दामन थामते रहे और तारीख हो गए।

- विजय लक्ष्मी राय

मेरी उदासियों के इलाज इकलौते हो तुम

मेरी उदासियों के इलाज इकलौते हो तुम, मत पूछिए मेरे लिए कौन हो कैसे हो तुम, वादे पे वादा करते हो और भूल जाते हो, यानि कि वाकई में हमें भूल रहे हो तुम,, कागज़ पर लिखा होता तो बात और थी, महबूब मेरे मन शिलालेख पर टके हो तुम,, कोशिश है कि शे'रों के इत' भी कहे तू ,, अनमोल आदमी भी बड़े अच्छे हो तुम,, चालाकियां सीखिए वरना यूं ही रोओगे,, साहिब मन के बड़े ही साफ़सुथरे हो तुम।

- अनील अनमोल शर्मा

चश्म मेरी क्योंकर है पुरनम, भला

चश्म मेरी क्योंकर है पुरनम,भला किसको पड़ी है कितने हैं मेरी ज़ीस्त में ग़म, भला किसको पड़ी है हर कोई मशगूल ओ खुश, अपने आप में ही फ़क़त निकल जाए किसी का दम, भला किसको पड़ी है

- निलोफर नीरू

QUIZ TIME

1) लोलार्ड्स किसके समर्थक माने जाते है?

2) प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत कब की गयी?

3) किस देश के पुरापाषाणविदों ने शाकाहारी डायनासोर, चाकिसॉरस नेकुल की खोज किया है?

4) मूँगा चट्टान किस महासागर में पाई जाती है?

5) भारतीय नौसेना में 26वें नौसेना प्रमुख का पदभार संभाला है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) वाइक्लिफ (2) 1 अप्रैल, 1973 (3) अर्जेंटीना (4) प्रशांत महासागर (5) दिनेश कुमार त्रिपाठी

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:39, सूर्यास्त : 06:56, चन्द्रास्त : 19:28,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि :प्रतिपदा, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : शोभन, प्रथम करण : नाग (08:51 तक), द्वितीय करण : किंस्तुघ्न (19:33 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : वृष (19:08 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 09:09 से 10:37, सर्वार्थसिद्धि योग : 13:33 से 29:27, विजय मुहूर्त : 14:29 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:58 से 19:19, सायाह्न सन्ध्या : 18:59 से 20:02, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:09 से 08:51, दुर्मुहूर्त : 11:46 से 12:41, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (08:51 तक), चन्द्रवास : पूर्व (19:07 से दक्षिण)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आर्थिक विषयों को छोड़ अन्य सभी प्रकार से सभी कार्यों में आपकी आशा के अनुकूल रहेगा।

वृषः आज के दिन की परिस्थितियां हानिकारक बनी हुई है आज आप जिस के कार्य को हाथ में लेके अथवा जो भी नया कार्य आरंभ करने का मन बनाएंगे उसमें कोई ना कोई बाधा अवश्य आएगी ।

मिथुनः आज का दिन आपको सुख एवं सम्मान की प्राप्ति कराएगा आज जिन कामों को करने से अन्य लोग संकोच करेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदाई है ।

सिंहः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदाई है आज दिन के पहले भाग में जिस मनोकामना को लेकर कार्य करेंगे मध्यान्ह बाद उसके पूर्ण होने पर उत्साह बढ़ेगा।

कन्याः आज का दिन आप की आशाओं के विपरीत रहने वाला है दिन के आरंभिक भाग को छोड़ के समय व्यथा भ्रमण आर्थिक कारणों से मानसिक क्लेश एवं प्रियजनों का विरोध देखना पड़ेगा।

तुलाः आज के दिन आप यदि लक्ष्य बनाकर कार्य करेंगे तो सोची हुई योजनाएं अवश्य ही सफल होंगी ।

वृश्चिकः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा दिन का प्रथम भाग तो शांति से व्यतीत हो जाएगा।

धनुः आज के दिन वैसे तो आप प्रत्येक क्षेत्र में बुद्धि विवेक एवं धैर्य का परिचय देंगे लेकिन कुछेक घरेलू मामलों में धैर्य नहीं रख पाएंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदाई है लेकिन आज स्वभाव से जिद को दूर रखना पड़ेगा।

कुंभः आज का दिन बीते कल की तुलना में आरामदायक रहेगा बुद्धि विवेक आने से पूर्व में की गई गलतियों का पश्चाताप करें।

मीनः आज दिन के आरंभ से मध्यान्ह तक मन में किसी न किसी कारण से भय बना रहेगा सुख की कमी आज हर क्षेत्र में अनुभव होगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -051

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 050 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

न्यूज गैलरी

बस को ओवरटेक करने के प्रयास में नाबालिग की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए एक हादसे में नाबालिग की मौत हो गई । इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी इंटरनेट में वायरल हो रहा है जिसमे दिख रहा है की बस को ओवरटेक करने के चक्कर में 13 वर्षीय रिजवान पहले एक स्कूटी सवार महिला से टकराया उसके बाद चलती बस के नीचे आ गया और तेरह वर्षीय बालक की मौत हो गई। वही इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया। इस वीडियो में पूरा हादसा कैद गया। पूरा मामला बिलासपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांधी चौक का है। जानकारी के अनुसार करबला निवासी तेरह वर्षीय बालक रिजवान हसन पिता अरमान हसन जो नीले रंग की स्कूटी जिसका क्रमांक सीजी 10 एजे 6551 में सवार होकर गांधी चौक की तरफ जा रहा था। इसी बीच आगे राजधानी ट्रेवल्स बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बस के बाय तरफ से निकालना का प्रयास किया, लेकिन वही सड़क में पैदल जा रही एक महिला को पीछे से टक्कर मारी जिसके कारण स्कूटी अनियंत्रित हो गई,और वह गाड़ी सहित सड़क में जा गिरा सड़क में गिरते ही बगल से जा बस के पिछले पहिया की चपेट में आ गाय। चपेट में आते ही नाबालिग की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे वहां जाम की स्थिति बन गई और वाहनों की कतार लग गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराने में जुट गई। इसके बाद बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर जांच शुरू की। इसी दौरान पता चला कि पास की दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाला और जांच की। इसके बाद पता चला कि ओवरटेक के चक्कर में हादसा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार डिवाइडर पर चढ़कर खंभे से टकराई, 2 की मौत, 2 गंभीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। देर रात अपने दोस्तों के साथ खाना खाकर घर लौट रहे रेलवे कर्मचारी की कार को अज्ञात हाइवा ने ठोकर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रेलवे कर्मचारी ओमवीर सिंह अपने दोस्त भागीरथी यादव, राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र सिंह के साथ अपनी कार सीजी 10 एपी 8734 कार में खाना खाने बुधवारी स्थित होटल गए हुए थे। जहां से देर रात करीब 10 बजे खाना खाकर वह अपने घर लौट रहे थे। उस समय गाड़ी को वीरेंद्र सिंह चला रहा था। वो सभी हनुमान राइस मिल के सामने मेनरोड तोरवा जैसे ही पहुंचे थे। उसी वक्त अज्ञात भारी वाहन ने उनकी कार को ठोकर मार दी, जिससे उनकी कार डिवाइडर से टकराकर स्ट्रीट लाइट के पोल को तोड़ते हुए पलट गई। इस एक्सीडेंट में गाड़ी माचिस की डिब्बी की तरह पिचक गई थी। जहां गाड़ी से किसी तरह ओमवीर सिंह और वीरेंद्र सिंह बाहर निकले। लेकिन भागीरथी यादव और राजेंद्र सिंह गाड़ी में ही फंस गए। इधर घटना की सूचना पाकर 112 टीम मौके पर पहुंची। जहां क्रेन की सहायता से स्थानीय पुलिस ने भागीरथी यादव और राजेंद्र सिंह को कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। जहां उन्हे एंबुलेंस कि सहायता से सिम्स हॉस्पिटल भेजा गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर मामले में प्रार्थी ओमवीर सिंह की शिकायत के बाद तोरवा पुलिस ने अज्ञात भारी वाहन के खिलाफ़ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केबल में आग, तार पर गिरे फ्लैक्स से हादसा

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवा, आंधी से फ्लैक्स फटकर बिजली तार पर गिर गई और सप्लाई बंद हो गई। इसके साथ ट्रांसफार्मर व खंभे में भी तकनीकी खराबी के चलते बिजली प्रभावित हुई। अशोक नगर चौक के पास तो केबल में ऐसी आग लगी कि काफी हिस्सा जलकर खाक हो गया। सरकंडा स्थित अशोक नगर चौक के पास केबल में आग लगने की घटना दोपहर की है। यहां आग लगने की घटना कैसे हुई यह कोई नहीं जानता। इसकी जानकारी तब मिली, जब एक केबल में लगी आग धीरे-धीरे फैलने लगी। आसपास के रहवासी व दुकान संचालकों ने इसकी जानकारी बिजली कंपनी को दी। तत्काल पहुंचने में अमला असफल रहा। इसके चलते खंभे में लटक रहा पूरा केबल एक के बाद एक जलकर खाक हो गया। आग लगने की इस घटना को देखकर राहगीर दूर से गुजरते नजर आए। जब अमला यहां पहुंचा, तब तक केबल जल चुका था। इतना ही नहीं अग्रसेन चौक के पास 11 केवी में फ्लैक्स फटकर गिर गया और इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। अग्रसेन चौक के पास 33केवी तार में फ्लैक्स फटकर गिरने से बिजली बंद हो गई। बताया जा रहा है कि तेज हवा के कारण फ्लैक्स फटा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद बिजली कंपनी का सुधार दल भी मौके पर पहुंच गया। लेकिन, सुधार विलंब से शुरू हुआ। यह कंपनी की कार्यशैली में शामिल है।कुछ देर तक अंधड़ बंद होने का इंतजार किया गया। उसके बाद कर्मचारी ने चढ़कर फ्लैक्स निकाले और सुधार कर सप्लाई सुचारू की गई। नेहरू नगर, मंगला, कुदुदंड, तेलीपारा, जूना बिलासपुर, अज्ञेय नगर, व्यापार विहार में भी कुछ न कुछ तकनीकी खराबियों के चलते बिजली सप्लाई बंद रही।

प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में बंद

अब 4 जून को काउंटिंग के दिन खुलेंगी ईवीएम, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए बल तैनात

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद हो गया है। कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखकर रूम को सील कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी श्री रजनेश सिंह द्वारा चुनाव आयोग के प्रेक्षक अभय ए महाजन, प्रत्याशियों और राजनीतिक दल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों की एक कंपनी दिन रात स्ट्रांग रूम एवं परिसर की सुरक्षा में तैनात की गई है। सीलिंग पूर्ण होने के बाद पूरा परिसर एसएसबी के आर्म्ड जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है। मतगणना के दिन ही 04 जून को ये स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। परिसर में पहुंचने के लिए तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था चेकिंग रखी गई है। राजनीतिक दल व प्रत्याशी भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते है। रिटर्निंग अफसर द्वारा उन्हें फोटोयुक्त पास जारी किया जाएगा। लेकिन ये अपने पास लैपटॉप अथवा वाइफाई युक्त कोई डिवाइसेज नहीं रख पाएंगे। परिसर में हर तरह के गतिविधियों की रिकॉर्डिंग के लिए दर्जनों सीसीटीवी कैमरे फिट किए गए हैं। कुल मिलाकर इतनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था है कि परिंदा भी पर नहीं मार पायेगा। उल्लेखनीय है कि जिले की छह विधानसभा क्षेत्र जैसे कि बिलासपुर, बेलतरा, कोटा, तखतपुर, मस्तुरी और बिल्हा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना एक साथ कोनी के इसी इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में होगी। सीलिंग के अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी तथा संबंधित सहायक रिटर्निंग अफसर उपस्थित थे।

कोटा में सबसे अधिक, बिलासपुर में सबसे कम मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 – संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 बिलासपुर
मतदान का प्रतिशत

क्र.	विधानसभा का क्र. एवं नाम	कुल मतदाताओं की संख्या				मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या				मतदान का प्रतिशत			
		पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	योग	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	योग	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	योग
1	25–कोटा	111061	113269	4	224334	77513	78756	0	156269	69.79	69.5301	0	69.66
2	26–लोरमी	118440	115086	5	233531	79388	75882	1	155271	67.028	65.935	20	66.4884
3	27–मुंगेली	131211	127280	5	258496	89347	84012	1	173360	68.0941	66.0057	20	67.0649
4	28–तखतपुर	127441	124823	1	252265	89430	85908	0	175338	70.17	68.82	0.00	69.51
6	29–बिल्हा	157583	156389	12	313984	105192	101259	6	206457	66.75	64.75	50	65.75
6	30–बिलासपुर	125114	129006	28	254148	73658	71292	5	144955	58.87	55.26	17.86	57.04
7	31–बेलतरा	127054	125508	32	252594	83850	80866	6	164722	66.00	64.43	18.75	65.21
8	32–मस्तुरी	158058	155265	12	313335	93569	91926	4	185499	59.20	59.21	33.33	59.20
	योग –	1055962	1046626	99	2102687	691947	669901	23	1361871	65.53	64.01	23.23	64.77

बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। ये आंकड़े पिछले लोकसभा चुनाव के आसपास ही हैं। बिलासपुर में 64.77 प्रतिशत मतदान हुआ हैं। सबसे कम मतदान 57.04 प्रतिशत मतदान बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ है जबकि सबसे अधिक मतदान 69.66 प्रतिशत मतदान कोंटा विधानसभा क्षेत्र में हुआ। मतदान के कल शाम के आंकड़ों को दएखतू हुए अनुमान था कि यह आंकड़ा 70 प्रतिशत के आसपास होगा, लेकिन अंतिम आंकड़े 66.77 प्रतिशत तक ही रह गए। शहरी वोटरों में मतदान का उत्साह कम दिखा। ग्रामीण वोटरों ने एक बार फिर शहरी वोटरों को मतदान में पीछे छोड़ दिया। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी मतदान के अंतिम आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक मतदान 69.66 प्रतिशत मतदान कोंटा विधानसभा क्षेत्र में हुआ। सबसे कम बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में 57.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी तरह लोरमी विधानसभा क्षेत्र में 66.48 प्रतिशत, मुंगेली में 67.06 प्रतिशत, तखतपुर में 69.51 प्रतिशत, बिल्हा में 65.75 प्रतिशत, बेल्थरा में 65.21 प्रतिशत जबकि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 64.77 प्रतिशत मतदान हुआ हैं। बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए हुआ मतदान प्रदेश की अन्य लोकसभा सीटों के लिए हुए औसत मतदान के आंकड़ों के आसपास ही है, लेकिन जिस तरह का चुनावी माहौल बताया जा रहा था, उसमें यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है। पार्टियों के नेताओं को भू उम्मीद थी कि मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन ऐसा कम हुआ। मतदान के ट्रेंड में बहुत बदलाव नहीं दिखा।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नतीजे आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं और 12वीं परीक्षा के नतीजे कल 9 मई को सुबह 12 बजे घोषित किए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू नतीजे जारी करेंगी। ये परीक्षाएं मार्च में हुई थी और रिकार्ड समय में मूल्यांकन पूरा होने के बाद कल घोषित किए जाएंगे। ये नतीजे पिछले वर्ष से पांच दिन पहले जारी किए जा रहे हैं। ये नतीजे सीजीबीएसई के आफिशियल वेबसाइट cgbse.nic.in Øæ results.cg.nic.in पर लिंक को एक्टिव कर दिया जाएगा। छात्र वहां रोल नंबर और संबंधित डिटेल के साथ अपना परिणाम चेक कर सकते हैं। पिछले साल दसवीं में 23670 और बारहवीं में 18839 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। पिछले साल दसवीं का परीक्षा परिणाम 61.43 फीसदी और बारहवीं का परीक्षा परिणाम 68.24 फीसदी रहा।

10वीं- 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम कल 9 मई को जारी होंगे। पहले परिणाम 7 मई को आने थे, लेकिन लोकसभा के लिए मतदान की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया था। इधर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावक परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। इस बार 10वीं में 23670 और 12वीं में 18839 छात्रों ने परीक्षा दिलाई है। 10वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा 1 से 23 मार्च तक हुई थी। परीक्षा खत्म होने के तत्काल बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन शुरू कर दिया गया था।अप्रैल महीने में कॉपियों की जांच पूरी हो गई थी। चुनाव के कारण हर काम को समय पर कर लिया गया था। बताया जाता है माध्यमिक शिक्षा मंडल ने रिजल्ट घोषित करने के लिए 7 मई की तारीख तय की थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान होने के कारण दो दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। अब 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 9 मई को घोषित कर दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के एक अधिकारी का कहना है रिजल्ट ऑनलाइन घोषित किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। रिजल्ट के लिए काउंटडाउन शुरू- दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट के लिए काउंटडाउन शुरू है। 9 मई को रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे। उसके बाद से सिर्फ बच्चों की ही नहीं, बल्कि माता-पिता और अभिभावकों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

कांग्रेसजनों ने रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा आज शिव टाकीज चौक में रबीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि रबीन्द्र नाथ टैगोर एक बहु प्रतिभा के धनी थे। वे एक कवि, साहित्यकार, गायक, संगीतकार, चित्रकार सहित पर्यावरण प्रेमी थे। उन्होंने प्राचीन शिक्षा प्रणाली को अपनाते हुए गुरु शिष्य परम्परा के अनुरूप शांतिनिकेतन विश्वविद्यालय की स्थापना की उनकी कृति गीतांजलि के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि रबीन्द्र टैगोर की साहित्यसृजन की उच्चता का प्रमाण है कि उनकी रचना भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगान के रूप में गई जाती है उनके शांतिनिकेतन में इंदिरा गांधी ने भी अध्ययन किया। उन्होंने ही श्रीमती गांधी को प्रियदर्शिनी से सम्बोधित किया ,बड़े बड़े चित्रकार शांतिनिकेतन से निकले जो विश्व पटल पर अपनी कला को स्थापित किया। उनका सम्बन्ध बिलासपुर से रहा है। उन्होंने अपनी बीमार पत्नी के इलाज के लिए पेंड्रा जाते वक्त कुछ समय बिलासपुर स्टेशन में बिताया और एक कविता लिखी जिसे बिलासपुर रेलवे स्टेशन में उकेरा गया है। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, शैलेन्द्र जायसवाल, माधव ओत्तालवार, विनोद साहू, राजेश शर्मा, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, वीरेंद्र सारथी, गणेश रजक, मनोज शर्मा, गौरव एरी आदि उपस्थित थे।

भगवान परशुराम जयंती कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम का प्रकाट्य दिवस 1परशुराम भगवान की प्रतिमा का सुबह 8 बजे पूजन अर्चन तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर परशुराम जयंती मनाई जाएगी। सूचना देते हुए समाज के अध्यक्ष ने सभी विप्र बंधुओ से आग्रह किया कि अक्षय तृतीया 10 मई को जलेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना में शमिल होकर अपना योगदान दे।

आंधी-तूफान के बाद भी कोटा विस में 69.66 फीसदी मतदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए बिलासपुर लोकसभा चुनाव में कोटा विधानसभा क्षेत्र के युवा, दिव्यांग, बुजुर्गों, महिलाएं पुरुषों मतदाताओं लोकतंत्र के त्यौहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कोटा विधानसभा 25 क्षेत्र में 69.66 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं कोटा नगर पंचायत क्षेत्र व ग्रामीण अंचलों में सुबह से मतदान केंद्र पर बड़ी संख्या महिलाएं नजर आये। वहीं कोटा नगर पंचायत और ग्रामीण अंचलों में शांति पूर्ण तरीके से मतदान किया वहीं सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे, कोटा नगर में डीकेपी हायर सेकंडरी स्कूल, शा कन्या शाला पुरानी बस्ती, में मतदान केंद्र में सेल्फी बड़ी संख्या पहली बार मतदान किया युवाओं और सभी वर्गों के लोगों ने सेल्फी फोटो लेते हुए नज़र आए। वहीं मतदान केंद्र पर कोटा नगर पंचायत के नगर के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराया गया, वहीं नगर पंचायत सीएमओ सुख सागर खुंटे ने सभी मतदान केन्द्रों में अपने मोटरसाइकिल पर ही मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सुविधाएं को ध्यान रखते हुए नज़र आए वहीं सुबह से ही सभी मतदान केन्द्रों पर दो मुख्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने पक्ष पर प्रत्याशी को मतदान करने अपील करते रहे हैं। वहीं कोटा नगर पंचायत में भी शांति पूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ, सुबह से तेज गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर भारी भीड़ उमड़ी हुई थी, वहीं मंगलवार को सुबह से शाम तक मौसम के खुशनुमा होने के बाद और बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए मतदाताओं ने मतदान किया और वहीं करीब चार बजे तेज़ आंधी तूफान और बारिश होने के बाद भी मतदान केन्द्रों पर मतदान करने पहुंचे रहे।

अस्पताल में रोज पहुंच रहे दस्त के मरीज

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी के दिनों में बरसात के मौसम की तरह ही जल जनित बीमारी फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसमें सबसे बड़ी चिंता डायरिया फैलने की रहती है। ज्यादातर मामले दूषित पानी के सेवन करने की वजह से होते है। वैसे भी अब उल्टी-दस्त से पस्त लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। सिम्स व जिला अस्पताल में बीते एक सप्ताह के भीतर उल्टी दस्त के मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं, जिनका इलाज किया गया है। वहीं लगातार मरीज पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसमें खास बात यह है कि ये सभी मरीज शहर के अलग अलग स्लम क्षेत्रों से आ रहे है। साफ है कि यदि इन क्षेत्रों पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी क्षेत्र में डायरिया फैल सकता है। शहर के अंतर्गत छोटे बड़े 27 स्लम एरिया हैं, जो हर साल बरसात के समय में डायरिया के लिए बेहद संवेदनशील रहते हैं। सरकारी अस्पतालों से मिल रही जानकारी के मुताबिक शहर के तालापारा, तारबाहर, अटल आवास, सिरगिट्टी, रेलवे परिक्षेत्र, तिफरा और शहर की सीमा से लगे गांव से उल्टी दस्त के मामले सामने आ रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक ज्यादातर मामले दूषित पानी के पीने और दूषित भोजन करने की वजह से डायरिया से संक्रमित हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में मतदान दल कर्मियों की रही अहम भूमिका

शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर ने जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने चुनाव कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सभी विभागों और संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस विभाग सहित राजनैतिक दलों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की निर्वाचन प्रक्रिया में आयोग द्वारा नियुक्त सभी ऑब्जर्वर का मार्गदर्शन मिला। मास्टर ट्रेनरों की भूमिका को भी उन्होंने सराहा। कलेक्टर

ने कहा कि मीडिया की भूमिका चुनाव संबंधी खबरों के त्वरित प्रसार और स्वीप अभियान में अति महत्वपूर्ण रही। उन्होंने सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, रेडियो और सोशल मीडिया को धन्यवाद दिया है। स्वीप अभियान से जुड़े सभी विभागों, एनएसएस, स्काउट और महाविद्यालय के विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों की भूमिका शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए अहम है। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया, जिससे जिले में निर्विघ्न प्रक्रिया संपन्न हुई। कलेक्टर ने आम मतदाता और नागरिकों के प्रति भी शांतिपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

चुनाव संपन्न कराकर शुरु हुई मतदान दलों की वापसी, कलेक्टर एसपी ने किया स्वागत

जिले में मतदान की प्रक्रिया पूरी कराकर मतदान दलों की वापसी शुरू हो गई है। वापस आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कोनी परिसर में उनका आत्मीय स्वागत किया। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में बेहतर कार्य सम्पादन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी भी मौजूद थे।

■ न्यूज गैलरी

लीची की बदौलत भीमा की बदली जिन्दगी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अपने आकर्षक रंगत और विशिष्ट स्वाद के बलबूते लीची के फल सदैव पसंद किये जाते रहे है। वैसे तो लीची एक उष्णकटिबंधीय सदाबहार फल है। इसमें कार्बोहाइड्रेट एंव कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा फास्फोरस, खनिज पदार्थ, प्रोटीन, विटामिन-सी आदि भी पाये जाते हैं। इन्हीं गुणों के कारण लीची के फल भारत ही नहीं बल्कि विश्व में अपना विशिष्ट स्थान बनाए हुए हैं। इस क्रम में बदलते समय के साथ जिले के कुछ उन्नतशील कृषकों का रुझान परंपरागत फसलों के अलावा बागवानी फसलों की ओर भी हो रहा है और वे आधुनिक कृषि तकनीक के साथ अन्य बागवानी फसल से जुड़ रहे है। इनमें एक नाम मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर स्थित ग्राम पोरो कमेली निवासी 37 वर्षीय श्री भीमा तेलाम का भी है। जिनके लगभग 2 एकड़ के भूमि में चटख फलों से लदे हुए लीची के पेड़ आने जाने वालों के लिए सहज ही आकर्षण का केंद्र है, और इस सीजन में बीमा के लिए अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन चुके है।

उनका यह भी कहना है कि लीची के अधिक पेड़ों के मालिक किसान तो सीजन में 5 से 8 लाख तक भी कमा लेते हैं। लीची के फलों के बदौलत अपनी आर्थिक स्थिति में सुखद बदलाव के विषय में वह प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहते है कि वे परम्परागत कृषि तो करते ही है।

पोल को क्षतिग्रस्त करने वाले ट्रक मालिक से वसूला गया जुर्माना

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बचेली नगर पालिका क्षेत्र में विगत दिवस 2 मई को गाडर पुल नवनिर्मित ऑक्सीजन पार्क के पास डिवाइडर मे लगे 2 विद्युत पोल को वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 3695 द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया था, इस संबंध में नगर पालिका अधिनियम 1961 में निहित धाराओं के तहत वाहन मालिक गुणवीत सिंह से 35763 रुपए जुर्माना वसूला गया।

पंचमुखी हनुमान मंदिर का दानपेटी पार, पुलिस में शिकायत

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम मुजगहन में नव निर्मित पंचमुखी उनुमान मंदिर में सोमवार की रात चोरी हो गई। जिसकी शिकायत अर्जुनी थाने में कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है ।

शिकायत में कहा गया है कि ग्राम मुजगहन के पास नव निर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर से 5 मई की रात में ताला तोड़कर दानपेटी की चोरी कर लिया गया है जिसकी जानकारी दूसरे दिन सुबहु पुजारी करुण साहू के माध्यम से मिली । पुलिस प्रशासमन से निवेदन है कि मामले की छानबीन कर चोर को कड़ी में कड़ी सजा दें। ताकि भविष्य में फिर ऐसी घटना न हो। शिकायत करने वालों में पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के सदस्यदीलिप नेताम यादराम साहू सोमेश ध्रुव, नितेश कामड़े आदि शामिल थे

चौपाटी को व्यवस्थित करने आयुक्त को ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। कोमल संभाकर एवं मकेश्वर वार्ड के लोगों ने नगर पालिक निगम आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर मकई पार्क में स्थित चौपाटी को अच्छे व सुसज्जित रूप से विकसित करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मकई पार्क में स्थित चौपाटी को साफ-सुथरा करने व वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था करना बहुत जरूरी है वहां की दुकानों को उचित सुविधा देकर व लाईट एवं बैठने की उचित व्यवस्था करने की आवश्यकता है। निगम को चाहिए कि मकई पार्क में स्थित चौपाटी को सुस्सज्जित व लोगों के लिए सुविधाजनक रूप से विकसित करे ।

दंतेवाड़ा में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में लोन वर्राटू अभियान में लगातार तेजी देखी जा रही है। अब तक लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर पूरे बस्तर में 799 माओवादियों ने सरेंडर किया है। बुधवार को दंतेवाड़ा एसपी कार्यालय में दंतेवाड़ा पुलिस के सामने तीन नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया. इनमें दो महिला और एक पुरुष नक्सली शामिल है।

सरेंडर करने वाले तीनों नक्सली लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा उन्हें सरकार की तरफ से चलाई जा रही नक्सल उन्मूलन नीति ने भी प्रभावित किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति भी चलाई जाती है। इन नीतियों से प्रभावित होकर भी इन तीन नक्सलियों ने सरेंडर किया है। दंतेवाड़ा पुलिस और सीआरपीएफ टीम की तरफ से भटके हुए युवा जो नक्सलियों से जुड़े हुए हैं। उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का काम किया जा रहा है। इस कार्य में पुलिस को सफलता भी मिल रही है।

इन्होंने किया सरेंडर कुमारी नंदे मरकाम, केएएमएस सदस्य

केशा गोंचे, गोंडेरास पंचायत मिलिशिया सदस्य और कुमारी मल्ले, गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य शामिल हैं। तीनों नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के सामने सरेंडर किया है। अब तक बस्तर में लोन वर्राटू अभियान के तहत 180 इनामी नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। जबकि इस अभियान से प्रेरित होकर कुल 799 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

दंतेवाड़ा एसपी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने खून खराबा छोड़ने का फैसला लिया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों का कहना है कि वह माओवादियों की खोखली विचारधारा और उनके शोषण से परेशान थे। इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है। जिन माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है उनका माओवादियों की मलांगेर एरिया कमेटी से जुड़ाव था।

पानी के लिए पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बागोड एवं दसपुर प्लांट से जल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालन की मांग

कांकेर/नवप्रदेश। नगरपालिका परिषद कांकेर के दर्जन भर पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल ने जल आवर्धन योजना अन्तर्गत बागोड एवं दसपुर प्लांट में आये दिन बिजली आपूर्ति के अभाव में शहर में पानी सप्लाई नहीं होने से वार्ड के लोगों में इस भीषण गर्मी में पानी के लिए त्राहि त्राहि मच रहा है पार्षदों ने कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जलावर्धन योजना का सुचारू रूप से संचालन करने की मांग किया गया है।

ज्ञापन सौंपने के बाद पार्षद जितेन्द्र वैद्य श्रीमती माला मुकेश तिवारी आंनद चौरसिया नरेश बिछिया अजय सिह रेणु लीना जैन मोनू शादाब खान ने बताया की जल आवर्धन योजना अन्तर्गत बागोड़ एवं दसपुर प्लांट में आय दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है जिसके कारण कांकेर शहर में पेयजल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होता है तथा कांकेर शहर के नागरिकों को पेयजल से वंचित होना पड़ता है यह विगत कई माह से बाधित हो रहा है हम निर्वाचित पार्षद आपके समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। शहर के नागरीकों को मिलने वाली पेयजल में आ रही विद्युत बाधा को दुरूस्त करने की आवश्यकता है।

बताते चले की भीषण गर्मी में शहर वासियों को हो रहीं पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु विद्युत विभाग को विद्युत आपुर्ति के लिए निर्देशित करने की मांग की गई है।

पानी की आपूर्ति बाधित, लोगों में आक्रोश

पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कांकेर में वर्तमान समय में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है पारा 40=42 डिग्री के आसपास चल रहा है। आमजन इस भीषण गर्मी के दौरान वार्डों में पानी की किल्लत से त्राहिमाम मच जाता है टैंकर से पानी की आपूर्ति करना बेहद मुश्किल होता है। ऊपर से विद्युत विभाग की इतने मेंटेंनेस कार्य के बावजूद हल्की बारिश हवा तूफान से बिजली के गुल होने से इसका सीधा असर जल आपूर्ति में होता है। फिर घंटो लाइट बंद होने से वार्ड के लोगो को पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है।

अंतागढ़ टेप कांड, हाईकोर्ट से पूर्व विधायक मंतू को क्लीन चिट

समर्थकों में जश्न का माहौल

काँकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ का हाइप्रोफाइल सियासी का घटनाक्रम अंतागढ़ टेपकांड का बिलासपुर उच्च न्यायालय से पूर्व विधायक मंतुराम पवार को क्लीन चिट मिल गया।अंतागढ़ से एक बार कांग्रेस विधायक रहे मंतूराम पवार ने क्लीन चिट मिलने के बाद कहा की उन पर लगाए गए तमाम आरोप समाप्त कर दिए गए हैं और हाई कोर्ट से उनका मामला जिसमें अंतागढ़ के कुख्यात टेप कांड में प्रलोभन तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे।वह मामला अब महाधिवक्ता के अनुसार हाई कोर्ट में खत्म और खारिज कर दिया गया है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह अजीत जोगी उनके पुत्र अमित जोगी डॉक्टर रमन सिंह के दामाद

पुनीत गुप्ता राजेश मूणत एवं अनेक अन्य को आरोपी बनाया गया था आरोप के अनुसार मंतूराम पवार ने 2014 के अंतागढ़ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वाक ओवर देते हुए कांग्रेसी उम्मीदवार की हैसियत से अपना नामांकन चुपचाप वापस ले लिया था । इस कांड की चर्चा पूरे देश में हुई थी।

नल जल योजना का ग्रामीणों को नहीं मिला रहा लाभ

तुएगहन के ग्राणीणों के साथ सरपंच पहुंची पीएचई कार्यालय

■ बोरखनन कर पानी उपलब्ध कराने की लगाई गुहार

कांकेर/नवप्रदेश। पानी की मांग को लेकर भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुएगाहन सलीहा पारा के सरपंच और ग्रामीण कांकेर के कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ राजेश हिरकने को ज्ञापन सौंपकर नल-जल योजनान्तर्गत नलकूप खनन की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के बाद ग्राम पंचायत तुएगाहन सलीहा पारा के सरपंच और ग्रामीण पुष्पा मानो बाई उमेश्वरी मिनेखरी सावन शैलेंदी निलो नवनम निर्मला होमेश्वरी पुलेखणी मीना प्रेमो बाई गीता नंदनी आदि ने बताया कि हम सभी भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुएगुहान (सलिहा पारा) में नल-जल योजना संचालित है। इसमें लगभग 35-40 परिवार निवासरत है इन परिवार वालों को नल-जल प्रदाय योजना के तहत पानी का आपूर्ति नहीं हो पा रही है, पूर्व से संचालित हैंडपंप जहां पानी का पर्याप्त स्त्रोत नहीं है उसमें मोटर पंप डाला गया है नल-जल योजना के तहत पानी का आपूर्ति किया जा रहा था कुछ दिनों से पानी कम आने के कारण मोहल्लावासियों को पेयजल आपूर्ति में बड़ी ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।सरपंच

किसी तरह से टैंकर के जरिए पानी की बहाली गांव में करावा जा रहा है।

करोड़ों खर्च के बावजूद, नल जल योजना फ्लॉप

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजनाओ में एक नल जल योजना शामिल है। और इस योजना का लाभ भले ही केंद्र सरकार और राज्य सरकार लाख दावे धरातल में सिर्फ भ्रष्टाचार कर नल जल योजना का अफसरों ने पलीता लगाया है इसका ताजा उदाहरण तुएगहन के सलिहापारा से पहुंची महिलाओं की जुबानी सुनी और देखी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर नल जल योजना का सम्पूर्ण कार्य होने के बावजूद ग्रामीणों को पानी की किल्लत क्यों होने लगी है इसके अलावा गांव के घर घर में मात्र नल लगाकर जल के लिए इंतजार करने मजबूर कर दिया गया है। गांव के ग्रामीणों की माने तो नल जल योजना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के सहायक अभियंता छुपकर भागे

ग्राम पंचायत तूएगहन के सरपंच और ग्रामीणों की शिकायत को देखते मीडिया जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंची और ग्रामीणों की शिकायत को लेकर राजेश हिरकने सहायक अभियंता लो.स्वा.यां.से सवाल पूछना चाहा तो मीडिया के सवालों से बचते हुए अपने कार्यालय से भाग खड़े हुए इससे ऐसा प्रतीत होता है की ग्राम पंचायत तूएगहन में नल जल योजना अंतर्गत कार्य में जमकर बंदरबांट किए जाने से इंकार नहीं किया जा सकता है!

मुखबिरी का आरोप लगाकर जानलेवा हमला

नारायणपुर/नवप्रदेश। छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के कलेपाड़ गांव में बीती रात नक्सलियों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन और सिर पर वार किया। ग्रामीण जब गंभीर घायल हो गया तो नक्सली उसे मृत समझकर भाग निकले। मौके पर फेंके गए पर्चे में नक्सलियों ने ग्रामीण पर पुलिस मुखबिर का आरोप लगाया है।

मुखबिरी के आरोप में ग्रामीण पर नक्सलियों का जानलेवा हमलाः रोहताड़ के कलेपाड़ पारा में जंगल किनारे नक्सलियों के हमले से ग्रामीण के घायल होने की सूचना सुरक्षा बल के जवानों को मिली। डीआरजी बल, छोटेडोंगर थाना प्रभारी एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। उसके सिर पर चोट लगी थी। साथ ही उसके ऊपर एक नक्सली पर्चा रखा था। हाल ही में नारायणपुर में सुरक्षाबलों ने माड़ बचाओ अभियान के तहत अबूझमाड़ में नक्सल ऑपरेशन चलाया। इसके लिए कांकेर से 240 जवान और 590 एसटीएफ जवान काकुर टेकमेटा के जंगल पहुंचे। नक्सलियों की मौजूदगी पर सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 नक्सलियों को मार गिराया। 28 अप्रैल से सुरक्षाबलों की टीम ने यहां ऑपरेशन शुरू किया था।

घायल व्यक्ति ने अपना नाम गुड्डू बताया। सुरक्षा बल के जवान उसे छोटेडोंगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां गंभीर घायल का इलाज कराया और नारायणपुर जिला अस्पताल रेफर करवाया.

- अर्जुन कुर्रे, एसडीओपी

बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्री वरुण नागेश के मार्गदर्शन में यूनिसेफके सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए, किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बाल विवाह रोकथाम पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा। जिसके तहत यूनिसेफ के युवोदय वालंटियर्स द्वारा ÷पहले पढाई फिर विदाई÷ नारों के साथ जिले के सभी पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के सामाजिक समारोह ,शासकीय कार्यक्रमों, हाट-बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में बैनर पोस्टर लगाकर रैली, नुक्कड़-नाटक, माईकिंग, दीवारों पर नारा लेखन, रंगोली एवं सुपोषण चौपाल के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अंबानी-अदाणी से कितना...

अंबानी, अदाणी से कितना माल उठाया है। काले धन के कितने बोरे भरकर मारे। टेम्पो भरकर नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे है क्या, आखिर क्या सौदा हुआ है? रातोंरात अंबानी, अदाणी को गाली देना बंद कर दिया, जरूर दाल में कुछ काला है। 5 साल तक गाली दी और अब ये बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भरके आपने पाया है। इसका जवाब तो देश को देना ही पड़ेगा।

एक ही सिक्के के दो पहलू

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा 'राष्ट्र-प्रथम' के सिद्धांत पर चलती है। लेकिन दूसरी ओर, कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना में 'परिवार-प्रथम' सिद्धांत पर चलती है। कांग्रेस और बीआरएस पूरी तरह से परिवार द्वारा, परिवार के लिए, परिवार के लिए हैं। ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस और बीआरएस को कौन जोड़ता है? कांग्रेस और बीआरएस को भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति और जीरो गवर्नेंस का मॉडल जोड़ती है। इसलिए, हमें तेलंगाना को इन पार्टियों के भ्रष्ट चंगुल से बचाने की जरूरत है। परिवार प्रथम' की इसी नीति के कारण कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव का अपमान किया, यहां तक कि उनकी मृत्यु के बाद उनके शव को कांग्रेस कार्यालय में प्रवेश से भी वंचित कर दिया।

तीन चरण की हार से ...

ही परिणाम के असली रुझान है।÷

..पर किसानों का कर्ज माफनहीं कियाः प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा ÷आज नरेंद्र मोदी ने कहा- राहुल गांधी जी अडानी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई ये है- राहुल गांधी जी हर दिन अडानी की बात करते हैं, वे रोज अडानी की सच्चाई आपके सामने रखते हैं, उसका खुलासा करते हैं। उन्होंने आगे कहा ÷राहुल गांधी रोज बताते हैं कि नरेंद्र मोदी की बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ सांठ-गांठ है। नरेंद्र मोदी ने अपने मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए, लेकिन किसानों का एक रुपए माफनहीं किया। नरेंद्र मोदी इस बात का जवाब दें..।

सैम पित्रोदा के बयान से चढ़ा ...

भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सैम पित्रोदा के बयानों को देश को तोड़ने वाला करार दिया और कांग्रेस से इस अपराध के लिए देश से क्षमा याचना करने की मांग की।

सैम पित्रोदा के इस बयान पर पलटवार

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि राम मंदिर, रामनवमी और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राम मंदिर दौरे से भारत की विविधता और लोकतंत्र को चुनौती मिल रही है। उन्होंने कहा, मैं दोहराना चाहता हूं कि ऐसे विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित लोग उस विचार को नहीं समझ सकते, जब प्रधानमंत्री श्री मोदी कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। वे इसमें क्यों हैं कि हमें सब कुछ विदेशियों द्वारा दिया गया है। उनका बयान देश की मौलिक पहचान के प्रति उनकी अज्ञानता और अवमानना को दर्शाता है। जिस संस्कृति के बारे में वे दावा कर रहे हैं कि उसने भारत और लोकतंत्र के विचार को कमजोर कर दिया है, वह संस्कृति लोकतंत्र और विविधता का मौलिक आधार है। बाबरी ढांचे की रक्षा के लिए आप अदालत में खड़े थे और राम मंदिर को बदनाम करने के लिए आप विदेश से खड़े हो गये हैं।

उस्ताद सैम पर कांग्रेस ...

भारत में विदेशी मानसिकता के असर में काम करने वालों और उन लोगों के बीच एक लड़ाई बन गए हैं, जो आत्मनिर्भरता और आत्म-सम्मान के साथ काम कर रहे हैं।

एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से ...

वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। कंपनी के खिलाफदर्ज हुए मुकदमे

एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

भारत में भी उठी चिंताएं

एस्ट्राजेनेका ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों से ही कोरोना वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला किया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट की तरफ से अभी तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत में भी कोविशील्ड को लेकर चिंता उठ रही है और इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है और वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सुनवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं हुई है।

वैक्सीन का अपडेट संस्करण ...

मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

भारत और यूरोपीय संघ के...

औद्योगिक रणनीति (ईडीआईएस) सहित यूरोपीय संघ के रणनीतिक और इंडो-पैसिफिक रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ यूरोपीय संघ के नए संचालन, जैसे कि ईयूएनएवीफोर एस्पिड्स के कार्यान्वयन की जानकारी दी।

नए क्षेत्रों का पता लगाने की आवश्यकता पर भी सहमति

इसके अलावा, उन्होंने साइबर, समुद्री सुरक्षा और संकट प्रबंधन जैसे द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों में जुड़ाव को गहरा करने पर भी चर्चा की। साथ ही इस पर सहमति जताई, एन्हांसिंग कोऑपरेशन इन एंड विद एशिया (ईएसआईडब्ल्यूए) द्वारा प्रस्तावित संभावनाओं का पूरा उपयोग करना शामिल है। वे अंतरिक्ष सुरक्षा सहित सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने की आवश्यकता पर भी सहमत हुए।

उत्तराखंड के जंगलों में लगी...

'सरकार जितने आराम से ब्योरा दे रही हालात उससे ज्यादा गंभीर'

सरकार ने कहा कि अब तक जंगलों में आग की 398 घटनाएं रजिस्टर की गई हैं। 350 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 62 लोगों को नामजद किया गया है। 298 अज्ञात लोगों की पहचान की कोशिश जारी है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार जितने आराम से ब्योरा दे रही है हालात उससे ज्यादा गंभीर हैं। जंगल में रहने वाले जानवर, पक्षी और वनस्पति के साथ आसपास रहने वाले निवासियों के अस्तित्व को भी भीषण खतरा है। जस्टिस गवई ने कहा कि क्या हम इसमें सीईसी यानी सेंट्रल एंपावर्ड कमिटी को भी शामिल कर सकते हैं?

'हम बारिश के भरोसे बैठे नहीं रह सकते'

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया में जंगलों में आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं। राज्य सरकार क्या कर रही है? उत्तराखंड के जंगलों में आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते। सरकार को आगे बढ़कर शीघ्र ही कारगर उपाय करने होंगे।

सरकार ने क्या कहा?

उत्तराखंड सरकार ने कहा कि अभी दो महीने आग का सीजन रहता है। हर चार साल में जंगल की आग का भीषण दौर आता है। इसके बाद अगले साल कम फिर और कम घटनाएं होती जाती हैं। चौथे साल ये फिर काफी ज्यादा होती हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हमें देखना होगा कि केंद्रीय उच्चाधिकार समिति को कैसे शामिल किया जा सकता है। अब कोर्ट 15 मई को अगली सुनवाई करेगा।

छह महीने में खाक हुआ ...

इस बीच तमाम कोशिशें हो रही हैं। यहां तक कि एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर भी अलग तकनीक से आग बुझाने में लगे हुए हैं।

पेड़ों की बलि के पक्ष में नहीं ...

मुख्य न्यायाधीश ने कहा..

एचसी के लिए हजारों पेड़ इसकी जद में आ रहे हैं। हाईकोर्ट पेड़ों के पातन के पक्ष में नहीं है। इसलिये आईडीपीएल की गैर विवादित भूमि पर उच्च न्यायालय की बेंच गठित करने के लिये सरकार 21 मई तक जवाब दे। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि आने वाले 50 सालों के लिये योजना बनायी जानी चाहिए। पहले तीन न्यायाधीशों की बेंच थी और आज उच्च न्यायालय में 11 न्यायाधीश हैं। अदालत ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह यहां भी हाईकोर्ट की दो बेंच स्थापित होनी चाहिए। एक बेंच नैनीताल और एक बेंच आईडीपीएल ऋषिकेश में बनायी जाये। अदालत ने कहा कि 75 प्रतिशत मामले देहरादून से आते हैं।

इसलिये आईडीपीएल हाईकोर्ट के लिये मुफीद है। उन्होंने सरकार को 21 मई तक प्रस्ताव भेजने को कहा है। पीठ ने कहा कि इससे सरकार पर पड़ने वाला बोझ भी कम हो सकेगा। मुख्य सचिव ने इस मामले में कहा कि सरकार से बात करने के बाद वह इस प्रकरण में जवाब देंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

पूर्व पालिका अध्यक्ष की पुत्री शिल्पा साहू ने हिमाचल प्रदेश से आकर किया मतदान

नवापारा राजिम। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमति देहुति रतिराम साहू की पुत्री श्रीमती शिल्पी साहू जो की हिमांचल प्रदेश में निवासरत है जहाँ से अपने मतधिकार का प्रयोगकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा देश को विकसित राष्ट्र के लिए एक मजबूत सरकार बनाने हिमांचल प्रदेश से आकर गोबरा नवापारा के खोली पारा में स्थित प्राथमिक शाला के बूथ क्रमांक 220 में अपना मतदान किया।

21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खिलाड़ियों को 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण वर्ष 2024-25 अंतर्गत 10 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के चारों विकासखण्ड में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें हॉकी, व्हॉलीबॉल, बेसबॉल, साफ्टबॉल कराते, बॉल बैडमिंटन, हैण्डबॉल, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन खेल को सम्मिलित किया गया है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बालक/बालिका सभी वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे एवं शाम को 6 से 8 बजे तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के मतदाताओं ने किया अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग

बलरामपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 07 मई मतदान दिवस को जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। समुदाय के लोग अपने मतदान केन्द्रों में जाकर बड़ी उत्साह के साथ मतदान किये। समुदाय के बुजुर्ग, युवा, पुरूष एवं महिलाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

रायपुर/नवप्रदेश। राजा तालाब स्थितलोटस हास्पिटल ने लोगों को वोट डालने की अपील की एवं अस्पताल के सामने मतदाताओं को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने पानी बोतल वितरित किया गया।

अधिकारी व ठेकेदार की मिलीभगत का खुलासा

शासकीय जमीन को निजी बताकर लीज में देने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत कर ग्रामीणों ने की लीज निरस्त करने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाईकभाटा में शासकीय जमीन को निजी जमीन बताकर उसे पत्थर उत्खनन के लिए लीज पर दिए जाने का मामला सामने आया है ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से कर लीज को निरस्त करने की मांग की है सोमवार को शिकायत लेकर कलेक्टर आफिस पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बेलरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पाईकभाटा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 795 को पूर्व में लीज पर दिया गया था जिसकी लीज अवधि 5 वर्ष पूर्व समाप्त हो चुकी है वर्तमान में नगरी के एक ठेकेदार द्वारा गोण खनिज पत्थर उत्खनन करने क्रेशर मशीन लगाने के लिए उक्त खसरा नंबर 795 के भाग में से 120 हेक्टेयर भूमि को अपनी निजी भूमि बताते हुए खनिज विभाग में अनैतिक तरीके से आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा शासन की नियमों एवं शर्तों को तात्पर रखते हुए शासकीय भूमि को निजी बात कर लीज पर दिया गया है जो की पूर्ववर्त पूर्णता है वैधानिक है यहां तक की ग्राम पंचायत में भी गलत तरीके से आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों एवं शर्तों को ताक पर रखते हुए शासकीय भूमि को निजी बताकर लिज पर दिया गया है जो की पूर्णतः अवैधानिक है यहां तक की ग्राम पंचायत पर ग्राम सभा से भी एनओसी नहीं लिया गया है गांव में हो रहे इस अवैधानिक कार्य का सभी ग्राम वासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त खसरा नंबर 795 की भूमि को ग्राम वासी दी डोंगरी के नाम से जानते हैं और यहां गांव की आराध्य देवी मां शीतला देवी पहाड़ वाली माता व नर वाली माता का निवास है पूर्व में मनमानी तरीके से खनन के कारण उक्त जमीन में 500 से 700 फीट तक गहरा खाई बन गया है यहां जान माल का डर हमेशा बना रहता है वही ग्रामवासी पिछले 4 महीने से पारंपरिक कार्य गांव बनाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पहाड़ी में पत्थर के तोड़फोड़ के चलते यह कार्य नहीं हो पा रहा है जिसमें पारंपरिक कार्य एवं रीति-रिवाज में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है ग्रामीणों की मांग है कि उक्त लिज को तत्काल निरस्त कर प्रकरण में जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग किया है, उक्त मांग को लेकर पाईकभाटा के सरपंच एवं उप सरपंच के साथ ग्राम देव समिति अध्यक्ष अवरुद्ध मरकाम, सचिव योगेश गुलाब, हेमंत कुमार, अनिल कुमार,फूल सिंह, चिंतामणि, राजेंद्र, कमल नारायण,हरिशचंद्र नेताम अमरचंद जयराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे थे,स्थानीय प्रशासन शिकायत पर नहीं करते कार्यवाही यहां बताना लाजिमी है कि इस आदिवासी विकास खंड में अधिकारियों की मिली भगत से अवैधानिक कार्य जोरों से चल रहा है लोगों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में गौण खनिज,खनन अतिक्रमण अवैध ईंटभट्ठा सहित लकड़ी चोरी कर फर्नीचर मार्ट चलाना जैसे अवैध कार्य संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में धड़ल्ले से हो रहा है शिकायत पर जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते इसके कारण अवैध कार्य में संलिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं, शिकायत पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है,नगर में चर्चा है कि पैसे के दम पर कोई भी अवैध कार्य करलो कोई रोकने वाला नहीं है।

मराठी समाज ने 90 फीसदी मतदान कर बनाया कीर्तिमान

■ **मतदाता जागरूकता अभियान का सुखद परिणाम**

रायपुर/नवप्रदेश। लगभग चार महीने से सतत् मतदाता जागरूकता अभियान और मराठी समाज में प्रत्येक व्यक्ति से मतदान करने की अपील का मंगलवार को सुखद नतीजा देखने को मिला। रायपुर लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान में मराठी समाज से 90 प्रतिशत से अधिक लोगों के वोट डालने का अनुमान है।

सुबह से ही महाराष्ट्र मंडल के व्हाट्सएप ग्रुप पर वोट डालने वाले के बाद जोशीले मतदाताओं में फोटो डालने की होड़ लगी रही।

महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि जनवरी में हल्दी कुंकू के भव्य आयोजन से लेकर अप्रैल में चैत्र मास हल्दी कुंकू-भजन स्पर्धा, गुड़ी पाड़वा महोत्सव जैसे अनेक बड़े आयोजनों में महिलाओं को वोट डालने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पास- पड़ोस, गली- मोहल्लों में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। मंगलवार को हुए मतदान से महाराष्ट्र मंडल के मतदाता जागरूकता अभियान की सफलता साफतौर दिखाई दी।

अध्यक्ष अजय काले ने बताया की 97 वर्षीय सुधाकर कोंडापुरकर और 94 वर्षीय उनकी पत्नी से लेकर 85 साल की पुष्पा लांबे, प्रमोदिनी देशमुख, नलिनी राजिमवाले, शशिकला किरवईवाले, 84 साल के अनिल श्रीराम कालेले, शालिनी मधुकर काले समेत बीसियों वयोवृद्ध महाराष्ट्रियन वोट डालने वालों की अग्रिम पंक्ति में शामिल रहे। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में जोश देखने के लायक था। उदाहरण स्वरूप दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी आस्था काले की नागपुर में अध्ययनरत सुपुत्री आद्रिका काले अस्वस्थ होने के बावजूद केवल मतदान करने के लिए रायपुर पहुंचीं और उन्होंने अपने जीवन का पहला मतदान किया। सचिव चेतन दंडवते के अनुसार महाराष्ट्र मंडल ने न केवल मराठी समाज, बल्कि समूची राजधानी में मतदाता जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर दिया। ऐसा कोई सप्ताह नहीं गया, जब मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाराष्ट्र मंडल की ओर से आयोजन न किए गए हों।

शहर में वोटिंग पहले ही धीमी, उसके बाद बारिश ने डाली मतदान में बाधा.. तेज आंधी के साथ पानी ने बिगाड़ा मतदाताओं का मूड

कोरबा/नवप्रदेश। शाम के चार बजते ही शहर के मौसम में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही जहां धूप छांव का दौर रहा, शाम को तेज हवाएं चलने लगी। देखते ही देखते तूफान सा शुरू हो गया और तेज अंधड़ से पेड़ बुरी तरह कांपने लगे। पहले ही मंगलवार की सुबह से कोरबा शहर में वोटिंग काफी धीमा रहा और उस पर मौसम की खलल से मतदान को प्रभावित कर दिया है।

कोरबा लोकसभा मतदान में बारिश ने खलल डाल दी है। तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश से शहर की बिजली बाधित हो गई है। कोरबा में मतदान के दौरान तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई है। इसके चलते मतदान केंद्र के बाहर लगे तंबू और बैनर-पोस्टर हवा में उड़ गए। बूथ के आस पास लगे स्टॉल में दोनों दलों के कार्यकर्ता भी पंडाल छोड़ने विवश हुए। इसके चलते मतदान रुक गया है। जिले में धूल-राखड उड़ने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। दिन में अंधेरा छा गया है, इसके चलते लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलाना पड़ रहा है। कई जगह विद्युत खंभों पर शॉर्ट सर्किट हुआ है।

कई जगह 30 से 40% लोग वोटिंग से बचे, अनेक बूथों में लंबी कतार

गौर करने वाली बात यह है कि शहरी क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया काफी धीमी गति से बढ़ ही रही थी कि अचानक मौसम ने करवट ली और आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बिजली बंद होने की वजह से मतदान से संबंधित मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया रुक गई है बताया जा रहा है भादरापारा बाल्को नगर बूथ क्रमांक 109,110,111,112 लोगों की अभी भी लंबी कतार लगी है। बिजली न होने के कारण मतदान करने वाले अधिकारी भी मायूस होकर बैठ गए हैं।

रेणु और अमित जोगी ने गौरेला में टॉर्च की रोशनी में दिया वोट

बताया जा रहा है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मतदान किया। गौरेला के सार बहरा मतदान केंद्र में बिजली गुल होने के कारण उन्होंने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मतदान करना पड़ा। इस दौरान अमित जोगी ने कहा, फिलहाल सक्रिय राजनीति से दूर हूं। कुछ समय बाद किसी नतीजे पर कह सकूंगा। उनकी मां रेणु जोगी ने कहा कि मैं क्षेत्र की बहू हूं। यही की निवासी हूं। मैं यहां के लोगों की सेवा करती रहूंगी।

जांजगीर–चांपा में 64.95% रहा मतदान

भटगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 का तीसरे चरण का मतदान 7 मई 2024 को संपन्न हुआ जहां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के संसदीय क्षेत्र लोकसभा जांजगीर चांपा में 64. 95% रहा है। तो वही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत नगर पंचायत भटगांव में मै 5:42 मिनट तक शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव बूथ क्रमांक 171 में कुल मतदाता 1007 रहे जिसमें 575 वोट पड़े जिसमें महिला 232 और पुरुष की संख्या 281 रहा और इस तरह से 56% मतदान हुआ । इसी तरह बुथ क्रमांक 175 में कुल मतदाता 734 रहे जिसमे 372 वोट पड़े जिसमें महिला 184 तथा पुरुष की संख्या 188 रहे । इसी प्रकार बूथ क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव में कुल मतदाता की संख्या 975 रहे जिसमें कुल 484 वोट पड़े जिसमें महिला 252 तथा पुरुष की संख्या 232 रहे । इसी तरह बूथ क्रमांक 168 आदर्श प्राथमिक शाला भटगांव (स) में कुल मतदाता की संख्या 817 रहे जिसमें कुल 510 वोट पड़े जिसमें महिला 240 तथा पुरुष की संख्या 270 रहा । इस प्रकार आदर्श प्राथमिक शाला में बूथ क्रमांक 169 में कुल मतदाता की संख्या 1010 रहे जिसमें कुल 538 वोट पड़े जिसमें महिला 281 तथा पुरुष की संख्या 257 रहा और इसी तरह बूथ क्रमांक 167 में कुल मतदाता की संख्या 802 रहे जिसमें कुल 534 वोट पड़े जहां महिला मतदाता की संख्या 255 तथा पुरुष मतदाता की संख्या 279 रहे ।

इस तरह बुथ क्रमांक 166 का कुल मतदाता की संख्या 738 रहे एवं एक ई,डी,सी जहां कुल 474 वोट पड़े जिसमे महिलाओं की संख्या 242 तथा पुरुषों की संख्या 232 रहा इसी तरह बूथ क्रमांक 165 में कुल मतदाता की संख्या 897 रहा जहां 534 वोट पड़े जहां महिलाओं की संख्या 276 और पुरुष मतदाता की संख्या 258 रहा । मोर संगवारी मतदान केंद्र की जानकारी उपलब्ध नहीं हो सका।तो वही नगर भटगाव क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ ।

बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिली मतदान रथ की सुविधा

■ **कलेक्टर ने स्वयं मतदान रथ चलाकर बुजुर्ग को लेने पहुंचे घर**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इसी कड़ी में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं पुनः घर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ऐसी सुविधा से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही मतदान केंद्र में व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी थी।

कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां रखे मतदान रथ (ऑटो) को स्वयं चलाकर मतदाता को लेने बलौदाबाजार स्थित उसके घर पहुंचे। उन्होंने मतदाता श्रीमती सुलक्षणा तलान को पुष्प गुच्छ भेंटकर बलौदाबाजार मतदान केंद्र क्रमांक 120 में मतदान हेतु मतदान रथ में बैठाकर अपने साथ लाए। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता को व्हील चेयर पर मतदान के लिए जाने में भी मदद की। मतदान करने के बाद मतदाता श्रीमती सुलक्षणा तालान को पुनः मतदान रथ से वापस घर पहुंचाया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी साथ रहे।उन्होंने भी बुजुर्ग का हालचाल लेकर उनका अभिनंदन किया।

चुनाव का पर्व देश का गर्व का हिस्सा बने कलेक्टर एवं एसपी

एमसीबी। चुनाव का पर्व देश का गर्व में आज हिस्सा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रमोहन सिंह ने कतार में लगकर मतदान किया। नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ प्राथमिक शाल रैन बसेरा के पास मतदान क्रमांक 02 में सामान्य मतदताओं के समान लाइन में लग कर मतदान किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों के साथ हाथ मिलाकर पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी को भी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने एक साथ सेल्फी ली। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाताओं को जागरूकता के साथ मतदान करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। मतदान केंद्र में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने के लिए स्काउट गाइड के बच्चों को तैनात किया गया है।

जिनको सेवा मित्र का नाम दिया गया है। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र में उपस्थित बीएलओ को सभी का सहयोग करने की सलाह दी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी मतदाता से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

आधी रात बिगड़ा मौसम अंधड़ के साथ झमाझम बारिश

■ **कई जगह पेड़ गिरे, दर्जनभर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, 5 से 7 घंटे बिजली रही बंद, ग्रामीण क्षेत्र में मक्के की फसल बर्बाद**

कांकेर। सोमवार --मंगलवार की आधी रात करीब 2से 3बजे के आसपास कांकेर में मौसम ने करवट लेते हुए आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश हुई।आधी तूफान इतना तेज था कि सुबह कई जगह पेड़ बिजली के खंबे गिर गए थे। जिसके चलते कांकेर शहर पूरी तरह से बिजली बंद रही।भीषण गर्मी से आमजनों को राहत तो मिली लेकिन विद्युत आपूर्ति नहीं होने से लोग गर्मी से जूझते रहे।

रात में हुई आंधी तूफान केवल कांकेर ही नही बल्कि शहर के आसपास धूल भरी आंधी, तेज बारिश लगातार बदल की गर्जना और बिजली की आंखमिचौली ने लोगो की नींद हराम कर दी इसके अलावा बार बार बिजली गुल से लोगो का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। इसी तरह सुबह जमकर बारिश के बाद सुबह 10:00 बजे के आसपास धूप निकल आने से गर्मी से राहत तो मिली लेकिन उमस भरी गर्मी से आमजन जूझते नजर आए।

बिजली बंद होने से नल रहे बंद, पीने के पानी के लिए घंटो इंजतार.....

अचानक मौसम खराब होने के बाद अलसुबह बिजली बहाल नहीं होने से वार्डो में पानी की सप्लाई नहीं किया गया लोग पीने के पानी के लिए जद्दोजहद करते नजर आए। किसी तरह सुबह 10बजे बिजली बहाल होने के बाद पानी की सप्लाई किया गया। सबसे मजे की बात तो यह रही की बार बार बिजली का आने जाने से आमजनों में विद्युत विभाग के खिलाफ लोगो मे जमकर आक्रोश व्याप्त था।

आंधी तूफ़ान से बड़े-बड़े पेड़ धराशाई विद्युत व्यस्था पूरी तरह ठप्प रही

देर रात अचानक मौसम परिवर्तन होने से कांकेर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में आंधी तूफ़ान से बड़े बड़े पेड़ उखड़ कर जमीदोज हो गए। इतना ही नहीं पेड़ के अलावा बिजली के खंबे गिर गए थे। जिसके कारण करीब पांच छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति शुरू नही हो सकी थी। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली के क्षतिग्रस्त पोल की दुरुस्ती के कार्य तेजी से किए जाने की जानकारी मिली है।

न्यूज गैलरी

विधायक ने किया मतदान वोटरों का जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। विधायक इंद्र साव ने मंगलवार को सुबह अपने मतदान केंद्र क्रमांक 153 में पहुंच कर मतदान किया।विधायक ने कहा कि भारत में लोकतंत्र पर लोगो का पूरा भरोसा है। विधायक इंद्र साव अपने परिजनों के साथ सुबह जिला मतदान केंद्र क्रमांक 153 हथनीपारा वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर के पीछे शिव लाल मेहता स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने के लिए उनका आभार जताया। श्री साव ने मतदान केंद्र के बाहर इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोक तांत्रिक देश है और देश की जनता को भी अपने देश के लोकतंत्र पर पूरा विश्वास है,आज लोगो ने जिस उत्साह और उमंग के साथ मतदान में हिस्सा लिया उसके लिए पूरे क्षेत्र की जनता बधाई की पात्र है।

कलेक्टर ने लाइन में लगकर किया मतदान

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने अपने पत्नी उर्मिला चौहान के साथ जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने समस्त जिले वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। ,हमने सभी मतदान केंद्रों अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की पूरी कोशिश किए है। जिससे आम मतदाताओ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो। इस मौके पर कलेक्टर ने सहज सरल लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओ के बारे भी जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में आकर अपने फोटो लिए.कलेक्टर को अपने बीच देखकर मतदान करने आएं फर्स्ट टाइम वोटर ने भी सेल्फी लिए।

मिलर्स की बैठक में 3 दिन में बचा धान उठाने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले की धान खरीदी समितियों मे परिवहन के लिए बचे धानों को तीन दिन मे पूरी तरह उठाने के निर्देश जिला प्रशासन ने जिले के मिलरों को दिए है ।

कलेक्ट्रेट मे आयोजित मिलर्स और समिति प्रबंधकों की बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल द्वारा धान उठाव के सम्बन्ध में समीक्षा की । बैठक में अपर कलेक्टर पटेल ने जिले के सभी मिलरों को 3 दिन में धान उठाव करने निर्देश दिए । जिले के सभी 51 उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधकों एवं प्रभारियों को उपार्जन केन्द्रों में शेष धान का यथाशीघ्र निराकरण करने मिलरों को धान प्रदाय करने निर्देशित किया उन्होंने कहा की जिन मिलर्स को डीओ जारी हो चुका है, वे जल्द से जल्द उठाव करें। पटेल ने जिले में शून्य शॉर्टेज लाने के संबंध में सभी समिति प्रबंधकों/प्रभारियों को निर्देश दिए है। बैठक में खाद्य अधिकारी, सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाए, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिले के समस्त 51 उपार्जन केन्द्रों का प्रबंधक/प्रभारी के साथ जिले के सभी मिलर उपस्थित थे।

104 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने किया मतदान

नवापारा राजिम। मतदान के प्रति उत्साह लोगों में देखते ही बन रहा था। वहीं उम्र दराज व्यक्ति भी मतदान के प्रति काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्गों का भी उत्साह देखा गया। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 ,काली मंदिर के पीछे रहने वाली 104 वर्षीय श्रीमती सुबौती बाई साहू ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके पुत्र फेकनू साहू अपनी मां को गंज रोड स्थित आदर्श मतदान केंद्र तक लेकर आए।

हर आयु वर्ग के मतदाताओं में उत्साह, 67 प्रतिशत मतदान

भाटापारा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया संभावना अनुसार जिले में लगभग 67 प्रतिशत तक मतदान होने का अनुमान है,हालाकि अभी मतदान दलों की वापसी का क्रम है जिस के चलते फिलहाल सही आंकड़े देर रात तक आयेंगे।जिले में मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा।

प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान बिलाईगढ़ विधानसभा सहित प्रतिशत 65.24 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है।अनंतिम आंकड़े के अनुसार जांजगीर चांपा क्षेत्र अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 62.16 प्रतिशत,इसके साथ ही विधानसभा बिलाईगढ में 64.23 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 65.91प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की।

भाई माफ करना, नहीं हो पा रहा अब मेरे से, डैम में कूदकर खुदकुशी की आशंका

बालोद्/नवप्रदेश। जिले के महामाया थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने दोस्तों को मैसेज कर लापता हो गया. बोइरडीह डैम में राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 के रहने वाले युवक ने अपनी बाइक खड़ाकर सोमवार रात को अपने मित्रों को बाइक ले जाने और अब नहीं हो रहा मेरे से, मैसेज कर फोन बंद कर लापता हो गया. परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खोजबीन में जुटी है.

मिली जानकारी अनुसार, राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी 24 वर्षीय नरेश कुमार नागेश्वर पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद ने सोमवार की रात 9ः14 बजे अपने मित्र हिमालय विश्वकर्मा को मैसेज किया कि ÷भाई माफ कर देना, सॉरी और गुड बाय भाई, गाड़ी लेने डैम आ जाना चाबी लेके तेरा वाला, नहीं हो पा रहा अब मेरे से÷ और मोबाइल को बंद कर दिया. मैसेज आने के बाद और लगातार मोबाइल बंद आने से मित्रों और परिजनों ने खोजबीन शुरू की किंतु युवक का कोई पता नहीं चला. बोइरडीह डैम के ऊपर युवक की मोटर साइकिल मिलने के बाद परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की सूचना महामाया थाना में दी. बहुत रात हो जाने के कारण सुबह पुलिस प्रशासन डैम पहुंची तो डैम के किनारे पानी में

युवक की चप्पल मिली. इसके बाद आसपास खोजबीन की गई किंतु कोई सुराग हाथ नहीं लगा. इसके बाद बालोद से गोताखोरों की टीम को मोटर बोट के साथ बुलाई गई. शाम 6 बजे तक गोताखोरों ने भी डैम में उतरकर काफी खोजबीन की किंतु देर शाम तक कुछ भी हाथ नहीं लगा. सीएसपी राजहरा चित्रा वर्मा ने बताया कि लापता युवक के मित्र और परिजनों के बताए अनुसार बोईरडीह डैम के समीप बाइक और चप्पल मिलने के कारण और मित्रों को किए मैसेज को देखते हुए डैम में कूदकर आत्महत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही. गोताखोरों की टीम और मोटर बोट मंगवाकर मंगलवार को देर शाम तक खोजबीन की गईः बुधवार को पुनः सुबह छह बजे से गोताखोरों की टीम डैम पहुंचकर एक बार फिर से खोजबीन करेगीः यदि कोई सुराग नहीं मिला तो उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श कर दुर्ग से ऑक्सीजन मास्क सहित विशेष गोताखोरों की टीम भी बुलाई जाएगी. प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है गौरतलब है कि बीएसपी प्रशासन ने निर्मित बोइरडीह डैम में पूर्व में भी कई घटनाएं घट चुकी है. सुनसान रास्ता होने के कारण ये डैम असामाजिक तत्वों का डेरा बना हुआ है।

समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वालों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने जताई नाराजगी, दी चेतावनी

खैरागढ़/नवप्रदेश। सोमवार को कार्यालयीन समय शुरू होने के बाद भी नदारद रहने वाले अधिकारियों और विभागों की खबर पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने समयसीमा की बैठक मे नाराजगी जताते सभी विभागीय अधिकारियों को समय सीमा मे कार्यालय पहुँचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है । खबर प्रकाशन के बाद मंगलवार को आयोजित समयसीमा की बैठक शुरू होते ही कलेक्टर ने खबर को सबके संज्ञान मे लाते शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करने, समय पर कार्यालयों मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा । ताकि भविष्य मे इस तरह की शिकायतें सामने न आए । कलेक्टर वर्मा ने कहा कि कार्यालयों मे आवेदन, समस्याओं सहित अन्य कारणों से आने वाले लोगो और हितग्राहियों के काम समय पर पूरा करने की जवाबदारी सभी अधिकारियों की है । ऐसे मे देरी से आने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी ।

खुद करेगें जांच , लापरवाही पर सीधे कार्यवाही

समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अधिकारियों की लेटलतीफी पर नाराजगी जताते कहा कि सभी अधिकारियों की कार्यालयीन अवधि मे समय पर उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए । वे खुद अब भविष्य में कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगें । इस दौरान इस तरह की लापरवाही दूबारा मिली तो तत्काल संबंधितों पर कार्यवाही भी होगी । कलेक्टर वर्मा ने इस तरह की लापरवाही दोबारा नही बरतने हिदायत देते अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को सभी कार्यालयों मे अधिकारियों की समयसीमा मे उपस्थिति सुनिश्चित करने इसका समय समय पर निरीक्षण करने निर्देश दिए ।

खबर के बाद मचा था हडकंप

सोमवार को जिला कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आधे से ज्यादाविभागों के जिम्मेदार अधिकारी सवा 11 बजे तक अपने कार्यालय नही पहुँचे थे । इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कुर्सी खाली पड़ी थी । इसकी खबर प्रकाशित होते ही मंगलवार सुबह से जिला कार्यालय मे हडकंप की स्थिति रही । समयसीमा की बैठक होने के चलते विभागीय अधिकारी निर्धारित समय से पहले ही जिला कार्यालय पहुँच गए । नदारद रहने वाले अधिकारियों को कार्यवाही का डर भी सता रहा था । हालंकि कलेक्टर ने नाराजगी जताते सभी अधिकारियों को समझाइश देते भविष्य मे इस तरह की लापरवाही नही दोहराने के निर्देश दिए ।

हर विभागीय कार्यालयों का होगा निरीक्षण

समय पर कार्यालय नही पहुँचने वाले अधिकारियों की लापरवाही सुधारने अब जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के साथ साथ जिले भर के कार्यालयों का औचक निरीक्षण होगा । कलेक्टर वर्मा ने इ सके लिए अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को निर्देश देते सभी कार्यालयों के निरीक्षण करने कहा । ताकि अधिकारियों की लापरवाही सूधारी जा सके । अपर कलेक्टर पटेल अब जिले के विभागों मे अधिकारियो की उपस्थिति की जांच करेंगें ।

> सभी अधिकारियों को कार्यालयीन समय पर निर्धारित समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए है । इसकी मानिटरिंग और जिले भर के कार्यालयों का अब औचक निरीक्षण भी होगा । लापरवाही पर कार्यवाही भी होगी ।
>
> **प्रेम कुमार पटेल**
> अपर कलेक्टर खैरागढ़

तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए पति-पत्नी पर भालू का हमला, अस्पताल में दाखिल

पत्नी के घुटने को नोंचा, पति के चेहरे पर मारा पंजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। तेंदुपत्ता तोडऩे जंगल गए पति पत्नी पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया । घटना ब्लाक के वनांचल क्षेत्र देवरी की है । देवरी जंगल मे गांववालों के शोर शराबे के चलते भालू वापस जंगल की ओर भाग निकला । ग्रामीणों ने आनन फानन मे घायल अनिता को जिला मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल पहुँचाया है । जहाँ पति पत्नी दोनो का इलाज जारी है । ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या मे कुत्ते भीजानवरों से सुरक्षा के चलतें जंगल जाते है । भालू को देख पहले कुत्तों ने उसे दौड़ाया था

फिलहाल तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य जारी है । जिसमें गांव के संग्राहक बड़ी संख्या मे तेंदुपत्ता तोडऩे जा रहे है । मंगलवार सुबह नरेन्द्र यादव 30 वर्ष अपनी पत्नी अनीता यादव 27 वर्ष के साथ तोडऩे गांव के संग्राहको के साथ जंगल गया था । सूबह 7 बजे के करीब जंगल मे तेंदुपत्ता तोडऩे के दौरान जंगल की ओर से भागते आए भालू ने अनीता यादव पर हमला कर दिया । इस दौरान भालू ने अनीता के घुटने नोंच डाले । पत्नी पर भालू के हमले को देख बचाने आए पति नरेन्द्र भालू से भिड़ गया । इस दौरान भालू ने नरेन्द्र पर हमला किया और चेहरे मे नाखून गड़ा दिए । हालंकि पति नरेन्द्र को ज्यादा चोंटे नही आई है । इस दौरान वह ग्रामीणों की ओर पहुँच गया और हमला कर दिया । देवरी जंगल मे बड़ी संख्या मे भालूओं की उपस्थिति है । पिछले साल भी वहाँ भालू देखा गया था । सूचना के बाद दोपहर मे वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी भी सिविल अस्पताल पहुँचे और घायल पति पत्नी का हालचाल जाना और विभागीय तौर पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी ।

वर्जन-देवरी जंगल मे भालू के हमले से पति पत्नी के घायल होने की जानकारी के बाद अस्पताल पहुँचकर दोनो को देखा है । विभाग की ओर से पूर्ण इलाज की व्यवस्था व अन्य सहायता उपलब्ध करवा रहे है ।

संकुल समन्वयक प्राचार्य और शिक्षकों ने किया विश्व हिंदू परिषद से खास मुलाकात

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी द्वारा लगातार पूरे जिले में सक्रियता के साथ समाज के सभी क्षेत्रों में विभिन्न सकारात्मक कार्य किया जा रहे हैं जिससे समाज के विभिन्न वर्ग व्यापारी नौकरी पैसा शिक्षक डॉक्टर और अन्य हर प्रकार के वर्ग के लोग

लोगों में खास प्रभाव रहा है विश्व हिंदू परिषद के कार्यों से प्रभावित होकर सभी वर्गों के लोग लगातार विश्व युद्ध परिषद से जुड़ रहे हैं संगठन लगातार समाज में बढ़ रहे हुए विचार व्यभिचार अपराध बुराइयां नशे की लत धर्मांतरण मातरम् मतदांतरण और अन्य अपराधों के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं इन्हीं संघर्षो से प्रभावित होकर जिले के स्कूल संकुल सामान्य समन्वयक प्राचार्य और स्कूल शिक्षक विश्व हिंदू परिषद जिला धमतरी के मुख्य पदाधिकारी से खास मुलाकात के लिए महाराणा प्रताप गार्डन में पहुंचे जहां पर प्रांतीय पदाधिकारी मोहन साहू की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ज़िला कार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिलामंत्री रामचंद देवांगन से मुलाकात हुई और स्कूलों के माध्यम से किस तरह समाज में जागरण संस्कार नवनिर्माण भारतीय सभ्यता और संस्कृति के विषय में नैतिक शिक्षा प्रदान की जा सकती है इस संदर्भ में चर्चा हुई। जिले के सभी शिक्षक प्राचार्य के द्वारा विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर स्कूली बच्चों में राष्ट्रवाद, देश प्रेम एवं सभ्यता संस्कृति के विकास करने के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। प्रांतीय अधिकारी मोहन साहू ने शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है और भविष्य निर्माण का स्थान है आज के बच्चों को राष्ट्र हित मे जागरूक नागरिक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

जिला संकुल अध्यक्ष श्री लोकेश पांडे जी ने बताया की स्कूलों के माध्यम से कैसे बच्चों के मन में माता-पिता गुरुजनों के प्रति प्रेम सम्मान और उदारता की भावना कैसे विकसित की जा सकती है उसकी जानकारी दी।

पूर्व सरपंच की महतारी वंदन की किश्त पंचायत खाते में

खैरागढ़/नवप्रदेश। पूर्व में सरपंच रही महिला के महतारी वंदन योजना की राशि उसके खातें की बजाय सरपंच रहने के दौरान खुले पंचायत के खातें मे आने से परेशान महिला को अब राहत मिलेगी । परिजनों को इसकी जानकारी होने के बाद आनन फानन मे पंचायत सचिव को इसकी जानकारी देते पंचायत खातें का अपडेट कराने प्रयास जारी है । महिला के महतारी वंदन योजना की तीनों किश्त की राशि खुद के बजाय पंचायत खातें मे पहुँच गया है । मामला ब्लाक के मदराकुही पंचायत का है । पिछले कार्यकाल मे सरपंच रही शकुन पटवा द्वारा जिला मुख्यालय स्थित जिला सहकारी बैंक मे पंचायत का खाता खुलवाया गया था । सरपंच पटवा सहित सचिव सुधा वर्मा के द्वारा संयुक्त संचालित होने वाले इस खाते मे सरपंच रही शकुन पटवा का आधार लिंक हूआ था । पंचायत चुनाव के बाद मदराकुही मे सरपंच बदल गए लेकिन पंचायत सचिव ने उक्त खाते का अपडेट नही करवाया । पूर्व सरपंच शकुन पटवा ने प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन के बाद महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन जमा किया । इसमे उन्होने स्टेट बैंक खैरागढ़ का खाता नंबर दिया था । लेकिन सहकारी बैंक मे पंचायत खातें मे उनका आधार लिंक होने के चलते योजना मे उनका खाता पंचायत वाला अपडेट हो गया । महतारी वंदन योजना की पिछले तीन किश्त की राशि पंचायत के खातें मे शकुन पटवा के नाम से जमा हो रही है । इधर पूर्व महिला सरपंच सहित परिजन योजना की राशि नही मिलने को लेकर हैरान परेशान हो पंचायत सहित आंगनबाड़ी केन्द्र का चक्कर लगा रहे थे ।

रोजगार सहायिका पर मनमानी का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा कार्य मे काम कर रहे ग्रामीणों के अलावा दूसरे लोगो को भी फर्जी तरीके से मजदूरी राशि का भुगतान किए जाने के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर बड़ी संख्या मे कलेक्ट्रेट पहुँचे ब्लाक के ग्राम राहूद के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को ज्ञापन सौंप रोजगार सहायक को तत्काल हटाने और मनरेगा मे काम कर रहे मजदूरों को सही तरीके से मनरेगा भुगतान किए जाने की मांग की । बड़ी संख्या मे कलेक्ट्रेट पहुँचे ग्राम राहूद के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत राहूद की रोजगार सहायिका उमेश्वरी वर्मा द्वारा 9 लाख रू की लागत से हो रहे तालाब गहरीकरण कार्य मे कई लोगो को फर्जी भुगतान किया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि तालाब गहरीकरण कार्य मे गांव के लगभग 150 ग्रामीण मजदूरी कर रहे है । लेकिन इसके मस्टररोल मे 2 सौ से अधिक लोगो को भुगतान किया जा रहा है । मनरेगा मे काम करने वाले ग्रामीणों को सप्ताह भर की मजदूरी मे कम राशि का भुगतान हो रहा है । जबकि काम नही करने वाले कई लोगों को पूरा भुगतान किया जा रहा है । ग्रामीणों को मजदूरी मे 5 दिन की राशि 5 सौ रू और मेट कार्य करने वाले लोगो को 12 सौ रू का भुगतान रोजगार सहायिका द्वारा किया जा रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि जो गांव मे नही है ऐसे लोगो की भी फर्जी हाजिरी लगाकर उनको मजदूरी भुगतान किया गया है । ग्रामीणों ने रोजगार सहायिका पर आरोप लगाते कहा कि कमीशन लेकर ऐसे लोगो को भी मस्टररोल मे दर्ज कर भुगतान किया जा रहा है जो काम पर ही नही आ रहे है । रोजगार सहायिका द्वारा जिन लोगो को कार्य मे मेट बनाया गया है उनके परिवार के सदस्यों के खातें मे भी बिना काम के मजदूरी भुगतान जारी है । ग्रामीणों ने इसके दस्तावेज भी ज्ञापन के साथ प्रस्तुत करते रोजगार सहायिका को तत्काल पद से हटाने, काम करने वाले ग्रामीणों को मजदूरी का पूरा भुगतान करने, फर्जी हाजिरी भर कर मजदूरी पाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की ।

खदान में मतदान ने भाटापारावासियों का जीता दिल, देखने उमड़ी भीड़

0 जज्बे को सलाम कोई हॉस्पिटल से, तो बैंगलोर से आया वोट देने

भाटापारा/नवप्रदेश।,खनिज विभाग द्वारा भाटापारा नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 143 में में खदान में मतदान के थीम पर सजाया गया है। जो की काफी आकर्षक एवं विशाल रहा.लोग सुबह से शाम तक फोटो खिंचवाने के लिए उमड़े रहे। भाटापारा निवासी मतदाता राधेश्याम साहू ने कहा मैं चौथी बार लोकसभा चुनाव में मतदान कर रहा हूं. जिंदगी में पहली बार मतदान केंद्र में इस तरह की साज सज्जा देखने को मिला मानो हम मतदान केंद्र नहीं बल्कि कोई झांकी देखने के लिए आए हो।यहां पर बैठने की व्यवस्था के साथ पीने के लिए ठंडा पानी की भी समुचित व्यवस्था की प्रशासन द्वारा की गई है। निश्चित ही इस व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। यह चुनाव निश्चित ही मतदाताओं को सुविधा मुहैया कराने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही खदान में होने वाले गतिविधियों पर आधारित जीवंत सेल्फी जोन भी बनाया गया था।

तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी किया मतदान जिले के तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी बड़े उत्साह से लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी हुए. इस दौरान तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 186 में अपने मत का किया प्रयोग. लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान केंद्र क्रमांक 196 ढाबाडीह भाटापारा में दिव्यांग मतदाता प्रेम दास पिता ढेल सिंग उम्र 45 वर्ष द्वारा मतदान किया गया। जिसकी बाइक दुर्घटना मे पैर चोट होने के कारण,ष्ट्ररु सर्जरी किया गया है जिसके बाद भी मतदान केन्द्र में पहुंच कर मतदान किया एवं सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया। इसी तरह ग्राम कामता निवासी 57 वर्षीय अदली दास मानिकपुरी ने लकवा ग्रस्त होने के बाद भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो की काबिले तारीफहै। इसी तरह वोट देने के लिए बलौदाबाजार निवासी बैंगलौर में रहने वाली अंकिता अग्रवाल अपने परिवार के साथ मत देने पहुंची। उन्होने भी व्यवस्थाओं को देखकर जिला प्रशासन की खुली मन से प्रशंसा की।

आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र बने विशेष आकर्षण का केन्द्र*

***सेल्फी जोन का रहा विशेष क्रेज, मतदान केंद्र ने मोहा सब का मन,**

जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में मतदाताओं को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र एवं संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं एवं आम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उल्लेखनीय है कि आदर्श मतदान केंद्रों में इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए राहत देने के उद्देश्य से समुचित व्यवस्था की गई है। इन मतदान केंद्रों में बच्चों के मनोरंजन,विशेष आकर्षक सेल्फी जोन, विश्राम,ओआरएस सेंटर,ठंडी पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन मतदान केंद्रों में पहुंचे मतदाताओं ने जिला प्रशासन की इस नवाचार की सराहना की है। इसी तरह आदर्श मतदान केंद्रों में आकर्षक साज-सज्जा के साथ-साथ मतदाताओं के बैठने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले,एलरैम्प, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, दिव्यांग रथ,टेंट,शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

नवविवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

सूरजपुर/नवप्रदेश।नवविवाहिता की मौत पर मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप कहा गले में चोट के निशान हैं इसके विरोध में थाने के सामने शव रखकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजन

मामला झिलमिली थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदामुड़ा का है। यहां

नवविवाहिता की मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है. मायके पक्ष वालों ने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है. झिलमिली पुलिस घटना स्थल पहुंचकर न्यायिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान भेजा।मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है. गले में चोट के निशान भी है. भारी संख्या में समाज के लोग और परिजन शव को कोतवाली के सामने रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे.वहीं पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा की हत्या है या स्वाभाविक मौत हुई है. मामले की जांच की जा रही।

न्यूज गैलरी

स्ट्रांग रूम सील, कड़ी सुरक्षा के लिए बल किए तैनात

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान के पश्चात स्ट्रॉन्ग रूम नंदेलीभाठा में सभी मतपेटियों के आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो, ऑब्जर्वर असिस्टेंट सोनू कुमार, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम, एआरओ बालेश्वर राम, एआरओ के एस पैकरा, एआरओ रूपेंद्र पटेल, सहायक कोषालय अधिकारी माधुरी भारद्वाज, प्रवीण मिश्रा, दलबीर सिंह चंद्रा, रवि कुमार एवं राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज सुबह स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। स्ट्रांग रूम को सील करने के बाद चाबियो को सुरक्षित रूप से रखने के लिए जिला कोषालय के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया है।

मुंगेली में 67.13 प्रतिशत मतदान

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा के लिए पूरे जिले में शांति पूर्ण मतदान सम्पन हुआ। लोकतंत्र में भागीदारी निभाने हर वर्ग के मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मुंगेली विधानसभा का 67,13 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर बाद हुई बारिश में भी छाता ओढकर मतदाता मतदान केन्द्र पहुचते रहे है। मुंगेली नगर मे 62.07 एवं लोरमी 65.19 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुछ स्थानों पर मतदान देर शाम तक जारी रहा। मतदान को लेकर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों में बेहतर उत्साह दिखा। किन्तु मतदान के प्रतिशत मे कोइ बढोत्तरी नजर नही आया पिछले विधानसभा से भी वोट प्रतिशत गिर गया पिछले वर्ष विधानसभा मे लोरमी से ही 68,05 प्रतिशत मुंगेली विधानसभा से 67,40 पडा था इस वर्ष पिछले की अपेछा कम वोट पडे है।

मतदान करने लाइन में लगे विधायक

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के दशरंगपुर के 198 नंबर बूथ में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने लाईन में लगकर मतदान किया। इसके बाद उन्होंने सेल्फी जोन में फोटो खिंचाई। साथ ही जिले के सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए मतदान में शतप्रतिशत भागीदारी की अपील की।

नपा अध्यक्ष ने मतदान करने के बाद ली सेल्फी

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कृषि उपज मण्डी में परिजनों के साथ पहुच कर मतदान किया। इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों के साथ फोटो खिंचाई। साथ ही नगर के सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए मतदान में भागीदारी निभाने की बात कही।

मतदान करने व्हीलचेयर पर पहुंची बुजुर्ग महिला

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के सरदार पटेल वार्ड निवासी बुजूर्ग महिला 90 वर्षीय सरला शुक्ला अस्वस्थ रहने के बाद भी नगरपालिका स्कूल मतदान केन्द्र में पूरे उत्साह के साथ मतदान किया। घर वालो से जिद कर व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र में पहुच कर अपने मतदान का प्रयोग की।

सूने पड़े कार्यालय, कामकाज ठप



मुंगेली/नवप्रदेश। विगत एक माह से चल रहे चुनावी जंग निपट जाने के बाद भी इन दिनों अधिकारी एवं कर्मचारी दफ्तर में नहीं बैठ रहे हैं। जिससे कामकाज ठप हो गया है। जिन अधिकारी-कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी नहीं लगी थी वे भी दफ्तर में बैठने की बजाए इधर-उधर घूमकर टाइम पास कर रहे है। चुनावी रंग अभी भी अधिकरी एवं कर्मचारियों से नहीं उतर पाया है। चुनाव के समय जिले के प्रायरू सभी दफ्तरों में कामकाज ठप सा हो गया था। जिला कार्यालय में पिछले सप्ताहभर से वीरानी छाई हुई थी। दफ्तरों का कामकाज चैपट हो गया था। चुनाव संपन्न होने के बाद भी आम लोगों के शिकवा-शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारी, बाबू एवं अन्य कर्मी चुनाव कार्य निपटाकर भी कार्यालय नहीं पहुंच रहे है। दफ्तरों में गिनती के कर्मचारी मिल रहे है, वे भी फरियादियों की शिकायत, समस्या सुनने के बजाय लौटा रहे हैं। यही कारण है कि जिले के अधिकांश कार्यालय सूने-सूने नजर आ रहे है। काम जरूरी है, इसलिए लोग बार-बार दफ्तरों का चक्कर काटने मजबूर हैं। गुरूवार को तहसील और एसडीएम दफ्तर में अनेक लोग भटकते रहे। यही हाल जनपद पंचायत, बीईओ दफ्तर, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, आरईएस विभाग का है। यहां भी रोजाना लोग काम लेकर पहुंच रहे है।

आंधी-तूफान बारिश के बाद भी नहीं रुका मतदाताओं का उत्साह

दिव्यांगजनों के साथ बड़ी संख्या में वृद्धजन मतदाताओं ने डाला वोट, लोकसभा चुनाव के इस महायज्ञ में दी वोटों की आहुति

कोरबा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के सतत प्रयासों व लगातार किए गए आव्हान के परिणाम स्वरूप अन्य मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों तथा काफी संख्या में वृद्धजन मतदाताओं ने मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 के इस महायज्ञ में अपने वोट रूपी हविष्य की आहूति दी। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी लाईनें देखी गई, जिन्होने पूरे उत्साह व गर्व के साथ अपना मतदान किया, अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए वोट दिया। आँधी, बारिश व बिगड़ते मौसम से भी मतदाताओ का उत्साह कम नहीं हुआ, छतरी लेकर वोट डालने मतदाता पहुंचे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के कुशल सिक्यूरिटी मैनेजमेंट की छांव में 7 मई मंगलवार को कोरबा जिले में मतदान सम्पन्न कराया गया। विगत 02 माह से लोकसभा चुनाव के संबंध में की जा रही विभिन्न तैयारियों के बीच सबसे बड़ा अहम मसला था कि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें तथा मतदान दें, विगत चुनावों के मतदान प्रतिशत में अपेक्षित वृद्धि हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन तथा आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में व्यापक पैमाने पर स्वीप गतिविधियाँ संचालित हुई तथा समाज के सभी वर्गो, स्वयंसेवी संगठनों ,औद्योगिक व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को स्वीप से जोड़ा गया।

एसपी-सीईओ, निगम आयुक्त ने भी किया मतदान

लोकसभा आम निर्वाचन के तीसरे चरण अंतर्गत कलेक्टर अजीत वसंत ने आज अपनी धर्मपत्नी डॉ रूपल ठाकुर के साथ कोरबा शहरी क्षेत्र के रामपुर पीडब्ल्यूडी आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 127 पहुँचकर मतदान किया। उन्होने उपस्थित मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। सुबह 7 बजे कलेक्टर अजीत वसंत केन्द्र क्रमांक 127 रामपुर कोरबा पीडब्ल्यूडी प्राथमिक शाला पहुँचे और उन्होंने पीठासीन अधिकारी से मतदान की तैयारियों संबंधी जानकारी ली। इस स्कूल परिसर में दो मतदान केन्द्र 126 तथा 127 स्थित है। कलेक्टर ने दोनों केन्द्रों में मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने भी आदर्श मतदान केंद्र में मतदान किया। इस दौरान कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों ने केंद्र में बने सेल्फी बूथ पर सेल्फी लेकर आमजनों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

स्वच्छता दीदियों ने मतदान कर दिया स्वच्छ एवं स्वस्थ लोकतंत्र का संदेश

नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के इस महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी ड्यूटी के दौरान वे घर-घर पहुंची, मतदाताओं को मतदान हेतु आमंत्रित किया, नेवता पाती घर-घर पहुंचायी तथा मतदाताओं से आग्रह किया कि वे 7 मई को अपना वोट जरूर डालें, मतदान दिवस को स्वच्छता दीदियों ने काम से छुट्टी नहीं ली, शहर को स्वच्छ रखने का अपना दायित्व बखूबी निभाया और साथ ही लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का महत्व समझते हुए वोट भी डाला। मतदान केन्द्र पहुंची, मतदान किया तथा मतदाताओं को संदेश दिया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए वे भी अपना वोट जरूर दें।

एनयूएलएम व एसएचजी की महिलाओं ने दिखाया उत्साह

मतदाताओं को जागरूक करने तथा उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने की दिशा में महिला स्व सहायता समूह व एन यू एल एम की महिलाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया, वे घर घर पहुंची तथा मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने व उन्हें अपना वोट देने के लिये प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

आज मतदान के दौरान मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया, मतदान केंद्रों में लंबी लाइनें देखी गई, धूप, गर्मी व बिगड़ते मौसम की परवाह न करते हुए, मतदाताओं ने अपना वोट दिया। शाम 4 बजे के बाद मौसम का मिजाज बिगड़ा, तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई, किंतु मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ, बरसते पानी मे भी लोग छतरी लेकर मतदान करने पहुचते रहे, मतदान के प्रति लोगो का यह उत्साह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

दिव्यांगजनों व वृद्धजनों ने किया मतदान

इस निर्वाचन की प्रमुख विशेषता रही कि दिव्यांगजनों एवं वृद्धजन मतदाताओं ने काफी संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए अपना वोट दिया। जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा दिव्यांगजनों व वृद्धजन मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए मतदाता रथ की व्यवस्था कराई गई थी, इस सुविधा का लाभ उठाते हुए कोरबा के दिव्यांजन व वृद्धजन मतदाताओं ने मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने वोट डाले।

बारिश ने डाला मतदान में खलल

शाम के चार बजते ही शहर के मौसम में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही जहां धूप छांव का दौर रहा, शाम को तेज हवाएं चलने लगी। देखते ही देखते तूफान सा शुरू हो गया और तेज अंधड़ से पेड़ बुरी तरह कांपने लगे। पहले ही मंगलवार की सुबह से कोरबा शहर में वोटिंग काफी धीमा रहा और उस पर मौसम की खलल से मतदान को प्रभावित कर दिया है। कोरबा लोकसभा मतदान में बारिश ने खलल डाल दी है। तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश से शहर की बिजली बाधित हो गई है। कोरबा में मतदान के दौरान तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई है। इसके चलते मतदान केंद्र के बाहर लगे तंबू और बैनर-पोस्टर हवा में उड़ गए। बूथ के आस पास लगे स्टॉल में दोनों दलों के कार्यकर्ता भी पंडाल छोड़ने विवश हुए। इसके चलते मतदान रुक गया है। जिले में धूल-राखड उड़ने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। दिन में अंधेरा छा गया है, इसके चलते लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलाना पड़ रहा है। कई जगह विद्युत खंभों पर शॉर्ट सर्किट हुआ है।

30 से 40 फीसदी लोग नहीं डाल पाए वोट, कई बूथों में रही लंबी कतार

गौर करने वाली बात यह है कि शहरी क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया काफी धीमी गति से बढ़ ही रही थी कि अचानक मौसम ने करवट ली और आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बिजली बंद होने की वजह से मतदान से संबंधित मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया रुक गई है बताया जा रहा है भादरापारा बाल्को नगर बूथ क्रमांक 109,110,111,112 लोगों की अभी भी लंबी कतार लगी है। बिजली न होने के कारण मतदान करने वाले अधिकारी भी मायूस होकर बैठ गए हैं।

रेणु और अमित ने गौरेला में टॉर्च की रोशनी में दिया वोट

बताया जा रहा है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) की राष्टीय अध्यक्ष रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मतदान किया। गौरेला के सार बहरा मतदान केंद्र में बिजली गुल होने के कारण उन्होंने मोबाइल टॉर्च की रोशनी में मतदान करना पड़ा। इस दौरान अमित जोगी ने कहा, फिलहाल सक्रिय राजनीति से दूर हूं। कुछ समय बाद किसी नतीजे पर कह सकूंगा। उनकी मां रेणु जोगी ने कहा कि मैं क्षेत्र की बहू हूं। यही की निवासी हूं। मैं यहां के लोगों की सेवा करती रहूंगी।

युवा मतदाताओं में वोटिंग के प्रति रहा उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति विशेष उत्साह रहा। विकास, शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में अच्छे से कार्य करने वाली सरकार चाहते है। जो युवाओं को रोजगार एवं अच्छी शिक्षा दे सकें। देश में विकास के साथ-साथ संसाधनों का उचित प्रबंधन करते हुए आर्थिक रूप से सक्षम सरकार चाहिए। अपनी पसंद की सरकार बनाने की जिम्मेदारी पूर्ण करने की उन्हे खुशी है।

भाव्या शुक्ला ने बताया कि वो अपना पहला मतदान करके आनंदित महसूस कर रही हैं वो ऐसा जन नेता चुनना चाहती हैं जो शहर सहित प्रदेश की बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दे। तनु गोसाई ने बताया कि लोकतंत्र की इस आहूति में अपना योगदान देकर एक ऐसे नेता का चुनाव करना चाहती हैं जो क्षेत्र के विकास के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखे।आकांक्षा जायसवाल ने बताया कि वो अपना मत का प्रयोग पहली बार कर रही है वे ऐसा प्रतिनिधि चाहती हैं जो साफ छवि का हो एवं शहर और प्रदेश का नाम बढ़ाए साथ ही विशेष कर शिक्षा में सुधार लाए शिक्षा में सुधार लाने से जल्द ही प्रदेश प्रगतिशील होगा।काजल जग्गा अपने मतो का प्रयोग करते हुए कहा कि हम एक ऐसे जन नेता का चुनाव करें जो योग्य हो और जो प्रदेश के हित में सुव्यवस्थित कार्य करे शिक्षा पर विशेष ध्यान दे।अरिहंत जैन ने पहली बार मतदान कर कहा कि रोजगार के अवसर नही है। इस बार रोजगार की बात करने वाले प्रत्याशी को चुना जाना चाहिये। प्रदेश और शहर की तरक्की को ध्यान में रखकर उन्होने अपना बहुमूल्य वोट दिया।गरिमा यादव ने पहली बार मतदान के लिए बटन दबाकर बहुत खुश नजर आई। देश में विकास एवं जनकल्याणीकारी कार्यो के उचित क्रियान्वयन करने की इच्छा रखने वाले सरकार के लिए उन लोगों ने मतदान किया है। सिद्धार्थ बैद गांधी वार्ड निवासी ने विकास को देखते हुये मतदान किया। उन्होने कहा कि ईव्हीएम मशीन का सिर्फ फोटो ही देखा था। शिक्षा एवं विकास तथा रोजगार की दिशा में काम करने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान किया। कलेश्वरी खाण्डे ने अपना पहला मतदान करते हुए बताया कि वे पहली बार अपने मत का प्रयोग कर गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।

वोटिंग कर मतदाताओं ने लोकतंत्र में निभाई भूमिका

नवविवाहित जोड़े से लेकर सास, बहू और बेटी, देवरानी-जेठानी पहुंची वोट करने

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। देश के जिम्मेदार नागरिक के रुप में अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु लोकसभा निर्वाचन में वोट डालने के लिए मतदान शुरू होने के साथ ही सुबह 07 बजे से मतदान केंद्रों में लोग पहुंचने लगे। लोकतंत्र इस पर्व का हिस्सा बनने महिला, युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग, थर्ड जेंडर सभी वर्ग मतदाताओं में जोश और उत्साह देखने मिला। निर्वाचन के दिन मतदान केन्द्रों में त्योहार की तरह रौनक दिखी। लोग अपने परिवार, पड़ोसियों, दोस्तों के साथ खुशी-खुशी मतदान केन्द्र तक आते दिखे। पीवीटीजी समुदाय के मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर कर इस पर्व में हिस्सा लिया। वोट डालकर लोकतंत्र का हिस्सा बनने युवाओं में अलग ही जोश देखने मिला।लाइन में खड़े पहली बार वोट करने वाले युवाओं ने बेसब्री के साथ अपनी बारी का इंतेज़ार किया और वोट डालकर अपना कर्तव्य निभाकर अनुभव

नवविवाहित जोड़ा पहुंचा वोट देने

विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत भरतपुर के नवविवाहित जोड़े रामेश्वर राजवाड़े एवं गणेश्वरी राजवाड़े ने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान क़िया।

तीन पीढ़ी एक साथ गई मतदान डालने तो दिखा उत्साह

लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेने तीन पीढ़ी सास सुमित्रा, बहु सावित्री और बेटी शीतल पहुंची और मतदान किया। ऐसा ही उत्साह बतौली के एक परिवार में ऐसा दिखा कि परिवार की सभी महिलाएं एक साथ वोट देने मतदान केंद्र पहुंची। श्री राम परिवार की सास-बहू, देवरानी-जेठानी सभी ने बालक प्राथमिक शाला बतौली मतदान केंद्र क्रमांक 43 में वोट डालकर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लिया। परिवार की एक सदस्य ने बताया कि आज हम सब यहां वोट देने आए हैं हमारे साथ हमारे बच्चे भी उन्होंने भी वोट दिया। हमें बहुत खुशी है कि हम सब ने भी एक साथ मतदान किया है।

बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं का स्काउट-गाइड के बच्चों ने मतदाता मित्र के रूप में किया सहयोग

मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने मतदाता मित्र के रूप में एनएसएस व स्काउट गाइड के कैडेट्स ने भी मतदान केंद्रों में दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं की सहायता की। व्हील चेयर, पेयजल, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया। मतदान के दौरान ये बच्चे मतदान केंद्रों में जरूरतमंद मतदाताओं को व्हीलचेयर से केंद्र तक लाते नजर आए, बच्चों ने सेवाभावना के साथ पूरी निष्ठा के साथ मतदाताओं का सहयोग किया। मतदाता मित्र की भूमिका पर मतदाता मित्र श्रेया और माही ने मतदान दिवस पर लोगों की मदद करने का अनुभव साझा किया। श्रेया 17 साल की हैं और माही की उम्र 16 साल हैं। लोकतंत्र के इस पर्व पर इस तरह अपनी हिस्सेदारी निभाकर वे बेहद खुश हैं।उन्होंने कहा कि 18 वर्ष का होने के बाद वे जरूर मतदान करेंगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मांगे जाने पर नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था दिव्यांग रथ एवं पीवीटीजी समुदाय के मतदाताओं को मतदाता रथ की सुविधा दी गई। मांग करने पर मतदाताओं के घर ये रथ पहुंचे और उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने का कार्य किया गया।

चुनाव | राजनीतिक दलों को दी गई मतदान की संपूर्ण जानकारी, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा दिखाई गई, अधिकारियों ने सवालों के जवाब दिए

सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्वाचन की हुई संवीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01 सरगुजा के लिए 7 मई को शांतिपूर्ण और निर्विघ्न निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन पश्चात बुधवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज में सामान्य प्रेक्षक श्री अमित कुमार की उपस्थिति में निर्वाचन की संवीक्षा की गई। संवीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा श्री विलास भोस्कर सहित सभी आठ विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संवीक्षा के दौरान राजनीतिक दलों को मतदान के सम्बन्ध में संपूर्ण जानकारी दी गई। संवीक्षा बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा विधानसभावार मतदान संख्या एवं प्रतिशत, मतदान किए मतदाता, महिला, पुरुष व थर्ड जेंडर मतदाता वार जानकारी

सहित मॉकपोल और वास्तविक मतदान में बदले गए मशीनों की विस्तृत जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों ने भी इस दौरान अपने सुझाव साझा किए।

ईव्हीएम का स्ट्रांग रूम सील

कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात, 4 जून को होगी मतगणना

अम्बिकापुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 7 मई को मतदान सम्पन्न हुआ तथा 4 जून को मतगणना होनी है। मतदान पश्चात मतदान दलों के वापस लौटने पर मतदान सामग्री को शासकीय पॉलीटेक्नीक कॉलेज, अम्बिकापुर में जमा किया गया। पॉलीटेक्नीक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को जमा करने के बाद सील किए जाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अमित

कुमार,कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है।

न्यूज गैलरी

बड़े आपरेशन के बाद भी वोट डालने पहुंचे राजू काबरा

नयापारा/राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय सुन्दरकाण्ड एवम हनुमान चालीसा समिति के संस्थापक राजू काबरा जो रायपुर के टैगोर नगर स्थित नवकार हॉस्पिटल में पिछले हप्ते से एडमिट थे जहां उनके कान के अंदर का बड़ा आपरेशन हुवा था। उन्होंने वोटिंग करने की जिद करके 2 दिन पहले ही छुट्टी करवाकर वोट डालने पहुंचे। ठीक से चल नही पाने के बावजूद अपने वोट के महत्व को जानकर वोट डालने पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व 5 वर्ष में एक बार आता है। यदि हम इसमे वोट देने से चूक गए तो फिर किसी को दोष देने का मतलब नही है । वोट ही हमारी ताकत है कि हम अच्छे लोगों के हाथों देश की बागडोर सौपे जिससे देश दुनिया ने हमारे भारत का नाम रोशन हो। हम यदि गलत लोगो के हाथों देश को सौंप देंगे तो हमारे आने वाली पीढ़ी भी हमे माफ नही करेगी।

रश्मिदेवी जलाशय के पानी से भरेगी शहर की नदी

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर की जीवनदायिनी नदी को भरने और भीषण गर्मी मे निस्तारी सहित जलस्तर बढ़ाने छूईखदान ब्लाक के रश्मिदेवी जलाशय से पानी छोड़ा जाएगा । भीषण गर्मी के चलते शहर के तीनों नदियों आमनेर, मुस्का सहित पिपरिया पूरी तरह सूख चूका है । इसको लेकर खबर प्रकाशन होने के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने हर बार की तरह रश्मिदेवी जलाशय से पिपरिया नदी को भरने प्रयास शूरू किया है । विक्रांत सिंह को शहर के विभिन्न वार्डो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर नीचे चले जाने से हो रही पेयजल संबंधी शिकायत पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा सहित जलसंसाधन विभाग के ईई से चर्चा कर रश्मिदेवी जलाशय से पानी देने बात की । अधिकारियों ने भी रश्मिदेवी बांध से जल्द पानी छोड़ने की जानकारी देते सिंह को बताया कि इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है । बांध से पानी छोड़े जाने के बाद शहर के पिपरिया नदी मे पर्याप्त पानी भराव होने से आधे से %यादा शहर मे जलस्तर बढ़ने मे मदद मिलगी तो दूसरी ओर आम लागो को निस्तारी मे सुविधा हागी । मवेशियों के लिए भी पानी मिल सकेगा ।

शिक्षा में चुनौती संभावना पर सेमीनार आज

खैरागढ़/नवप्रदेश। स्कूल एवं शिक्षा मे चुनौती और संभावना सहित अन्य समस्या पर कैरियर सेमीनार का आयोजन ब्लाक के मुढ़ीपार स्थित अटल समता भवन मे आज गुरूवार को सुबह 11 बजे से किया गया है । ग्राम पंचायत मुढ़ीपार और शैक्षिक प्रगतिशील मंच खैरागढ़ के तत्वाधान मे आयोजित सेमीनार मे शिक्षा विभाग, इंदिराकला संगीत विवि, पालीटेकनीक कालेज और जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के शिक्षाविद अपना व्यक्तव्य देंगें ।

मतदान दलों के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई मानदेय राशि

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान कराने वाले मतदान दलों को मतदान के दूसरे दिन ही मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। क्अधिकारी 01, मतदान अधिकारी 02 और मतदान अधिकारी 03 के बैंक खाते में आज 08 मई को मानदेय की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। कोरबा जिले के अधिकारी-कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मरवाही विधानसभा क्षेत्र में लगी थी, उन मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है। एक-दो दिन के भीतर इन मतदान दलों के खातों में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

दूषित जल से, खुजली, डायरिया ग्रामीण हो रहे शिकार निजात दिलाने अधिकारियों से गुहार

■ **शहर के गंदे पानी से ग्रामीण परेशान**

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद नगर के गंदे पानी के कारण तुमाडबरी के ग्रामीणों को खुजली, डायरिया जैसी बीमारियों से जूझना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने इस समस्या से नगरपालिका सीएमओ को अवगत भी कराया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला. थक हार कर ग्रामीण अब कलेक्ट्रोरेट पहुंचकर आला अधिकारी से गुहार लगा रहे हैं.

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत परसदा (ब) का तुमाडबरी आश्रित ग्राम है. तुमाडबरी के वार्ड 10 में लगभग 75 परिवार निवास करते हैं, जहां दो बोर व एक हैण्डपंप लगा है. गांव के तालाब में महासमुंद नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 4 व 5 का गंदा पानी नालियों के माध्यम से गिरता है. गंदे पानी की वजह से जलस्रोत के दूषित होने से गांव में लगे बोर व हैण्डपंप से बदबूदार व गंदा पानी निकल रहा है. इस दूषित जल की वजह से बीमारी को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर नगरपालिका सीएमओ से शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला.

सरपंच वीरेन्द्र चन्द्राकर के साथ ग्रामीणों का कहना है कि गंदे पानी की वजह से उन्हें खुजली, डायरिया जैसी बीमारी का सामना करना पड़ रहा है. साफ पानी के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है.

वहीं डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा का कहना है कि सीएमओ को आदेशित कर दिया गया है. इस समस्या से ग्रामीणों को जल्द से जल्द निजात मिल जाएगी।

कृषि दवाई, खाद विक्रेता बनाने के नाम पर 18 लाख की ठगी

■ **शातिर ने ऐसे लगाया चूना**

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद में कृषि दवाई और खाद का विक्रेता बनाने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ 18 लाख की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने पहले प्रार्थी को अपने जाल में फंसाया। फिर पैसा और ब्लेंक चेक लेकर सामान भी नहीं दिए।

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी प्रवीण खन्ना पिता स्व. राजकुमार खन्ना निवासी ईमलीभाठा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि महासमुंद में खन्ना ट्रांसपोर्ट के नाम से उनकी दुकान है। सुजय सिखदार, तनुज सरकार, अमित दास और तुकेश देवांगन ने मुझसे संपर्क किया। चारों ने स्वयं को जेटी एग्रोटेक बोरियाकला सदानी दरबार रायपुर छग का संचालक बताकर कृषि दवाई व खाद बनाकर विक्रय करने की बात बताई। मुझे विश्वास में लेकर मुझे सीएनएफ लेने के लिए कुल 18 लाख रुपए खाते में डालने और तीन ब्लेंक चेक गारंटी के रूप में डालने में लेकर नियम बताया। चारों पर विश्वास कर उन्होंने राशि और ब्लेंक चेक दे दिए।

कोतवाली में मामला दर्ज

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि ना सीएनएफ के लिए एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया। इसके बाद प्रवीण ने उपरोक्त कम्पनी के संचालकों के विश्वास में आकर राशि 18 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से उनके द्वारा दिए गए बैंक खाते में जमा किया। आज तक उक्त जेटी एग्रोटेक साल्युशन से किसी भी प्रकार की कृषि दवाई, खाद और अन्य प्रोडक्ट प्राप्त नहीं हुए हैं। जेटी एग्रोटेक साल्युशन ने कुल राशि 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ऐसे दिया धोखाधड़ी को अंजाम

प्रवीण खन्ना ने बताया कि जेटी एग्रोटेक सल्युशन का सीएनएफ देने के नाम पर मुझसे 3 ब्लेंक चेक क्रमांक 530653, 530654, 830655 का लिया। मुझसे 18 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से अपने खाते में प्राप्त किया। 16 दिसंबर 2022 को मेरे साथ इस आशय का एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया। अनेक बार उनसे से सम्पर्क कर जेटी एग्रोटेक सल्युशन की दवाइयां भिजवाने निवेदन किया, पर आज तक उन्होंने मुझे प्रोडक्ट नहीं दिया और पूछने पर मुझे टालते रहते हैं। अब मेरा फोन उठाना भी बंद कर दिया।

प्रवीण खन्ना ने बताया कि मुलाकात करने पहुंचने पर चारों मिलते ही नहीं हैं। इस प्रकार सुजय, तनुज, अमित, और टुकेश देवांगन चारों एक राय होकर मेरे साथ धोखाधड़ी करने के आशय से जेटी एग्रोटेक सल्युशन का सीएनएफ देने का प्रलोभन देकर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है।

सोती पत्नी से खाना मांगना पति को पड़ा महंगा, प्राइव्हेट पार्ट को काटा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में पति को अपने पत्नी से खाना मांगना इता भारी पड़ गया कि गुस्साई पत्नी ने उसके गुप्तांग को काट लिया। जिसके बाद घटना में जख्मी पति तुरंत अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज कराया है। वहीं जब इस मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो अस्पताल पहुंचकर पुलिस ने पत्नी ने खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

यह पूरा मामला बालोद जिले के डौंडीलोहारा के संजारी चौकी का बताया जा रहा है। जहां पति-पत्नी के बीच का मामूली विवाद इतना गहरा हो गया कि दोनों के बीच मारपीट की नौबत आ गई। जिसके बाद गुस्से में आग बबूला हुई पत्नी ने अपने पति के प्राइवेट पार्ट को दांतों से काट कर उसे जख्मी कर दिया है। जिसके बाद घायल पति अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज कराया है।

यह है पूरा मामला : मामले में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि ग्राम खेरथा बाजार चौकी संजारी का रहने वाला पुनीत राम सिन्हा (34)है। वह मजदूरी का कार्य करता है। यह घटना बीते 6 मई के दोपहर की है वह उस वक्त घर में मौजूद था। उस दौरान उसकी उसकी पत्नी पत्नी सरिता बाई घर पर सो रही थी। इस बीच पति ने सो रही पत्नी को उठाकर उससे खाना मंगा तो पत्नी ने गुस्से में खाना खुद निकाल कर खाने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने पति को जमकर गाली देना शुरू कर दिया। जब पति ने गाली देने से पत्नी को मना किया तो इस बात पर पत्नी ने पति के गुप्तांग को दांतों से काट दिया। जिससे उसके गुप्तांग से खून आने लगा। इस पति के साथ इस तरह की हरकतों के बाद पत्नी मौके से फरार गई। जब इस पूरी घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ डौंडीलोहारा थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

मंदिर में चोरी, ना दरवाजा टूटा, ना ताला, दानपेटी से पैसे हो गए पार

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ क्षेत्र में एक मंदिर से अनूठी चोरी हो गई। मंदिर का ना तो दरवाजा टूटा और ना ही ताला, लेकिन दान पेटी से पैसे गायब हो गए। यह घटना है नगर पंचायत पवनी स्थित प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर की।

यहां अज्ञात चोर ने मंदिर के अंदर रखी दान पेटी से 5000 रुपयों से ज्यादा नगदी रकम की चोरी की है। दिलचस्प बात यह है कि, मंदिर का ताला तोड़े बिना ही यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही श्री बजरंग सेवा समिति के सदस्यों ने चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई और कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर में बिना ताला तोड़े चोरी की घटना हुई है जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कहा जा रहा है कि जिसके पास यहां की चाबी थी उन्हीं में से किसी एक ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। क्योंकि बिना ताला तोड़े मंदिर के अंदर रखी दान पेटी से पैसे चुरा पाना संभव नहीं है। खैर क्षेत्र में कई प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन जब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करेगी और इस पूरे मामले का खुलासा करेगी इसके बाद ही पूरा मामला साफ हो पाएगा। माना जाता है कि, इस नगर का नाम पवनी इसलिए पड़ा है क्योंकि यहां साक्षात पवन पुत्र यानी हनुमान जी प्रकट हुए थे।

नवापारा में मतदाताओं में दिखा गजब का उत्साह

गर्मी से बचने छाँव, पानी व बैठने की समुचित व्यवस्था से मतदाता हुए खुश

नयापारा/राजिम/नवप्रदेश। अभनपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत जिले के अंतिम छोर में बसें गोबरा नवापारा शहर नगर पालिका क्षेत्र में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. जिसके लिए प्रसाशन द्वारा लगभग सारी जरुरी तैयारी पूरी कर लीं गई थी. नवापारा शहर में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत कुल 9 जगहों में 23 मतदान केंद्र की व्यवस्था की गई थी . जिसमे महिला पुरुष मिलाकर कुल 22931 मतदाता मतदाताओ ने मतदान किया . इस लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा से इस बार 28 प्रत्याशी मतदान पर थे.जिसकी वजह से इस बार 3 एवीएएम मशीने यहाँ पर लगाई गई थी. मतदान को लेकर खासा उत्साह आदर्श मतदान केंद्र शासकीय आदर्श हरिहर उच्च माध्यमिक विद्यालय नवापारा में देखने को मिली जहाँ लोग अलसुबह से देर शाम तक मतदान करने पहुंचे. यहाँ बूथ क्र 220 में सुबह से ही मतदाताओ की भारी भीड़ रही. तीन तीन वार्ड होने के चलते यहाँ के लोगो को हर चुनाव में काफ़ी दिक्क़ते होती हैं. जिसे लेकर उन्होंने आगामी चुनाव में इसमें बदलाव करने की बात भी कहीं. इस आदर्श मतदान केंद्र में सेल्फी पॉइंट की व्यवस्था भी की गई थी, जिसमे हरेक शख्श ने ऊँगली लगी स्याही के साथ सेल्फी लेकर शोशल मिडिया में अपलोड किया. युवाओ में इसका ज्यादा प्रचलन देखने को मिला. पहली बार मत का प्रयोग कर रहे हेमलता, आसमा कौशर, दीपाली सोनी, रौनक सोनी, प्रेरणा साहू, मोनिका साहू, कविता साहू व अन्य युवाओ ने विकास और वोट अपना कर्तव्य को लेकर वोट किया. इस मतदान केंद्र स्थानीय प्रशासन के कर्मचारीगण असहाय, बुजुर्ग, कमजोर व दिव्यांगों की सेवा के लिए पुरे चुनाव तक लगे हुए थे लिहाजा आसानी से ये सभी लोग भी मतदान कर सके. वार्ड क्र -9 निवासी दिव्यांग विक्रांत सिंह राजपूत ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया तों 94 वर्षीय लक्ष्णी निषाद ने भी मतदान केंद्र पहुँचकर मतदान किया. उक्त मतदान केंद्र में नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू ने भी सपरिवार सहित जाकर मतदान किया. यह आदर्श मतदान केंद्र पिंक बूथ था जहाँ के सभी मतदान कर्मी महिला थे. वही भीषण गर्मी के बीच में हो रहे इस लोकसभा चुनाव में पानी सहित छाँव की भी समुचित व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई हैं. साथ ही नगर के विभिन्न सामाजिक संघठनो द्वारा शीतल पेय जल व शरबत की व्यवस्था की गई थी.जिसे लाभार्थी लोगो ने खूब सराहा.

लोकसभा जांजगीर–चांपा में 64.95 प्रतिशत मतदाताओं ने किया वोट

भटगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 का तीसरे चरण का मतदान 7 मई 2024 को संपन्न हुआ जहां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के संसदीय क्षेत्र लोकसभा जांजगीर चांपा में 64. 95 त्न रहा है। तो वही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत नगर पंचायत भटगांव में मै 5¬42 मिनट तक शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव बूथ क्रमांक 171 में कुल मतदाता 1007 रहे जिसमें 575 वोट पड़े जिसमें महिला 232 और पुरुष की संख्या 281 रहा और इस तरह से 56त्न मतदान हुआ । इसी तरह बुथ क्रमांक 175 में कुल मतदाता 734 रहे जिसमे 372 वोट पड़े जिसमें महिला 184 तथा पुरुष की संख्या 188 रहे । इसी प्रकार बूथ क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव में कुल मतदाता की संख्या 975 रहे जिसमें कुल 484 वोट पड़े जिसमें महिला 252 तथा पुरुष की संख्या 232 रहे । इसी तरह बूथ क्रमांक 168 आदर्श प्राथमिक शाला भटगांव (स) में कुल मतदाता की संख्या 817 रहे जिसमें कुल 510 वोट पड़े जिसमें महिला 240 तथा पुरुष की संख्या 270 रहा । इस प्रकार आदर्श प्राथमिक शाला में बूथ क्रमांक 169 में कुल मतदाता की संख्या 1010 रहे जिसमें कुल 538 वोट पड़े जिसमें महिला 281 तथा पुरुष की संख्या 257 रहा और इसी तरह बूथ क्रमांक 167 में कुल मतदाता की संख्या 802 रहे जिसमें कुल 534 वोट पड़े जहां महिला मतदाता की संख्या 255 तथा पुरुष मतदाता की संख्या 279 रहे ।

कोरिया में मतदान करा लौटे संगवारी दल का अभिनंदन

जीपीएम एसपी ने जवानों को दिया सरप्राइज

कोरिया/नवप्रदेश। तीसरे चरण के मतदान पूरा होने के साथ ही प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान हो गया है. मंगलवार को कोरिया जिले में दस संगवारी मतदान केंद्रों में महिला मतदान कर्मियों ने वोटिंग की प्रक्रिया पूरी कराई. जिसके बाद महिला मतदान दल वापस मुख्यालय पंहुचे. इन सभी महिला मतदान दलों का सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता सोम ने गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया.

महिला मतदान दलों का किया अभिनंदन¬ कोरिया जिले में सभी 228 मतदान केंद्रों में निष्पक्ष चुनाव पूरा करा लिया गया है. कोरिया जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कुल दस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां मतदान पूरी कराकर महिला मतदान दल सकुशल वापस लौट आए. निर्वाचन का काम पूरा करने पर दल के सभी सदस्य उत्साहित दिखे. इस अवसर पर लोकसभा निर्वाचन की सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता सोम, तहसीलदार कोरिया अमृता सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने महिला मतदान दलों को गुलदस्ता दिया और उनका स्वागत किया. चुनाव में बेहतरीन दायित्व निभाने के लिए धन्यवाद दिया.

जीपीएम में जवानों को एसपी का सरप्राइस इधर गौरेला पेंड्रा मरवाही में जीपीएम जिले में लोकसभा निर्वाचन के तृतीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. शाम तक भीषण गर्मी में मतदान जारी रहा, जिसमे जवानों ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई. दिन भर की चुनावी ड्यूटी बाद जब जवान अपने सेंटर पर वापस लोटे तो जीपीएम जिले के एसपी और एएसपी के सरप्राइस ने जवानों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी. एसपी ने परोसा भोजन, एएसपी ने खिलाया गुलाब जामुन।

चार साल की बच्ची से ज्यादती के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में एक निजी स्कूल की 4 साल की बच्ची से बलात्कार के आरोपी को कवर्धा जिला एवं सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. वहीं, अन्य तीन को दोषमुक्त कर दिया गया है. मामले में आरोपी को 15 माह के बाद सजा सुनाई गई है. जबकि इस केस में कोर्ट ने टिप्पणी की कि ÷बच्ची के बस कंडक्टर ने बच्ची के साथ रेप किया है. माता-पिता विश्वास के साथ बच्ची को उसके साथ स्कूल भेजते हैं. 4 साल की बच्ची से रेप, आरोपी की विकृत मानसिकता को दर्शाता है.

दरअसल, ये पूरा मामला कवर्धा के कोतवाली थाना क्षेत्र का है. यहां फरवरी 2023 में 4 साल की बच्ची से स्कूल परिसर में ही दुषकर्म किया गया था. घटना की जानकारी बच्ची ने घर पहुंचते ही अपनी मां को दी. इसके बाद बच्ची की मां अस्पताल गई. अस्पताल में रेप की पुष्टि होने पर परिजनों ने सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी.मामले में कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी के तौर पर बच्ची को स्कूल लाने ले जाने वाले बस कंडक्टर को गिरफ्तार किया था. इसके बाद लगातार मामले में सियासी दखल के बाद स्कूल प्रबंधक पर एफआईआर की मांग के बाद स्कूल के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया. केस में 15 महीने के बाद बस कंडक्टर को दोषी पाया गया. अन्य तीन को दोषमुक्त कर दिया गया. वहीं, आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

परीक्षण छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र के वन अधिकारियों के साथ समन्वित बैठक में कार्ययोजना होगी तैयार

इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में दिखे 17 वनभैंसे, परखी जाएगी नस्ल की शुद्धता

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट के महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र से लगे सैंड्रा और माड़ के जंगलों में 17 वन भैंसों का झुंड देखा गया है. पहली बार इतनी बड़ी संख्या में दिखाई पड़े वन भैसों के नस्ल की शुद्धता की जांच की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में ही शुद्ध नस्ल के वन भैसे बचे हुए हैं, इसकी भी सीमा महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्य से लगती है, ऐसे में प्रजाति और नस्ल शुद्ध है या नहीं इसके परीक्षण के लिए अब सीएनबी के साथ वन विभाग इन वन भैंसे की शुद्ध नस्ल का डीएनए परीक्षण के जरिए पता लगाएगा.

इसके लिए हैदराबाद के सेंटर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलेक्युलर बायोलॉजी लैब में इसके डीएनए की जांच कर अनुवांशिकी से संबंधित जानकारी जोड़ेंगे. सीसीएमबी लैब के विशेषज्ञ डॉक्टर संभाषी राव ने हाल ही में इंद्रावती टाइगर रिजर्व में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र के वन अधिकारियों के साथ समन्वित बैठक में एक कार्ययोजना तैयार करने की बात कही है. बता दें कि प्रदेश में कुल 37 वन भैसे हैं, इनमें से 17 इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में पाए गए हैं. इनके सर्वाधिक शुद्ध नस्ल के होने का अनुमान है।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विभागवार समीक्षा की। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने विभागों से रिक्त पदों की भर्ती एवं विभागीय सेटअप की भी समीक्षा करते जिले में जिन विभागों के सेटअप नहीं है, उन्हें जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश दिए । समस्त विभागों से जेम पोर्टल, सूचना के अधिकार अधिनियम, लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं अन्य शासकीय पोर्टलों में विभागीय जानकारी पूर्ण रखने और जिन विभागों के पंजीयन नहीं हुए है, उन्हें पंजीयन कराकर जिला कार्यालय को अवगत कराने निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित शेष धान की स्थिति का आंकलन करते हुए उठाव में तेजी लाने , सभी सीएमओ और सीईओ को जिले में लोगों को स्वीकृत आवास के निर्माण कार्यो की प्रगति पर चर्चा कर स्वीकृत आवासों को निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के प्रकरणों की समीक्षा करतेसीमांकन, नामांतरण की जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही करे।

भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

नई दिल्ली। बर्कशायर हैथवे के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वॉरेन बफेट भारत में निवेश की संभावनाओं से काफी उत्साहित हैं। इस पर वो नए सिरे से विचार करना चाहते हैं क्योंकि भारत अब 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने सभी आर्थिक मानदंडों में अच्छी प्रगति की है। अब लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर (अनुमान वित्त वर्ष 2023-24) की जीडीपी के साथ भारत आर्थिक रूप से पांचवां सबसे बड़ा देश है। एक दशक पहले देश 1.9 ट्रिलियन डॉलर (मौजूदा बाजार मूल्य) की जीडीपी के साथ भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस 10 साल की यात्रा में कई रिफॉर्म हुए जिसने देश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाया है। कंपनी की वार्षिक बैठक में वॉरेन बफेट ने कहा, भारत में नई संभावनाओं का पता लगाएं। यहां ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जिनको सर्च नहीं किया गया है या यहां मौजूद अवसरों पर ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं। सवाल यह है कि क्या हमें उनके बारे में जानकारी है, जिसमें हम भाग लेना चाहेंगे। बफेट देश में संभावित प्रवेश की तलाश में हैं। भारत की जीडीपी ग्रोथ एक नए शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार है। विनिर्माण और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टरों ने फिर से सुधार देखना शुरू कर दिया है और जीएसटी कलेक्शन नई ऊंचाई हासिल कर रहा है। आरबीआई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी ग्रोथ महामारी से पहले 2020 के दौरान दर्ज की गई 7 प्रतिशत से ऊपर बढ़ने के संकेत हैं। आईएमएफ के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 2004 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 635 डॉलर थी। 2024 में देश की प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़कर 2,850 डॉलर हो गई है, जो इसके समकक्ष देशों के लिए 6,770 डॉलर का 42 प्रतिशत है। इस महीने की शुरुआत में जारी एचएसबीसी सर्वे के अनुसार, मजबूत मांग के कारण भारत का विनिर्माण सेक्टर अप्रैल में मजबूत गति से बढ़ा। इसके अलावा, विश्व चुनौतियों के बावजूद, एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न के साथ देश ग्लोबल स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बना

लाल निशान पर खुला शेयर बाजार

फार्मा, रियल्टी समेत कई सेक्टर में बिकवाली

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार की बुधवार के सत्र में कमजोरी के साथ शुरुआत हुई। यह लगातार चौथा सत्र है, जब बाजार मंदी के साथ कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबारी में सुबह 9~25 तक सेंसेक्स 180.42 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 73,320.43 अंक पर और निफ्टी 41.50 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 22,261 अंक पर था।

अब तक के कारोबार में गिरावट लार्ज कैप और मिडकैप शेयरों तक ही सीमित है। छोटे शेयरों में तेजी देखी गई है। खबर लिखे जाने तक निफ्टी का मिडकैप 100 इंडेक्स 59 अंक या 0.12 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 49,614 अंक पर था। वहीं, स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31.35 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,398 अंक पर था। एनएसई पर 1275 शेयर हरे निशान में और 731 लाल निशान में थे।

सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, एशियन पेंट्स, एचयूएल, एचडीएफसी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स हैं। वहीं, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, जेएसडब्लू स्टील, एसबीआई और रिलायंस टॉप गेनर्स हैं। बाजार में गिरावट की वजह विदेशी निवेशकों द्वारा की जाने वाली बिकवाली भी है। मई माह के अब तक के कारोबारी सत्र में एफआईआई 9,194 करोड़ की बिकवाली कर चुके है। हालांकि, घरेलू निवेशकों यानी डीआईआई ने इस दौरान 5,129 करोड़ की खरीदारी की है।

जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार, वी.के. विजयकुमार ने बताया कि चुनाव के परिणामों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार में दबाव देखा जा रहा है। इंडिया विक्स का अप्रैल के न्यूनतम स्तर से 72 प्रतिशत बढ़ जाने के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। निवेशकों को समझना होगा कि इंडिया विक्स निफ्टी के ऑप्शन कीमतों पर आधारित होता है। कई निवेश अपने पोर्टफोलियो हेज करने के लिए पुट ऑप्शन खरीदते हैं, जिससे कि चुनाव के परिणाम विपरीत आने पर उन्हें कम से कम नुकसान उठाना पड़े।

आगे उन्होंने बताया कि लंबी अवधि के निवेशकों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इंडिया विक्स बाजार में अभी मान रहा है कि एनडीए वापस सत्ता में आ रहा है। लेकिन जैसे ही इस पर और अधिक स्पष्टता आएगी बाजार में एक रैली देखने को मिल सकती है।

पशु पालकों की डिमांड बढ़ने से बिनौला खल हुआ 50 रुपए महंगा

जयपुर । पशु पालकों की डिमांड निकलने से स्थानीय कैटलफीड मार्केट में बिनौला खल के भाव 50 रुपए उछल गए। जयपुर मंडी में सोमवार को बिनौला खल 3250 से 3500 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गई। जानकारों का कहना है कि बिनौला खल का पुराना स्टॉक समाप्त होने के कारण इसकी आपूर्ति कम हो रही है, लिहाजा बिनौला खल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। बाजार में नई बिनौला खल अक्टूबर में आने की संभावना है। तब तक दामों में तेजी बने रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि देश में पशुधन के लिहाज से राजस्थान प्रमुख राज्य है। सत्य ट्रेडिंग कंपनी के दिनेश वैद ने बताया कि कमजोर लिवाली के चलते वर्तमान में अधिकांश पशु आहार जिंसों में कोई उल्लेखनीय उतार चढ़ाव नहीं है। थोक मंडियों में फिलहाल लाल तिल डली 5500 रुपए तथा लाल तिल पपड़ी के भाव 3600 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास स्थिर चल रहे हैं। उधर पश्चिम बंगाल में नई लाल तिल्ली जून के पहले सप्ताह में आने की संभावना है। इस बीच सरसों खल जयपुर के भाव आज यहां 2610 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। मस्टर्ड केक निवाई का भाव 2550 रुपए प्रति क्विंटल कोट किया गया। सरसों सीड निवाई 5075 रुपए तथा सरसों 42 प्रतिशत तेल कंडीशन 5375 रुपए प्रति क्विंटल बेची जा रही थी। एक्सपेलर सरसों तेल निवाई का भाव 9725 रुपए प्रति क्विंटल

पैदावार कम होने से चना और चनादाल के भावों में तेजी

जयपुर। देश की मंडियों में इस साल चने की पैदावार पिछले साल के मुकाबले काफी कम बताई जा रही है। परिणामस्वरूप चना एव चना दाल में मंदी के आसार समाप्त हो गए हैं। इस वर्ष देश में चने का उत्पादन तकरीबन 30 लाख टन कमजोर है। इसके अलावा कैरी फारवर्ड स्टॉक भी नहीं के बराबर है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में चने के भाव आसमान छू सकते हैं। जयपुर मंडी में मिल डिलीवरी चना मंगलवार को 6550 रुपए प्रति क्विंटल पर तेज बोला जा रहा था। इसी प्रकार चना दाल मीडियम 7600 रुपए तथा चना दाल बोल्ड 7700 रुपए प्रति क्विंटल पर मजबूत बनी हुई थी। सिंघल दाल मिल के कमल अग्रवाल ने बताया कि एक से डेढ़ माह के दौरान चने में करीब 800 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती दर्ज की गई है। स्टॉकिस्ट सक्रिय होने से कीमतों में और तेजी से इन्कार नहीं किया जा सकता है। देशी चने का उत्पादन मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक सहित सभी उत्पादक राज्यों में कम होने से वहां की मंडियों में आपूर्ति गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत कम हो रही है।

दूसरी ओर सभी दालों में चने की दाल सस्ती होने से इसकी खपत ज्यादा है। इस बीच नोहर, भादरा, सवाईमाधोपुर, तारानगर तथा सरदारशहर लाइन में इस बार चने की क्वालिटी हल्की आ रही है तथा प्रति हैक्टेयर उत्पादकता भी कम बताई जा रही है। इंदौर लाइन का माल कुछ बढ़िया क्वालिटी का आ रहा है।

बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एकेडमिक एक्सीलेंस दे रहा थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60त्न (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55त्न) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है। टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है, योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल, यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसने उच्च शिक्षा के अपने सपनों का पूरा करने वाले छात्रों को और सशक्त बनाया।

पहली तिमाही में इको-फ्रेंडली कारों की बिक्री एक लाख पार

सोल। हाइब्रिड वाहनों की मांग बढ़ने से साल की पहली तिमाही में दक्षिण कोरिया में इको-फ्रेंडली कारों का बिक्री एक लाख इकाई को पार कर गई। उद्योग द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है।

आंकड़ों के अनुसार, हुंडई मोटर्स और किआ समेत पांच दक्षिण कोरियाई कार निर्माता कंपनियों ने जनवरी-मार्च की अवधि में कुल 1,01,727 इको-फ्रेंडली कारें बेचीं। यह पिछले साल इसी अवधि में बेची गई कारों की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक है।इनमें से 85,828 इकाई यानि 84.4 प्रतिशत हाइब्रिड कारें थीं। इनकी बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 42.4 प्रतिशत बढ़ी है।हालांकि तिमाही के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की

बिक्री साल-दर-साल आधार पर 51.4 प्रतिशत घटकर 15,237 इकाई रह गई। यहां तक कि एलन मस्क ने भी कहा है कि पूरी दुनिया में ईवी को अपनाने की दर दबाव में है और कई दूसरी वाहन निर्माता कंपनियां ईवी से पैर खींचकर प्लग-इन हाइब्रिड की तरफ बढ़ रही हैं।पहली तिमाही में किआ का सोरेंटो 19,729 इकाई की बिक्री के साथ सबसे ज्यादा बिकने वाला हाइब्रिड मॉडल रहा। इसके बाद हुंडई के सैंटा फी हाइब्रिड (15,981 इकाई) और किआ के कार्निवल हाइब्रिड (12,203 इकाई) का स्थान रहा।

खेल, मनोरंजन

महिला टी-20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। ये टूर्नामेंट बांग्लादेश की मेजबानी में खेला जाएगा। इस बार वर्ल्ड कप में कुल 10 टीमें होंगी, जिनके बीच 19 दिन में फाइनल समेत कुल 23 मैच खेले जाएंगे। सभी 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में प्रत्येक टीम को 4-4 मैच खेलने होंगे। हर एक ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइल के लिए क्वालिफाई करेंगी। फिर चारों टीमों के बीच प्लेऑफ की जंग होगी। विश्व कप की शुरुआत तीन अक्टूबर से इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के मैच के साथ होगी। फाइनल मैच 20 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। बता दें टीम इंडिया के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और क्वालीफायर 1 है। ऐसे में टीम इंडिया 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी।

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप

3ग्रुप ए-ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, क्वालीफायर 1
3ग्रुप बी- साउथ अफीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, क्वालीफायर 2
3 अक्टूबर- इंग्लैंड बनाम साउथ अफीका, ढाका
3 अक्टूबर- बांग्लादेश बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
4 अक्टूबर- ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
4 अक्टूबर- भारत बनाम न्यूजीलैंड, सिलहट
5 अक्टूबर- साउथ अफीका बनाम वेस्टइंडीज, ढाका
5 अक्टूबर- बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड, ढाका
6 अक्टूबर- न्यूजीलैंड बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
6 अक्टूबर- भारत बनाम पाकिस्तान, सिलहट
7 अक्टूबर- वेस्टइंडीज बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
8 अक्टूबर- ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान, सिलहट
9 अक्टूबर- बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज, ढाका
9 अक्टूबर- भारत बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
10 अक्टूबर- साउथ अफ्रीका बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
11 अक्टूबर- ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, सिलहट
11 अक्टूबर- पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर 1, सिलहट
12 अक्टूबर- इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, ढाका
12 अक्टूबर- बांग्लादेश बनाम साउथ अफ्रीका, ढाका
13 अक्टूबर- पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, सिलहट
13 अक्टूबर- भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, सिलहट
14 अक्टूबर- इंग्लैंड बनाम क्वालीफायर 2, ढाका
17 अक्टूबर- पहला सेमीफाइनल, सिलहट
18 अक्टूबर- दूसरा सेमीफाइनल, ढाका
20 अक्टूबर- फाइनल, ढाका

क्रिकेट का जुनून बना मौत का कारण प्राइवेट पार्ट में गेंद लगने से गई जान

नई दिल्ली। पुणे के लोहेगांव से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां क्रिकेट खेलने के दौरान 11 साल के शौर्य की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शौर्य अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। वह गेंदबाजी कर रहा था। तभी कुछ ऐसा हो गया कि शौर्य को अपनी जान गंवानी पड़ी। दरअसल, शौर्य अपने भाइयों और दोस्तों के साथ जगतगुरू स्पोर्ट्स एकेडमी में खेल रहा था। शौर्य गेंदबाजी कर रहा था। उसकी कुछ गेंदों पर सामने खड़े बल्लेबाज ने शॉट्स मारे। ऐसा ही एक शॉट सीधा शौर्य के पास आया। गेंद सीधा शौर्य के प्राइवेट पार्ट्स में लग गई। जिस कारण उसे इतना दर्द हुआ कि वह उस दर्द को नहीं सहार सका और जमीन पर गिरा गया। उसके दोस्त उसके पास आए। उनको भी अंदाजा नहीं था कि शौर्य को क्या हुआ है। पहले तो वह इसे मामूली चोट समझ रहे थे, लेकिन फिर जब शौर्य की आंख नहीं खुली तो सभी घबरा गए। भाग के उसके परिवार वालों को सूचित किया गया। परिवार वाले शौर्य को अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। डॉक्टरों ने शौर्य को मृत घोषित कर दिया।

टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान से धमकी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2 जून से टी20 वर्ल्ड कप 2024 शुरू हो रहा है, जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत-पाकिस्तान के बीच सबसे बड़ा मुकाबला खेला जाएगा।

लेकिन इसस पहले ही आतंकवादी हमले की धमकी ने सनसनी फैला दी है। कैरेबियाई मीडिया के हवाले से बताया गया है कि आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट की ओर से दुनियाभर के बड़े आयोजनों को निशाना बनाने की धमकी दी गई है, जिसमें टी20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। ये धमकी आईएस की अफगानिस्तान-पाकिस्तान ब्रांच यानी आईएस-खोरासान की ओर से दी गई है। इसके बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट के लिए पुख्ता और कड़ी सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। करीब एक महीने तक चलने वाले वर्ल्ड कप में इस बार भारत समेत कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ये अब तक का सबसे बड़ा टी20 वर्ल्ड कप होने जा रहा है। साथ ही अमेरिका में भी पहली बार टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है तो दुनियाभर की नजरें इस पर रहेंगी। ऐसे में टूर्नामेंट में सुरक्षा की चुनौती भी रहेगी और अब इस धमकी ने टूर्नामेंट की सुरक्षा को लेकर आयोजकों की चिंता को बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी पाकिस्तान में मौजूद आईएस-खोरासान की ओर से वर्ल्ड कप के दौरान कैरेबियाई देशों को निशाना बनाने की धमकी मिली है। इस बारे में एक सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि आईएस समर्थक प्रोपेगेंडा मीडिया ग्रुप नशीर-ए-पाकिस्तान की ओर से खेल आयोजनों में हिंसा फैलाने के लिए भड़काऊ वीडियो जारी किये हैं और अपने समर्थकों को कई देशों पर हमला बोलने के लिए उकसाया जा रहा है। इस बारे में क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव्स के हवाले से बताया गया है कि बोर्ड सभी होस्ट देशों और शहरों के अधिकारियों और एजेंसियों के साथ मिलकर हालात पर नजर रख रहे हैं और किसी भी खतरे की पहचान कर उसे दूर करने की पुख्ता योजना बना रहे हैं।

फिल्म टिप्सी को लेकर बेहद उत्साहित हैं अलंकृता सहाय

अलंकृता सहाय वास्तव में बड़े समय पर और वास्तविक रूप से हावी रही हैं। साल 2023 उनके लिए हर तरह से अभूतपूर्व रहा है। चाहे वह अविश्वसनीय और चार्टबस्टर संगीत वीडियो हो या कुछ शीर्ष पुरस्कार और एक के बाद एक मिलने वाली प्रशंसा, हमने वास्तव में यह सब उसके अंत में घटित होते देखा है। वह तरोताजा हैं और 2024 में सूट्स यू, मोटे पेग 2 और अब जैसी अपनी हालिया परियोजनाओं की सफलता पर सवार हैं।

इस आकर्षक दिवा के लिए यह फिल्म देखने का समय है। अभिनेत्री टिप्सी नाम की एक बड़ी फिल्म में नजर आने के लिए तैयार है, जिसे दीपक तिजोरी द्वारा निर्देशित और राजू चड्ढा वेव्स और पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अलंकृता ने इसमें काम किया है। इस पर बेहद सख्त होने से उसका उत्साह आसमान छू रहा है। यह पूछे जाने पर कि इस फिल्म में उनके प्रशंसकों को उनसे क्या उम्मीद करनी चाहिए, अभिनेत्री ने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें मैंने वास्तव में अपना सब कुछ दिया है क्योंकि मैंने इस फिल्म की शूटिंग अपने पिता के निधन के तुरंत बाद की थी। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो पिछली सफलता का जश्न मनाने के मामले में स्थिर रहना पसंद करते हैं। जो बीत गया वह बीत गया और यह है। भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना हमेशा बेहतर होता है। हां, 2023 अच्छे गानों और एक शानदार ओटीटी प्रोजेक्ट के मामले में मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है। टिप्पसी में ट्रिपल पी वह है, वह होने वाली दुल्हन है और मेरी भूमिका इससे बहुत अलग है। मेरे दर्शकों ने मुझे पहले भी ऐसा करते हुए देखा है। मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी कार्यशालाएं सही तरीके से की हैं कि मैं वही कर पा रही हूं जो निर्माता और निर्देशक मुझसे उम्मीद करते हैं। ट्रेलर शानदार रहा है और मैं ट्रेलर के बाद मिली तारीफों से रोमांचित हूं।

जीना सिखा दे गाना पर अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।इस फिल्म में राजकुमा की जोड़ी अलाया एफ के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।यह फिल्म आगामी 10 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अब इससे पहले निर्माताओं ने श्रीकांत का गाना जीना सिखा दे जारी कर दिया है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है।इस गाने के बोल कुणाल वर्मा ने लिखे हैं।श्रीकांत का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है।

वहीं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी ने मिलकर किया है।इस फिल्म में राजकुमार और अलाया के अलावा शरद केलकर और ज्योतिका भी अहम किरदार निभाते दिखेंगे।श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने दृष्टिबाधित होते हुए भी बिजनेस में सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ और अपनी दृष्टिहीनता को कभी अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया।श्रीकांत बोल्ला एक भारतीय उद्यमी हैं जिन्होंने बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की. वह जन्म से ही दृष्टिबाधित थे और भारत लौटने के बाद, श्रीकांत ने विकलांग लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया. श्रीकांत सितंबर 2023 में सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब यह 10 मई 2024 को रिलीज होगी. राजकुमार ने श्रीकांत बोला से पहली बार मिलने के अपने अनुभव के बारे में बात की. उन्होंने कहा, वह मजाकिया, आत्मविश्वासी, आगे बढ़ने वाला है और बात करना पसंद करता है... मैं पूरी तरह से चौंक गया क्योंकि वह जीवन में हर चीज के बारे में इतना आश्वस्त है. कभी-कभी मैं उनसे पूछता था कि क्या आपको यकीन है कि वह अंधा है क्योंकि वह ऐसा लगता है जैसे वह हमसे कहीं अधिक सामान्य है।

छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 20 ट्रेनें कैंसिल, कई गाड़ियां 23-23 घंटे देर से चल रहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 20 ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है। नागपुर रेलवे जोन में आने वाले इतवारी स्टेशन में आज (8 मई) से पहले चरण का LHS पुशिंग का काम शुरू हुआ है। ऐसे में रायपुर से गुजरने वाली 20 ट्रेनों को कैंसिल किया गया है।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से पांच घंटे की देरी से रवाना होगी। ट्रेनों के रद्द होने और लेट होने की एक बड़ी वजह यह भी है कि रायपुर से गुजरने वाली कई ट्रेनें 23-23 घंटे देर चल रही हैं।

इतनी गाड़ियां बुधवार से रहेंगी रद्द

डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल, रामटेक-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल, बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल, तिरोडी-तुमसर रोड पैसेंजर स्पेशल, तुमसर रोड-तिरोडी पैसेंजर स्पेशल और तिरोड़ी-इतवारी पैसेंजर स्पेशल, इतवारी- टाटानगर एक्सप्रेस और नागपुर- शहडोल एक्सप्रेस 8 से 10 मई तक रद्द रहेगी।

दो चरणों में होगा पुशिंग का काम

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नागपुर रेल मंडल के तहत इतवारी स्टेशन में एलएचएस पुशिंग का काम होगा। यह काम 2 चरणों में होगा। पहले 8 से 10 मई और फिर 19 से 30 मई तक काम होगा। जाहिर है कि इस काम के होने तक रेलवे की सुविधाएं प्रभावित रहेंगी।

रीवा-इतवारी ..इतने दिन नहीं चलेगी

इतवारी-रीवा एक्सप्रेस 8, 10, 11, 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 और 31 मई को नहीं चलेगी। वहीं, रीवा- इतवारी एक्सप्रेस 7, 09, 10, 12, 14, 16, 17, 19, 21, 23, 24, 26 28 और 30 मई को रद्द रहेगी।

ये ट्रेनें देरी से चल रहीं

पुणे से चलकर हावड़ा जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस को रायपुर स्टेशन पर दोपहर 2.40 बजे आना था, लेकिन वह 23.34 घंटे की देरी से दूसरे दिन दोपहर 2.14 बजे पहुंचेगी। अमृतसर से बिलासपुर आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सुबह 8.25 बजे आना था। लेकिन 17.47 घंटे की देरी से चलकर 2.12 बजे पहुंचेगी।

हावड़ा से चलकर पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस को सुबह 10.50 आना था, लेकिन 14.38 घंटे की देरी से सुबह 1.24 बजे पहुंचेगी। यशवंतपुर-बिलासपुर एक्सप्रेस को सुबह 6.27 बजे पहुंचना था, लेकिन 14.16 घंटे विलंब से चलकर रात 8.43 को पहुंचेगी।

सूरत से चलकर माल्दा जाने वाली माल्दा टाउन एक्सप्रेस को सुबह 6.50 बजे आना था, लेकिन 12.14 घंटे विलंब से चलकर शाम 7.40 बजे रायपुर पहुंची।

ठीक इसी तरह गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी - गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल, रामटेक-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल और शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस 9 से 11 मई, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 9 से 19 मई और भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 11 से 21 मई तक रद्द रहेगी।

न्यूज गैलरी

स्कूटी सवार किशोर बस के पहिए के नीचे आया, मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक नाबालिग की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नाबालिग बस को रॉग साइड से

ओवरटेक करने की कोशिश में गिर गया और बस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की शाम सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत करबला निवासी 13 वर्षीय रिजवान हसन स्कूटी से गांधी चौक की तरफ जा रहा था। वह तेज रफ्तार में सामने चल रही बस को रॉग साइड से ओवरटेक करने आगे बढ़ा और सामने सड़क किनारे चल रही एक महिला को अचानक देखकर उसने ब्रेक लगा दिया, जिससे उसका बैलेंस बिगड़ गया और नाबालिग सीधे बस के पिछले पहिये के नीचे आ गया। इस दुर्घटना में नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजी।

नहर किनारे झाड़ियों में मिली सड़ी-गली लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में नहर किनारे झाड़ियों के बीच एक अधेड़ की लाश मिली है। लाश पुरानी होने की वजह से कीड़े लग गए थे और बदबू फैल रही थी। आशंका है कि उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों के बीच फेंक दिया गया होगा। पूरा मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। मंगलवार को ग्राम भरारी स्थित जंगल में नहर किनारे एक लाश पड़ी थी। आसपास के लोगों को जब बदबू आई, तब इसका पता चला। लोगों ने शव को देखकर पुलिस को जानकारी दी। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मिली जानकारी के मुताबिक शव दो से तीन दिन पुराना है और उसमें कीड़े लगने लगे थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि मृतक आसपास के गांव का नहीं है। ऐसे में आशंका है कि उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए झाड़ियों के बीच फेंक दिया गया होगा। मृतक की उम्र करीब 50 साल बताई जा रही है। पुलिस आसपास के थानों से गुम इंसान की जानकारी जुटाकर पहचान करने की कोशिश में जुट गई है।

युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सामुदायिक भवन के पास कुकुरबेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक पांडे 27 वर्ष सामुदायिक भवन के पास कुकुरबेड़ा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी शंकर साहू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचता युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गोबरानवापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस को सूचना मिली कि सतनामीपारा में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रहलाद कोसले 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजे के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी पुलिस ने रेलवे स्टेशन प्लेटऊार्म नंबर 7 में गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 किलो 508 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 के पास दबिश देकर आरोपी वृंदावन लूरनाटा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास रखे ट्रॉली बैग से 17 किलो 508 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

10वीं-12वीं बोर्ड के नतीजे आज

दोपहर 12.30 बजे जारी होगा रिजल्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम 9 मई को दोपहर 12.30 बजे जारी होंगे। बोर्ड के मुताबिक 10वीं और 12वीं का रिजल्ट एक साथ आएगा। बोर्ड ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। 10वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्र और 12वीं में 2 लाख 54 हजार 906 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था।

नतीजे CGBSE की ऑफिशियल वेबसाइट cgbse.nic.in या results.cg.nic.in पर लिंक पर जारी होंगे। जहां स्टूडेंट्स रोल नंबर और डिटेल के साथ अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

आपको बता दें कि इस बार छात्रों के लिए बोर्ड ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। जिसमें छात्र अजीब सवाल पूछ रहे हैं। कोंडागांव के 12 वीं के एक छात्र ने पूछा- सर मेरा एग्जाम अच्छा नहीं गया है, बहुत टेंशन हो रही है.. ऐसा लग रहा रहा है कि घर छोड़कर भाग जाऊं। रिजल्ट से पहले बच्चों को तनाव से दूर रखने के लिए ये सुविधा शुरू की गई है।

दो दौर में हुआ कॉपियों का मूल्यांकन

कॉपियों का मूल्यांकन दो चरणों में शुरू हुआ था। पहले चरण में 23 मार्च और दूसरे चरण में 14 अप्रैल तक मूल्यांकन किया गया। कुल मिलाकर 36 केंद्र बनाए गए हैं। 32 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम चल रहा है। मूल्यांकन में करीब 18 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी ।

हेल्पलाइन नंबर पर छात्रों के अजीब सवाल

महासमुंद के एक 10वी के छात्र ने हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर पूछा कि उसका इंग्लिश का पेपर खराब गया था, अब कुछ हो सकता है क्या?

रायपुर की 12वीं गणित की छात्रा ने हेल्पलाइन नंबर पर पूछा- सर, ऐसा लग रहा है कि मैं दो विषय में फेल हो जाऊंगी, आप पास करवा सकते हैं क्या?

रिजल्ट की तारीखों को लेकर सबसे ज्यादा सवाल किए गए।

5 सालों में 10वीं का रिजल्ट 7% तक बढ़ा

छत्तीसगढ़ बोर्ड का 10वीं का रिजल्ट पिछले पांच सालों में करीब 7 फीसदी तक बढ़ा है। जबकि 12वीं में सफल होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 1.53 फीसदी तक बढ़ा है। साल 2020 और इसके बाद के वर्षों में दसवीं के नतीजे 70 प्रतिशत से ज्यादा रहे हैं। पिछली बार तो 75 फीसदी छात्र पास हुए थे। इस बार भी दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट बेहतर होने का अनुमान है।

जीभ काटकर भगवान शंकर को चढ़ाई

दुर्ग/नवप्रदेश। मन्नत पूरी करने के लिए 33 वर्षीय एक व्यक्ति ने भगवान शंकर को जीभ काटकर अर्पित कर दिया। मामला अंजोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत थनौद गांव का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेश्वर निषाद गांव के एक तालाब के पास गया और कुछ मंत्र पढ़ने के बाद चाकू से अपनी जीभ काट ली और उसे तालाब के किनारे एक पत्थर पर रख दिया। उन्होंने बताया कि जब ग्रामीणों ने उसे मंदिर में खून से लथपथ देखा तो उन्होंने एम्बुलेंस बुलाई और उसे यहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरु कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार निषाद की पत्नी गूंगी (बोलने में असमर्थ) है और उसने किसी इच्छा की पूर्ति के लिए भगवान शंकर को अपनी जीभ की बलि चढ़ा दी थी। हालांकि, अभी तक कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि निषाद द्वारा इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। प्रथम दृष्टया यह घटना अंधविश्वास का मामला प्रतीत हो रहा है।

पूर्व पालिका अध्यक्ष गोयल ने किया मतदान

नवापारा- राजिम/नवप्रदेश। पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने 7 बजकर 1 मिनट में वोट डालकर नवापारा शहर में वोट डालने वाले प्रथम नागरिक बने। उन्होंने खोलीपारा स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल बूथ क्र - 220 पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। श्री गोयल ने कहाकि उन्होंने यह वोट विकसित भारत बनाने के लिए डाला है।

महिला मतदान कर्मी की सड़क हादसे में मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। कुम्हारी फ्लाई ओवर में मंगलवार को सड़क हादसे में एक महिला मतदान कर्मी की मौत हो गई। महिला कर्मी अपनी इलेक्शन ड्यूटी खत्म कर रायपुर लौट रही थी। इसी दौरान वह कुम्हारी ब्रिज में सड़क हादसे का शिकार हो गई और उसकी मौत हो गई।

कुम्हारी पुलिस के मुताबिक, महिला मतदान कर्मी की शिनाख्त मधु बंजारे के रूप में हुई है। 8 मई की सुबह 4 बजे वह दुर्ग से स्कूटी के जरिए रायपुर अपने घर के लिए निकली थी। लेकिन जैसे ही कुम्हारी फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर चढ़ी, अज्ञात वाहन ने स्कूटी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया और फरार हो गया।

अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी पुलिस

इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उनकी पतासाजी में जुटी है।

चुनाव ड्यूटी कर घर लौट रही थी महिलाकर्मी

मधु बंजारे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला (अहिवारा) में व्याख्याता ई (एलबी) के पद पर कार्यरत थी। महिलाकर्मी की चुनाव ड्यूटी वैशाली नगर विधानसभा में लगी थी। 7 मई की शाम मतदान कार्य पूरा कराने के बाद मधु ने अपने सह कर्मियों के साथ ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कराया। जिसके बाद वह रायपुर के लिए निकली, लेकिन वह कुम्हारी में हादसे का शिकार हो गई। इस घटना में महिला कर्मी बुरी तरह घायल हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अवैध शराब का परिवहन, युवक गिरफ्तार

- थाना गांधीनगर पुलिस ने की कार्रवाही

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत अवैध नशे के व्यवसाय पर लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में थाना गांधीनगर पुलिस टीम को मंगलवार 7 मई को पेट्रोलिंग के दरम्यान मुखबीर सूचना मिला कि नमनाकला शनि मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति टीवीएस जुपिटर सीजी 15 डीएल 0989 से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर संदेही की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम आशीष मिंज (24) निवासी लक्ष्मीपुर बंजारी थाना मणीपुर अम्बिकापुर का होना बताया, आरोपी के कब्जे में रखे 2 नग कार्टून की तलाशी लेने पर कुल 20 लीटर महुआ शराब कुल कीमती 2000/- रुपए जप्त किया गया। घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन टीवीएस जुपिटर जप्त किया गया हैं। आरोपी के विरुद्ध थाना गांधीनगर के अपराध क्रमांक 256/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की, आरक्षक घनश्याम देवांगन, अनिल सिंह, अरविन्द उपाध्याय शामिल थे।

तूफानी हवाओं से 15 डिग्री तक गिरा पारा, कई जगहों पर बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आस-पास छाए दो चक्रवाती तूफानों के असर से राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मंगलवार को गर्मी से राहत रही। दिनभर नम हवाएं चलती रहीं, इसके असर से जगदलपुर में 24 घंटों में तापमान 15 डिग्री तक गिर गया। सोमवार को यहां तापमान 40 डिग्री के पार चला गया था। मंगलवार को तापमान 25.6 डिग्री रिकार्ड किया गया।

इसी तरह बिलासपुर 5 और अंबिकापुर में 6 डिग्री तक तापमान गिर गया। रायपुर में भी सोमवार की तुलना में 4 डिग्री तक तापमान कम रिकार्ड किया गया। शाम को 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा अंधड़ चलने के साथ राजधानी सहित प्रदेश के कई इलाकों में कुछ देर लेकिन अच्छी बारिश हुई। बुधवार को फिर कई इलाकों में अंधड़ के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी ओडिशा से छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश होते हुए दक्षिण राजस्थान तक एक सिस्टम बना है। एक सिस्टम विदर्भ से तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक होते हुए तामिलनाडु तक है। इसी के असर से कल राज्य के कुछ इलाकों में बिजली, अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। अगले दो दिनों तक इसका असर रहेगा। यानी 48 घंटों के भीतर कहीं कहीं बारिश होगी। शुक्रवार से मौसम शुष्क होने के आसार है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार की शाम राजधानी में शाम करीब 6 बजे से अंधड़ आंधी चली। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 किमी प्रतिघंटे थी। इस दौरान अच्छी बारिश भी हुई। प्रदेश के अन्य इलाकों में भी कुछ देर लेकिन तेज बारिश रिकार्ड की गई है।

18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

छत्तीसगढ में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है. प्रदेश के कई जिलों में घने बादल छाए रहे, वहीं कई इलाकों में आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हो रही है. इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है.

मौसम विभाग के मुताबिक, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, गौरेला पेंड्रा मरवाही, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कोरबा, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सक्ती, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरगुजा में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ आंधी और बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे तक मौसम ऐसे ही रहेगा. मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि सिनोप्टिक सिस्टम एक चक्रवर्ती परिसंचरण दक्षिणी झारखंड और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है. जबकि एक ट्रफ रेखा दक्षिण झारखंड से पश्चिम मध्य प्रदेश तक चक्रवर्ती परिसंचरण के ऊपर से समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर बनी हुई है. समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगाना-रायलसीमा-दक्षिण आंतरिक कर्नाटक से दक्षिण तमिलनाडु तक एक ट्रफका विच्छेदन बना हुआ है. इसकी वजह से छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है.